लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

दैनिक
# अमन लेखनी



गुम होती बचपन की मासूमियत ......



ग्रुप टूर के दौरान याद रखें कुछ....

वर्ष : 11 | अंक : 70 | लखनऊ, 26 फरवरी, बुधवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# सपा सरकार में केवल उनकी पार्टी से जुड़े लोगों को सहायता मिलती थी : सीएम योगी

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / अमन लेखनी समाचार



लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधान परिषद में समाजवादी पार्टी (सपा) की पूर्ववर्ती सरकार और अपने नेतृत्व वाली सरकार की तुलना करते हुए आरोप लगाया कि सपा सरकार में केवल समाजवादी पार्टी से जुड़े लोगों को पैसे (सरकारी सहायता) मिलते थे, लेकिन वर्तमान सरकार संवेदनशील तरीके से उत्तर प्रदेश के हर व्यक्ति के लिए काम कर रही है। विधानमंडल के बजट सत्र के छठे दिन विधान परिषद में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष के सवालों का जवाब देते हुए कहा आज किसी भी गरीब के लिए अपना उपचार कराना कठिन नहीं रहा।

प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत अकेले उप्र में 10 करोड़ लोगों को प्रति वर्ष पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा का कवर मिलता है। उन्होंने कहा कि सरकारी कर्मचारियों के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय कैशलेस स्वास्थ्य स्कीम के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि विधान परिषद सदस्य को प्रतिवर्ष अपनी निधि से पीड़ित व्यक्ति को एक निश्चित धनराशि देने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पिछले पौने आठ वर्ष के अंदर जो धनराशि दी गयी है, वह बिना भेदभाव के दी गई है।

उन्होंने कहा अगर जिलाधिकारी तीन दिनों के भीतर रिपोर्ट देता है तो उसी आधार पर धनराशि तत्काल प्रेषित कर दी जाती है। योगी ने आरोप लगाया समाजवादी पार्टी की सरकार के समय बराबर यह चर्चा होती थी कि केवल समाजवादी पार्टी से जुड़े लोगों को पैसा मिलता था शेष को नहीं। सदन में विपक्षी सदस्यों की ओर लक्ष्य करके उन्होंने कहा आपके समय क्या होता था हर कार्य को समाजवादी नाम दे दिया जाता था। बस सेवा भी..., पैसा सरकारी लेकिन उसका नाम समाजवादी बस सेवा। पैसा सरकार का लेकिन समाजवादी पेंशन स्कीम। ऐसे ही सरकारी पैसा समाजवादी हो गया था।

आदित्यनाथ ने कहा वर्तमान सरकार संवेदनशील तरीके से उत्तर प्रदेश के हर व्यक्ति के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा हमारी सरकार पैसे की और आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त धनराशि उपलब्ध कराती है। उन्होंने कहा कि आजादी से लेकर 2017 तक उप्र में केवल 17 मेडिकल कालेज थे लेकिन आज हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज है। मेडिकल कालेज भी बने हैं, बहुत सी जगह अच्छे चिकित्सा शिक्षक भी तैनात किये गये हैं। आदित्यनाथ ने संजय गांधी अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ (एसजीपीजीआई) में किये गये कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने एसजीपीजीआई में आठ नये विभागों का गठन किया है।

### समाजवादी कब से आंबेडकर का सम्मान करने लगे : योगी आदित्यनाथ

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर कटाक्ष करते हुए पूछा, समाजवादियों ने आंबेडकर का सम्मान कब से करना शुरू कर दिया ? उन्होंने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी (सपा) ने अपने कार्यकाल में कन्नौज मेडिकल कॉलेज का नाम बदल दिया और आंबेडकर स्मारकों को तोड़कर विवाह भवन बनाने की योजना बनायी। राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान राज्य विधानसभा में अपने भाषण में मुख्यमंत्री ने अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली पार्टी पर निशाना साधते हुए उस पर भीमराव आंबेडकर, कांशीराम और अन्य दलित नेताओं के योगदान की उपेक्षा करने का आरोप लगाया।

# राजनीतिक स्थिरता, सुशासन और सुधारों ने भारत के प्रति दुनिया की उम्मीदें बढ़ाईं : पीएम मोदी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भाजपा शासन के दौरान असम की अर्थव्यवस्था का मूल्य दोगुना होकर छह लाख करोड़ रुपये हो गया, यह डबल इंजन सरकार का असर है। वह असम व्यापार शिखर सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वैश्विक अनिश्चितता के बीच भारत की आर्थिक वृद्धि निश्चित बनी है। मध्यम वर्ग की आकांक्षाओं ने देश के विकास की उम्मीद जगाई है। मोदी ने दावा किया कि असम स्टार्ट-अप इकाइयों का गंतव्य बन रहा है, जल्द ही पूर्वोत्तर के लिए विनिर्माण केंद्र बन जाएगा। उन्होंने दावा किया कि राजनीतिक स्थिरता, सुशासन और सुधारों ने भारत के प्रति दुनिया की उम्मीदें बढ़ाईं।

मोदी ने कहा कि आज भारत अपनी स्थानीय आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत कर रहा है। आज भारत, दुनिया के अलग-अलग क्षेत्रों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों कर रहा है। ईस्ट एशिया के साथ हमारी कनेक्टिविटी लगातार सशक्त हो रही है और नया बन रहा भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा भी अनेक नई संभावनाएं लेकर आ रहा है। उन्होंने कहा कि आज जब भारत विकास की ओर बढ़ रहा है तो एक बार फिर पूर्वी भारत सबसे आगे है। हमारा नॉर्थ ईस्ट अपना सामर्थ्य दिखाने जा रहा है। मैं एडवांटेज असम को इसी भावना के प्रतिनिधित्व के रूप में देखता हूं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं असम सरकार और हिमंता जी की पूरी टीम को इस भव्य आयोजन के लिए बधाई देता हूं। मुझे याद है कि 2013 में मैं चुनाव प्रचार के लिए असम के दौरे पर था। एक मीटिंग में मेरे मन में एक वाक्य आया और मैंने वर्णमाला पढ़ते-पढ़ते कहा कि अब दिन दूर नहीं, कहो ए फॉर असम। उन्होंने कहा कि सरकार देश के आधारभूत संरचना पर भी बहुत बड़ा इन्वेस्टमेंट कर रही है। संस्थागत सुधार, उद्योग, बुनियादी ढाँचा और नवाचार भारत की प्रगति का आधार है। इसलिए इंवेस्टर भी देश के क्षमता को उनकी और देश की प्रगति की संभावना को बदलता हुआ देख रहे हैं। इस प्रगति में असम भी डबल इंजन की स्पीड से आगे बढ़ रहा है।

मोदी ने दावा किया कि भारत ने अपने विनिर्माण क्षेत्र को आगे बढ़ाने के लिए मिशन मोड पर काम शुरू किया है। हम मेक इन इंडिया के तहत कम लागत विनिर्माण को बढ़ावा दे रहे हैं। असम की क्षमताओं का एक उदाहरण असम चाय है। इस ब्रांड ने 200 साल पूरे कर लिए हैं। यह विरासत असम को अन्य क्षेत्रों में भी उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित करती है।

| मौसम | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | 26.c |
| न्यूनतम तापमान | 11.c |

| बाजार | |
|---|---|
| सोना | 7,177/ g |
| चांदी | 96/ g |
| सेंसेक्स | 78,271.28 |
| निफटी | 23,696.30 |

# एसयूवी के ट्रक से टकराने से महाकुंभ से लौट रहे तीन श्रद्धालुओं की मौत, सात घायल

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

रीवा । मध्य प्रदेश के रीवा जिले में प्रयागराज में महाकुंभ से लौटते समय एक वाहन के सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा जाने के कारण तीन लोगों की मौत हो गयी जबकि सात अन्य घायल हो गए। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज की सीमा रीवा जिले से लगती है। जिले के मनगवा पुलिस थाने की अधिकारी वर्षा सोनकर ने ह्यपीटीआई-भाषाह्व को बताया, ह्यह्ययह घटना रीवा जिला मुख्यालय से 40 किलोमीटर दूर राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर सोमवार रात करीब 10.30 बजे हुयी, जब वाहन चालक को झपकी आ गयी। पुलिस ने बताया कि कार ने सड़क के किनारे खड़े एक ट्रक को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सोनकर ने बताया कि महाकुंभ में जाने के लिए एसयूवी किराए पर ली गई थी और श्रद्धालु मध्यप्रदेश के सीहोर जिले में अपने घर लौट रहे थे, तभी यह दुर्घटना हुई। उन्होंने बताया कि 40 से 50 वर्ष की आयु के तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। उनकी पहचान अभी नहीं हो पाई है। अधिकारी ने बताया कि टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

# भारत को मैन्युफैक्क्रिंग हब बनाना सरकार का लक्ष्य : अमित शाह

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार का लक्ष्य भारत को विनिर्माण केंद्र बनाना है। भोपाल में दो दिवसीय वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन 2025 के समापन समारोह में बोलते हुए, शाह ने कहा कि कई व्यवसाय अब मध्य प्रदेश में निवेश कर रहे हैं और आने वाले दिनों में यह और बढ़ेगा। शाह ने इस बात पर भी जोर दिया कि शिखर सम्मेलन के दौरान 30,77,000 करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

अमित शाह ने कहा कि इस दो दिवसीय कार्यक्रम में दो सौ से अधिक भारतीय कंपनियां, दो सौ से अधिक वैश्विक सीईओ, बीस से अधिक यूनिकॉर्न संस्थापक और पचास से अधिक देशों के प्रतिनिधि मध्य प्रदेश में निवेश के लिए यहां का माहौल देखने आए और यह मध्य प्रदेश के लिए एक बड़ी उपलब्धि थी। इस बार मध्य प्रदेश ने भी एक नया प्रयोग किया। ये प्रयोग आने वाले दिनों में कई राज्यों को दिशा भी दिखाएगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत को 2027 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को हासिल करने में मध्य प्रदेश बड़ी भूमिका निभाएगा।

मध्य प्रदेश को अपने दो दिवसीय निवेशक शिखर सम्मेलन के अंत में रिकॉर्ड 30.77 लाख करोड़ रुपये की निवेश प्रतिबद्धताएं प्राप्त हुई हैं, मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मंगलवार को निवेश मध्य प्रदेश शिखर सम्मेलन के 8 वें संस्करण में कहा, जिसका उद्देश्य राज्य में निवेश आकर्षित करना और इसके औद्योगिक विकास को बढ़ावा देना है। इस शिखर सम्मेलन ने व्यापार और निवेश के लिए राज्य की क्षमता को प्रदर्शित करने, इसके रणनीतिक फायदे, आर्थिक अवसरों और औद्योगिक क्षमताओं को उजागर करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया।

उन्होंने यहां कार्यक्रम के समापन सत्र में कहा, "अब तक हमने 30.77 लाख करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं।" शिखर सम्मेलन का प्राथमिक उद्देश्य विनिर्माण, बुनियादी ढांचे, कृषि, नवीकरणीय ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और सेवाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के लिए मध्य प्रदेश को शीर्ष गंतव्य के रूप में बढ़ावा देना है। सोमवार को, एमपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट बड़ी घोषणाओं के साथ शुरू हुआ - जिसमें राज्य वैश्विक निवेशकों और बड़े व्यापारिक घरानों को एमपी की असीमित क्षमता में निवेश करने के लिए लुभाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### योगी को महाकुंभ के दौरान मारे गए लोगों के परिवारों को मुआवजा देना चाहिए : ममता बनर्जी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

कोलकाता । पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने महाकुंभ के दौरान भगदड़ में कई लोगों की मौत होने का आरोप लगाते हुए मांग की कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार पीड़ितों के परिवारों के लिए घोषित मुआवजा तत्काल जारी करे। बनर्जी ने इस दावे पर भी सवाल उठाया कि इस वर्ष महाकुंभ मेला 144 वर्षों के अंतराल के बाद हो रहा है तथा उन्होंने विशेषज्ञों से इस दावे की सत्यता की जांच करने का आग्रह किया। बनर्जी ने यहां राज्य सचिवालय में संवाददाताओं से कहा, मैं उत्तर प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग करती हूं कि चूंकि उन्होंने कुंभ मेले में मारे गए लोगों के परिवारों के लिए अनुग्रह राशि की घोषणा की है, इसलिए उन्हें तत्काल यह राशि जारी करनी चाहिए। उत्तर प्रदेश सरकार ने कुंभ मेले के दौरान भगदड़ में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों को 25-25 लाख रुपये मुआवजा देने की घोषणा की थी।

### ओडिशा के पुरी के निकट बंगाल की खाड़ी में 5.1 तीव्रता का भूकंप आया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार


कोलकाता/भुवनेश्वर। ओडिशा के पुरी के पास मंगलवार की सुबह भूकंप का तेज झटका महसूस किया गया, जिसकी तीव्रता 5.1 मापी गयी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप सुबह छह बजकर 10 मिनट पर बंगाल की खाड़ी में 91 किलोमीटर की गहराई पर आया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के एक अधिकारी ने कहा कि भूकंप का झटका 19.52 उत्तरी अक्षांश और 88.55 पूर्वी देशांतर पर दर्ज किया गया।

# अतिक्रमण के कारण रुका दिल्ली का विकास, दो साल में बदलेगा रूप :मनोहर लाल

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

भोपाल । केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि दिल्ली में बड़े पैमाने पर अवैध अतिक्रमण के कारण विकास अवरुद्ध हो गया है और अगले दो वर्षों में राजधानी का कायाकल्प करने का वादा किया। मध्यप्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 को संबोधित करते हुए आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने गुरुग्राम को सबसे विकसित शहर बताया। उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री के रूप में अपने एक दशक लंबे कार्यकाल के दौरान हुए महत्वपूर्ण विकास पर प्रकाश डाला तथा इसकी तुलना दिल्ली से की, जहां उन्होंने कहा कि बहुत कम बदलाव हुआ है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में सीमित भूमि और बड़े पैमाने पर अवैध अतिक्रमण शहरी विस्तार में बाधा डालते हैं, तथा नीतिगत व राजनीतिक चुनौतियों के कारण स्थिति और जटिल हो जाती है। मंत्री ने कहा, पिछले 10-12 वर्षों में हमने गुरुग्राम को बदल दिया है, जबकि दिल्ली स्थिर बनी हुई है। अनधिकृत कॉलोनियां बढ़ गई हैं और अवैध अतिक्रमण बड़े पैमाने पर फैल गए हैं। सौभाग्य से, राजनीतिक परिदृश्य में सुधार हुआ है। आज, इसी मंच से, मैं घोषणा करता हूं कि अगले दो वर्षों के भीतर, हम सभी आवश्यक नीतियों में सुधार करेंगे और दिल्ली की शहरी विकास आवश्यकताओं को हर लिहाज से पूरा करेंगे।



हरियाणा के मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल पर विचार करते हुए उन्होंने कहा कि शहरी विकास ने महत्वपूर्ण चुनौतियां पेश कीं। मनोहर लाल ने कहा कि उन्होंने हमेशा सरकार और जनता के सुझावों और सिफारिशों का सम्मान किया है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने नयी नीतियां पेश कीं और मौजूदा नीतियों में करीब 30 संशोधन किए। अब जब वे केंद्र में कार्यभार संभाल रहे हैं, तो उन्होंने आश्वासन दिया कि सभी सुझावों को स्वीकार किया जाएगा और उन्हें लागू किया जाएगा। मंत्री ने कहा, अब जबकि मुझे केंद्रीय स्तर पर शहरी विकास का दायित्व सौंपा गया है, मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि नयी नीतियों के संबंध में किसी भी सुझाव या चिंता का समाधान आवश्यक सुधारों के साथ किया जाएगा। आप जनता की मांगों से अवगत हैं, और आप जो भी प्रस्ताव देंगे, हम उसे पूरा करने का प्रयास करेंगे।

इसके अलावा उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में काफी संभावनाएं हैं और उन्होंने केंद्र सरकार की नीतियों को तेजी से अपनाने के लिए राज्य की प्रशंसा की। मंत्री ने राज्य से आवश्यकता आधारित अनुमोदन के लिए केंद्र से एकल खिड़की मंजूरी का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा, मध्यप्रदेश में अपार संभावनाएं हैं और इसकी बढ़ती आबादी के साथ, हमें टिकाऊ जीवनयोग्य वातावरण विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। आवास के साथ-साथ शहरी गतिशीलता भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है- बेहतर गतिशीलता आवासीय सुविधाओं तक आसान पहुंच सुनिश्चित करती है और शहरों को अधिक वांछनीय बनाती है। भोपाल और इंदौर में मेट्रो तंत्र का विस्तार आवश्यक है, और हम गतिशीलता की मांग को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# सांस्कृतिक संचार का सबसे बड़ा उत्सव है कुंभः प्रो.संजय द्विवेदी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

भोपाल। भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) के पूर्व महानिदेशक प्रो.संजय द्विवेदी का कहना है कि कुंभ सांस्कृतिक संचार, राष्ट्र की एकता और समाज के सनातनबोध का सबसे बड़ा उत्सव है। यह भारतबोध कराने का अनुष्ठान है। वे बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी में 'महाकुंभ में विज्ञान, अध्यात्म और परंपरा' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. गिरीश चंद्र त्रिपाठी, बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मुकेश पाण्डेय, प्रो. आर.के. सैनी, डा. गौरी खानविलकर, प्रो. मुन्ना तिवारी और डा. प्रकाश चंद्रा ने भी संबोधित किया। प्रो. द्विवेदी ने कहा कि अंतिम व्यक्ति तक कुंभ का संदेश सदियों से बिना विकृत हुए यथारूप पहुंचता था। आज संचार साधनों की बहुलता में संदेश का उसी रूप में पहुंचना कठिन होता है। या तो संदेश की पहुंच में समस्या होती है, या उसके अर्थ बदल जाते हैं और उनकी पवित्रता नष्ट हो जाती है।

# हर-हर महादेव, हर-हर गंगे... कड़ी सुरक्षा के बीच नूपुर शर्मा ने महाकुंभ में लगाई आस्था की डुबकी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, भाजपा की पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा, जिनकी 2022 में पैगंबर मुहम्मद के खिलाफ टिप्पणी ने भारतीय मुसलमानों को नाराज कर दिया और इस्लामी देशों को नाराज कर दिया, को कड़ी सुरक्षा के बीच त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाते हुए प्रयागराज के महाकुंभ मेले में देखा गया। 2022 में मई के अंत में एक टीवी बहस में की गई शर्मा की टिप्पणी पर बड़े पैमाने पर नाराजगी हुई थी। मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया था। उनकी विवादास्पद टिप्पणियों पर संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, कतर और ईरान सहित कई इस्लामी देशों के विरोध के बाद, भाजपा ने नूपुर शर्मा को पार्टी से निलंबित कर दिया।

एक बयान में, भाजपा ने कहा था कि वह किसी भी विचारधारा के खिलाफ है जो किसी भी संप्रदाय या धर्म का अपमान या अपमान करती है और कहा कि वह ₹ऐसे लोगों या दर्शन को बढ़ावा नहीं देती₹। इस बीच, बुधवार को महाशिवरात्रि उत्सव से पहले, चल रहे महाकुंभ में भाग लेने के लिए श्रद्धालु बड़ी संख्या में प्रयागराज के त्रिवेणी संगम पर पहुंच रहे हैं। ऐतिहासिक भीड़ का गवाह बना यह मेला 26 फरवरी तक चलेगा। त्रिवेणी संगम के ड्रोन दृश्यों में श्रद्धालुओं को पवित्र डुबकी लगाते हुए दिखाया गया, जो इस आयोजन के आध्यात्मिक महत्व को दशार्ता है। अब तक 62 करोड़ से अधिक श्रद्धालु इसमें शामिल हो चुके हैं, अकेले सोमवार को 1.30 करोड़ से अधिक ने डुबकी लगाई। महाकुंभ के आखिरी दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए बड़े पैमाने पर स्वच्छता और स्वच्छता के प्रयास लागू किए गए हैं। इसने कई स्थानों पर स्वच्छता अभियान में भाग लेने वाले 15,000 स्वच्छता कर्मचारियों के साथ एक नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। हालाँकि, इस रिकॉर्ड प्रयास के अंतिम परिणाम 27 फरवरी को घोषित होने की उम्मीद है।

# नकारात्मकता चरम पर हो तो गरिमा का ख़्याल न करते हुए मानसिकता शब्दों में प्रकट होती है : अखिलेश

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नाम लिए बिना उन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अशोभनीय कथन बताते हैं कि नकारात्मकता चरम पर हो तो देश, काल, स्थान की गरिमा का ख़्याल न करते हुए मानसिकता शब्दों के रूप में प्रकट होती है। सपा प्रमुख यादव ने सोमवार की रात अपने आधिकारिक एक ?स खाते पर एक पोस्ट में कहा ...लेकिन महाकुंभ में जिन्होंने अपनों को तलाशा, उन्हें हमेशा के लिए खो गए अपने परिजन का नाम न तो मृतकों की सूची में मिला और न ही खोया-पाया के रजिस्टर में। इसी पोस्ट में उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने महाकुंभ में राजनीतिक अवसरवाद को तलाशा और उनको आत्म प्रचार का माध्यम मिला, लेकिन उन्होंने अपनी नैतिकता, सत्यनिष्ठा और मानवीय संवेदनाओं को खो दिया और वाणी पर संतुलन को भी। यादव ने आगे कहा अशोभनीय कथन बताते हैं कि नकारात्मकता चरम पर हो तो देश, काल, स्थान की गरिमा का ख़्याल न करते हुए मानसिकता शब्दों के रूप में प्रकट होती है। सपा प्रमुख ने कहा कि महाकुंभ जैसे पावन पर्व के संबंध में बोलते समय शब्दों का चयन, इस अवसर के मान और प्रतिष्ठा के अनुकूल होना चाहिए।

उन्होंने तंज कसते हुए कहा महाकुंभ में कई बार जाकर भी जिनका वैचारिक उद्धार नहीं हुआ, उनके पाप और पतन की सीमा भला कौन नाप सकता है। ऐसे कथनों से जिन सुधीजनों को ठेस पहुँची है, उनसे निवेदन है कि ऐसे लोगों के प्रति सहानुभूति की भावना रखें न कि आक्रोश की। ह्नसन्मति दे भगवान ! सोमवार को उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा के बजट सत्र में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए समाजवादी पार्टी (सपा) और अन्य विपक्षी दलों पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था, कुंभ में जिसने जो तलाशा, उसे वही मिला। गिद्धों को केवल लाश मिली, सुअरों को गंदगी मिली, संवेदनशील लोगों को रिश्तों की खूबसूरत तस्वीर मिली, आस्था वालों को पुण्य मिला, सज्जनों को सज्जनता मिली, गरीबों को रोजगार मिला, अमीरों को धंधा मिला, श्रद्धालुओं को साफ-सुथरी व्यवस्था मिली, सद्भावना वाले लोगों को जाति रहित व्यवस्था मिली, भक्तों को भगवान मिले। मतलब सबने अपने-अपने स्वभाव और चरित्र के अनुसार चीजों को देखा है।

आदित्यनाथ ने सपा पर निशाना साधते हुए कहा था, जिन लोगों ने अपने समय में इस पूरे आयोजन को अव्यवस्था और भ्रष्टाचार का शिकार बनाया था, आज वह महाकुंभ पर इस प्रकार की टिप्पणी करके भारत की भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। योगी ने कहा, मैं कहना चाहूंगा कि महाकुंभ ने दुनिया को भारत की सनातन एकता का संदेश देकर एक भारत, श्रेष्ठ भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन को चरितार्थ कर दिखाया है। समूचा भारत पूरा सहयोग देने के लिए उतनी ही तत्परता के साथ खड़ा है जो महाकुंभ में दिखाई दे रहा है।

## संक्षेप

### कब्जा दिलाने के लिए पुलिस मांग रही खर्च

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने एक महत्वपूर्ण मामले में डीसीपी पश्चिम और पुलिस कमिश्नर को तलब किया है। मामला सरफेसी एक्ट के तहत बैंक को बंधक संपत्ति का कब्जा दिलाने से जुड़ा है। आईसीआईसीआई फाइनेंस कंपनी ने याचिका दायर कर बताया कि बालागंज में स्थित 600 वर्ग फुट की संपत्ति का कब्जा कोर्ट के आदेश के बावजूद नहीं मिला है। सरकारी अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि पुलिस कब्जा दिलाएगी, लेकिन इसका खर्च याची को देना होगा। कोर्ट ने इस जवाब पर नाराजगी जताई। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि सरफेसी अधिनियम के तहत बंधक संपत्ति पर कब्जा दिलाना राज्य का कानूनी दायित्व है। कोर्ट ने पुलिस कमिश्नर से पूछा है कि इस कानूनी दायित्व को पूरा करने के लिए याची से कितने धन की मांग की जा सकती है। न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने ठाकुरगंज थाने के प्रभारी को भी हाजिर होने का आदेश दिया है।

### लखनऊ मौलाना आजाद विश्वविद्यालय में सम्मेलन का हुआ समापन

भाषाओं और साहित्य की चुनौतियों पर एक्सपर्ट्स ने किया चर्चा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, लखनऊ में डालीगंज स्थित मौलाना आजाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय में दो दिवसीय सम्मेलन का समापन हुआ। दूसरे दिन अंग्रेजी, उर्दू, हिंदी और फारसी समेत विभिन्न भाषाओं को लेकर एक्सपर्ट्स के बीच में चर्चा हुई। इसमें डॉक्टर तामसील मसूद ने कहा कि पूर्वी भाषण की शब्दावली पर पर्याप्त काम नहीं हुआ। दूसरे दिन सम्मेलन की अध्यक्षता प्रोफेसर सहर रहमान ने किया। जबकि संचालन डॉ. शाह मुहम्मद फायज ने किया। चर्चा को जारी रखते हुए डॉ.तमसील मसूद ने कहा कि ऐसे कई साहित्यिक विषय हैं जिन पर उर्दू और अन्य पूर्वी भाषाओं में शब्दावली का अभाव है।

### लखनऊ में बच्चा चोर गैंग के 6 सदस्य गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ,लखनऊ की मड़ियांव पुलिस ने दैनिक भास्कर के स्टिंग ऑपरेशन के बाद बच्चा बेचने वाले गैंग के 6 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी 5 लाख में लड़का और 3 लाख में लड़की बेचते थे। जिसको गैंग का दैनिक भास्कर के रिपोर्टर ने ग्राहक बनकर स्टिंग ऑपरेशन किया था। पुलिस गैंग पूरे नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटा रही है। मंगलवार को पुलिस को सूचना मिली कि मामले से जुड़े कुछ आरोपी शंकरपुर ढाल के पास मौजूद हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस तीन पुरुष और तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों के पास से दो मोबाइल फोन और 1,250 रुपये बरामद किए गए। आरोपियों ने पूछताछ में अपना जुर्म कबूल करते हुए नवजात बच्चों को बेचने की बात बताई। आरोपियों ने बताया कि वो 5 लाख में लड़का और 3 लाख में लड़की बेचते हैं।

# रालोद के नवनियुक्त राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे का हुआ भव्य स्वागत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । राष्ट्रीय लोकदल नवनियुक्त राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे का आज राष्ट्रीय लोकदल के पदाधिकारियों और कार्यकताओं, समर्थकों और शुभचिंतकों द्वारा लखनऊ में ढोल नंगाड़ो, वैदिक मंत्रों, घण्टा घड़ियाल व शंख ध्वनि के साथ भव्य स्वागत व अभिनंदन किया गया।

रालोद प्रदेश पार्टी मुख्यालय पर दोपहर 2 बजे आयोजित स्वागत समारोह के लिए श्री दुबे का अपने आवास से पार्टी मुख्यालय तक जगह जगह भव्य स्वागत किया गया। बंगला बाजार चौराहे से सैकड़ों गाड़ियों के काफिले के साथ श्री दुबे का जेल रोड पर प्रदेश सचिव अफसर अली ने भारी समर्थकों के साथ स्वागत किया। श्री दुबे के स्वागत में अपार जनसमूह उमड़ा। श्री दुबे को के0के0सी0 चौराहा, हुसैनगंज तथा विधानसभा के सामने भाजपा मुख्यालय के सामने भारी संख्या में उपस्थित कार्यकताओं ने उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया। भाजपा मुख्यालय से कार्यकताओं श्री दुबे को जुलूस व ढोल नगाड़ों के साथ पार्टी मुख्यालय लाये। कार्यकर्ता चौधरी चरण सिंह अमर रहे, चौधरी




अजित सिंह अमर रहे, जयन्त चौधरी जिंदाबाद, अनिल दुबे जिन्दाबाद तथा राष्ट्रीय लोकदल जिन्दाबाद के गगनभेदी नारे लगा रहे थे। कार्यकताओं का भारी उत्साह और उल्लास देखते ही बनता था।

प्रदेश कार्यालय में पहुंचने पर श्री दुबे ने सर्वप्रथम भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण व अंगवस्त्र भेंट किये। इस अवसर पर गुरुकुल से आये विद्वानों ने वैदिक मंत्रों व शंख ध्वनि के साथ श्री दुबे को आशीर्वाद प्रदान किया और उनकी मंगल कामना वैदिक श्लोकों के साथ किया। इसके बाद मुख्यालय स्थित चौधरी चरण सिंह सभागार में उमड़ी हजारों की संख्या में आये हुये कार्यकताओं, व शुभचिंतकों व समर्थकों के अपार जनसमूह ने श्री दुबे को फूलमाला व पुष्प गुच्छ, अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह बधाई व शुभकामनाएं दी। स्वागत की श्रृंखला देर शाम तक चलती रही।

अपने स्वागत से अभिभूत श्री दुबे ने कहा कि आज लखनऊ में कार्यकताओं समर्थकों व शुभचिंतकों ने जिस तरह मुझे आशीर्वाद और स्नेह दिया है उसके लिए सदैव ऋणी रहूंगा और रालोद अध्यक्ष जयन्त चौधरी जी की मंशा के अनुरूप पूर्वांचल, मध्यांचल और बुन्देलखण्ड में पार्टी के विस्तार को लेकर संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यकताओं और पदाधिकारियों के सहयोग से इन क्षेत्रों में रालोद को 2027 के लिए अभी तैयारी शुरू की जायेगी। उन्होंने विपक्ष पर महाकुंभ को लेकर किये जा रहे अनर्गल प्रलाप के लिए कहा कि विपक्ष को धर्म में राजनीति नहीं करनी चाहिए। विपक्ष करोड़ों लोगों की आस्था के साथ खिलवाड़ कर रहा है जिसके लिए उन्हें लोग माफ नहीं करेगे।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल अपने मुद्दों के साथ एन0डी0ए0 में शामिल हुआ है और उन मुद्दों पर सरकार के साथ काम भी हो रहा है। राष्ट्रीय लोकदल किसानों के मान सम्मान व स्वाभिमान से कभी समझौता नहीं करेगा।

समारोह के संयोजक व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने सभी आये हुये पदाधिकारियों और कार्यकताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया। स्वागत समारोह में राष्ट्रीय सचिव विजय श्रीवास्तव, प्रदेश उपाध्यक्ष वसीम हैदर, आदित्य विक्रम सिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष बी0एल0 प्रेमी, प्रोफेषलनल मंच के प्रदेश अध्यक्ष अम्बुज पटेल, छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष अमन पाण्डेय, श्रम प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेश पाल धनगर, महिला प्रदेश अध्यक्ष परिणीता सिंह, प्रदेश महासचिव मनोज सिंह चौहान, चंद्रकांत अवस्थी, रमावती तिवारी, प्रीति श्रीवास्तव, सत्यप्रकाश तिवारी, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी, पूर्व प्रदेश प्रवक्ता सम्राट सिंह चैहान, आमिर साबिरी, अवध क्षेत्रीय के अध्यक्ष चौधरी राम सिंह पटेल, रमेश कश्यप, अजय पाण्डेय, जिलाध्यक्ष रामसेवक रावत, हसीम अहमद निजामी, प्रमोद शुक्ला, राजेश, सुमित सिंह, आर0एन0 शुक्ला, आयशा, अनीता यादव, माया देवी, उमर अली, मुन्नालाल पाल, शिवकुमार, मुलायम सिंह, सोनवीर, हरिशंकर राजपूत, नम्रता शुक्ला, मनीष, विशाल, कानपुर रोड व्यापार मण्डल, आलमबाग व्यापार मण्डल, ट्रान्सपोर्ट नगर व्यापार मण्डल, हरदोई रोड व्यापार मण्डल सहित लखनऊ बार एसोसिएषन, सेन्ट्रल बार एसोसिएषन तथा अवध बार एसोसिएषन के सैकडों अधिवक्ता, माध्यमिक षिक्षक संघ के पदाधिकारी व सामाजिक संगठनों के सैकडों पदाधिकारी स्वागत समारोह में शामिल रहे।

## बेखौफ चोरों ने अलग-अलग स्थान से तीन बाइकें करी चोरी,रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर और बिजनौर में बीते दिनों अलग-अलग स्थान से तीन बाइकें चोरी हो गई। पीड़ितों ने इस संबंध में अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। बिजनौर के परवर पश्चिम गांव में रहने वाले शिव शंकर त्रिपाठी के मुताबिक रविवार रात वह अपने घर में सो रहे थे। तभी छत के रास्ते दाखिल हुए चोर उनकी हीरो स्प्लेंडर ( यूपी 32 जीएफ 5123 ) और एक मोबाइल व कीमती कागज घर से उठा ले गए। सुबह जानकारी होने पर खोजबीन की, लेकिन कहीं नहीं पता चला। इसी तरह बंथरा के खुर्रमपुर गांव में रहने वाले अजय सिंह का कहना है कि बीती 17 फरवरी को सुबह उन्होंने अपनी हीरो होंडा स्प्लेंडर प्रो बाइक ( यूपी 32 एफएफ 1428 ) सरोजनीनगर में अमौसी मेट्रो स्टेशन के बाहर पार्किंग में खड़ी कर दी और कचहरी चले गए। दोपहर बाद करीब 2:15 बजे वापस लौटे तो बाइक वहां से गायब मिली। पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी तो पुलिस ने पहुंचकर सीसीटीवी कैमरे चेक किए। तब कैमरे में एक अज्ञात युवक चाबी लगाकर बाइक स्टार्ट करके ले जाते नजर आया। इसके अलावा सरोजनीनगर के हनुमानपुरी गली नंबर 4 निवासी आनंद कुमार सिंह के मुताबिक बीती 14 फरवरी को शाम करीब 7:45 बजे गौरी बाजार में साहू फुटवियर के पास अपनी मोटरसाइकिल (यूपी 32 केजी 9188) खड़ी कर पास की दुकान से कुछ सामान लेने चले गए। बाद में वापस लौटने पर बाइक वहां नहीं मिली। आसपास दुकानों पर पूछताछ करने के बाद भी उसका पता नहीं चला। फिलहाल पुलिस तीनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी कैमरे के जरिए चोरों का सुराग लगाने में जुट गई है।

### लखनऊ नगर निगम ने 10 लोगों की कराई शादी

बिछिया पायल किया गया भेंट, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत हुआ विवाह

लखनऊ, लखनऊ में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के तहत 10 युगलों की शादी कराई गई है। नगर निगम की तरफ से समाज कल्याण विभाग की तरफ से कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। विधि विधान से विवाह कार्यक्रम मानसरोवर कल्याण मंडप में किया गया है। आवेदनों की जांच कर 10 लोगों का चयन किया गया। इसके बाद इन लोगों की शादी धूमधाम से कराई गई है। योजना में अनुसूचित जाति के 09, पिछड़ी जाति के 01 जोड़े सहित कुल 10 लोगों का विवाह सम्पन्न हुआ।

# डॉ. राजेश्वर सिंह का सफलता का मंत्रः अपने लक्ष्य पर केन्द्रित रहें, कड़ी मेहनत करें, ईश्वर पर आस्था रखें

**नवयुग कन्या महाविद्यालय में डॉ. राजेश्वर सिंह लगवाएंगे डिजिटल स्मार्ट पैनल, जटिल विषयों को समझना होगा आसान**

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। आज का युग युवा शक्ति का युग है, और आज की पीढ़ी सबसे सौभाग्यशाली है, जिसके पास वे सभी संसाधन उपलब्ध हैं, जिनकी पहले केवल कल्पना की जा सकती थी। यह समय बेटियों के सपनों के पंख खोलने का है, उन्हें नई ऊंचाइयों तक उड़ान भरने का है। इसी संकल्प को साकार करने के लिए सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने नवयुग कन्या महाविद्यालय के फाउंडर्स डे के अवसर पर छात्राओं को प्रेरणादायी संबोधन दिया और उन्हें आत्मनिर्भरता, शिक्षा, तकनीकी दक्षता एवं संकल्पशक्ति की महत्ता से अवगत कराया। इस अवसर पर विधायक ने महाविद्यालय के संस्थापक स्व. दीन दयाल जी को याद करते हुए कृतज्ञता व्यक्त की, उन्होंने 62 वर्ष पूर्व ही बेटियों की शिक्षा के महत्व को समझा और इस विद्यालय की नींव रखी। डॉ. सिंह ने कहा कि बीते दशकों में समाज की सोच में ऐतिहासिक परिवर्तन आया है। एक समय था जब बेटियों की शिक्षा और आर्थिक आत्मनिर्भरता को परिवार और समाज सहज स्वीकार नहीं करता था। लेकिन आज, भारत में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू, केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण और उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जैसी सशक्त नारियां देश का नेतृत्व कर रही हैं। ये केवल पदों पर आसीन महिलाएं नहीं, बल्कि उन बेटियों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं, जिन्होंने विषम परिस्थितियों में अपनी राह बनाई और समाज को दिखाया कि नारी शक्ति किसी से कम नहीं।

उन्होंने शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि आज भारत उच्च शिक्षा का दूसरा सबसे बड़ा



हब बन चुका है। 4.2 करोड़ युवा उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, जिनमें 2.2 करोड़ बेटियां शामिल हैं। बेटियां आज हर क्षेत्र में सफलता का परचम लहरा रही हैं। कैप्टन शिवा चौहान सियाचिन ग्लेशियर में तैनात होने वाली पहली महिला अधिकारी बनकर कठिनतम परिस्थितियों में देशसेवा का आदर्श स्थापित किया तो शिवांगी सिंह देश की पहली महिला राफेल लड़ाकू विमान पायलट बनकर आसमान में भारत की शक्ति का परचम लहरा रही हैं। सुरेखा यादव देश की पहली महिला लोको पायलट बनीं, लखनऊ की बेटी रितु करिधाल को 'रॉकेट वुमन ऑफ इंडिया' के नाम से जाना जाता है। सुनीता विलियम्स ने अंतरिक्ष में भारत का नाम रोशन किया। यह प्रमाण है कि यदि बेटियों को सही अवसर मिले, तो वे असंभव को भी संभव बना सकती हैं।

शिक्षा और संसाधनों की उपलब्धता पर बल देते हुए विधायक ने कहा कि नवयुग कन्या महाविद्यालय की छात्राएं अत्यंत सौभाग्यशाली हैं कि उनके पास काउंसलिंग सेल, प्लेसमेंट सेल जैसे सभी आधुनिक संसाधन उपलब्ध हैं। हमारी बेटियां अपने कैरियर को लेकर स्पष्ट हैं, यही हमारी वास्तविक उन्नति है। अपने लक्ष्य पर फोकस रहिये, मेहनत कीजिये और ईश्वर पर विश्वास रखिये सफलता का यही मूल मन्त्र है, आईआईटी धनबाद से बी. टेक के बाद भी समाज शास्त्र में परास्नातक और लॉ की पढाई के अपने अनुभव को साझा करते हुए विधायक ने कहा आप स्वय को जितना इम्प्रूव करेंगे जीवन में उतना आगे बढ़ेंगे, उतना बेहतर परफॉर्म करेंगे।

उन्होंने भारत की शिक्षा प्रणाली में हुए बदलावों का जिक्र करते हुए कहा कि जब हमारा देश स्वतंत्र हुआ था, तब साक्षरता दर मात्र 18% थी और बेटियों की साक्षरता दर 10% से भी कम थी। लेकिन आज हालात बदल चुके हैं। आज का युग ग्लोबल प्रतिस्पर्धा का युग है, जहां यूपीएससी जैसी परीक्षाओं में 14-15 लाख युवा आवेदन करते हैं, लेकिन मात्र 1000 से भी कम को सफलता मिलती है। इस कठिन प्रतिस्पर्धा के दौर में केवल वे ही आगे बढ़ सकते हैं, जो लक्ष्य पर केंद्रित रहकर मेहनत करते हैं। स्वास्थ्य और खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर देते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि 2030 तक विश्व में प्रत्येक दसवां ओबेसिटी से ग्रसित बच्चा भारतीय होगा। यदि शारीरिक रूप से फिट नहीं रहेंगे, तो मानसिक रूप से भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाएंगे। इसलिए युवाओं को खेल-कूद में सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए।

डिजिटल शिक्षा और तकनीकी कौशल की अनिवार्यता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि 2030 तक वर्तमान की 8.5 करोड़ नौकरियां समाप्त हो जाएंगी, जबकि डिजिटल स्किल्स आधारित 9.5 करोड़ नई नौकरियां सृजित होंगी। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी जेंडर न्यूट्रल होती है, यानी इसमें किसी भी वर्ग या लिंग का भेदभाव नहीं होता। बेटियों को चाहिए कि वे इन तकनीकी अवसरों को पूरी तरह से आत्मसात करें और डिजिटल स्किल्स में दक्ष बनें।

बेटियों के उज्वल भविष्य को लेकर आश्वस्त होते हुए उन्होंने कहा, ₹कहा जाता है कि किसी राष्ट्र का भविष्य देखना हो, तो उसके युवाओं के चेहरे को देखो। और मैं आज बेटियों के आत्मविश्वास, संकल्प और जज्बे को देखकर निश्चिंत हूं कि भारत का भविष्य उज्ज्वल और गौरवशाली है।₹ अपने संबोधन के अंत में विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने सरोजनीनगर में युवाओं को बेहतर शिक्षा और संसाधन उपलब्ध कराने की दिशा में किए गए प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि अब तक 30 से अधिक विद्यालयों, विशेष रूप से गर्ल्स कॉलेजों में डिजिटल लैब्स स्थापित की जा चुकी हैं, 18 कॉलेजों में स्मार्ट क्लासरूम बनाए गए हैं, और 1000 से अधिक मेधावी छात्र-छात्राओं को लैपटॉप, टैबलेट और साइकिल प्रदान कर सम्मानित किया गया है। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने नवयुग कन्या महाविद्यालय में एक और स्मार्ट क्लासरूम स्थापित करने का संकल्प व्यक्त किया।इस अवसर पर ऐश्वर्या सिंह जी, डॉ. मंजुला उपाध्याय जी एवं डॉ. विनीता सिंह जी द्वारा संकलित पुस्तक 'भारतीय ज्ञान परंपरा के सन्दर्भ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020' का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में प्रबंध समित के अध्यक्ष कौशल कुमार अग्रवाल, प्रबंधक प्रतिनिधि अमित दयाल, प्राचार्य प्रो. मंजुला उपाध्याय, प्रो. मनोज पाण्डेय, प्रो. विनोद चंद्रा, प्रो. संजय मिश्रा, प्रो. संगीता कोटवाल, मेजर मनप्रीत कौर एवं शिक्षा व सामाजिक जगत से जुडी अन्य विभूतियाँ मौजूद रही।

# करतारपुर पहुंचे सरोजनी नगर के श्रद्धालु: छलके श्रद्धा के आंसू, मन गुरुओं की कृपा में हुआ लीन

● सरहद पार कर नानक बाबा के धाम में सरोजनीनगर के श्रद्धालुओं ने टेका मत्था: एक स्वप्न हुआ साकार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। मंगलवार का दिन न केवल सरोजनीनगर बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश के लिए अत्यंत गौरवशाली, ऐतिहासिक और आध्यात्मिक रूप से अभूतपूर्व रहा। सरोजनीनगर के 41 सिख श्रद्धालुओं ने अटारी-वाघा बॉर्डर पार कर पाकिस्तान स्थित पवित्र करतारपुर साहिब गुरुद्वारे में मत्था टेका और गुरु नानक देव जी की चरण रज प्राप्त कर अपने जीवन की एक अधूरी इच्छा को पूर्ण किया। यह यात्रा केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि श्रद्धा, आस्था और भक्ति का सजीव प्रमाण बनी, जिसमें हर श्रद्धालु की आंखें श्रद्धा और कृतज्ञता से छलक रही थीं।

इस पावन तीर्थयात्रा का सपना सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह जी की अथक संकल्पशक्ति और दूरदृष्टि के कारण साकार हो सका। वर्षों से सिख समाज की यह आकांक्षा थी कि उन्हें करतारपुर साहिब के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हो। इस भावना को आत्मसात करते हुए, डॉ. सिंह जी ने 'अमृतसर-करतारपुर तीर्थयात्रा' की भव्य योजना बनाई और इसे क्रियान्वित किया। उनके प्रयासों का ही परिणाम है कि सरोजनीनगर के श्रद्धालुओं को न केवल अमृतसर के पवित्र स्वर्ण मंदिर में मत्था टेकने, बल्कि पाकिस्तान स्थित सिख आस्था की धरोहर, श्री करतारपुर साहिब के दर्शन करने का अवसर प्राप्त हुआ।

सभी 41 श्रद्धालुओं का जत्था 24 फरवरी को अमौसी एयरपोर्ट से इंडिगो फ्लाइट द्वारा अमृतसर के लिए रवाना



हुआ, जहां उनका ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत हुआ। स्वर्ण मंदिर में दर्शन करने के बाद, सभी श्रद्धालु करतारपुर साहिब के लिए रवाना हुए। इस यात्रा के हर पड़ाव पर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा विशेष प्रबंध किए गए, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उनकी टीम के वालंटियर्स पूरी यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के साथ रहे, जिससे इस यात्रा को पूरी तरह से सुव्यवस्थित और सहज बनाया गया। करतारपुर साहिब के दर्शन के दौरान कई श्रद्धालु भावुक हो उठे। उनकी आंखों में श्रद्धा के अश्रु छलक पड़े, क्योंकि यह वह पावन धाम है जहां सिखों के प्रथम गुरु, श्री गुरु नानक देव जी ने अपने जीवन के अंतिम 18 वर्ष व्यतीत किए और पूरी मानवता को प्रेम, एकता और सेवा का संदेश दिया। श्रद्धालुओं ने कहा कि यह यात्रा उनके जीवन की सबसे यादगार और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध करने वाली यात्रा रही। सभी ने इस ऐतिहासिक अवसर को संभव बनाने के लिए विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह का आभार जताया।

करतारपुर साहिब की यात्रा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की दूरदर्शिता और सिख समाज के प्रति उनके सम्मान का प्रत्यक्ष प्रमाण है। वर्ष 2019 में प्रधानमंत्री मोदी जी के प्रयासों से करतारपुर कॉरिडोर की स्थापना हुई, जिससे भारतीय श्रद्धालुओं को बिना वीजा पाकिस्तान स्थित करतारपुर साहिब के दर्शन करने का अवसर प्राप्त हुआ। यह पहल न केवल सिख समाज बल्कि संपूर्ण भारतीय संस्कृति और धार्मिक विरासत के लिए अत्यंत गौरव का विषय रही है। प्रधानमंत्री जी की इसी सोच से प्रेरित होकर, डॉ. राजेश्वर सिंह ने भी अपने क्षेत्र के श्रद्धालुओं की इस आध्यात्मिक यात्रा को संभव बनाया और आगे भी ऐसी यात्राओं को जारी रखने का संकल्प लिया है। डॉ. राजेश्वर सिंह केवल एक जनप्रतिनिधि नहीं, बल्कि धर्म, संस्कृति और सेवा भाव के प्रतीक बनकर उभरे हैं। उनकी पहल पर अब तक 37 राम रथ श्रवण यात्राओं के माध्यम से हजारों श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम के दर्शन कराए जा चुके हैं। उन्होंने सरोजनीनगर को केवल एक विधानसभा क्षेत्र के रूप में नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक परिवार के रूप में देखा है। इसी सोच के तहत उन्होंने यह यात्रा आयोजित की, जिससे श्रद्धालु अपनी धार्मिक आस्था को पूर्ण कर सकें और आध्यात्मिक शांति प्राप्त कर सकें।

# लखनऊ हाईकोर्ट के वकीलों ने किया कार्य बहिष्कार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। हाई कोर्ट में मंगलवार न्यायिक कार्य पूरी तरह ठप रहा। अवध बार एसोसिएशन के वकीलों ने अधिवक्ता अधिनियम संशोधन बिल के विरोध में कार्य बहिष्कार किया। सोमवार को बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आर.डी. शाही और महासचिव मनोज कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई।

अधिवक्ताओं ने हर दो महीने में न्यायाधीशों के रोटेशन का प्रस्ताव भी पारित किया, ताकि मुकदमों का तेजी से निपटारा हो सके। अधिवक्ता जन कल्याण संघ के महामंत्री कमलेश कुमार राय ने कहा कि सभी अधिवक्ता अपने अस्तित्व की लड़ाई के लिए पेन डाउन हड़ताल कर रहे हैं। अधिवक्ता किसी के आश्रित नहीं हैं। अधिवक्ताओ का काम समाज को न्याय दिलाना है। न्यायालय में जो न्यायाधीशों का मानक है वह सरकार के पास नहीं है।

जजों के न होने से मुकदमों की संख्या बढ़ रही है। दोषी ठहराया जा रहा है अधिवक्ताओं को कि उनके हड़ताल करने से मुकदमा बढ़ रहा है। अधिवक्ता अवस्था के खिलाफ और मनमाने कानून के विरुद्ध हड़ताल करता है। कोई ब्यूरोक्रेट आकर हमें गवर्न करेगा यह कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हम लोग एक जुट होकर अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़। जब तक यह काला कानून सरकार वापस नहीं लगी यह लड़ाई जारी रहेगी।


# दलालों ने केजीएमयू से प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया मरीज, मौत

## महिला को अच्छे इलाज का झांसा देकर साथ ले गए, शव को वेंटिलेटर पर रखकर वसूले पैसे

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, लखनऊ में दलालों के झांसे में आकर महिला ने अपने बीमार पति को केजीएमयू से निकालकर प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। महिला का आरोप है कि 24 घंटे में 1 लाख 60 हजार रुपए ऐंठे। अनट्रेंड स्टाफ से ऑक्सीजन की हैवीडोज लगाई और गलत इंजेक्शन लगाए जिसकी वजह से पति की मौत हो गई। पीड़िता ने अस्पताल संचालक समेत पांच लोगों के खिलाफ मदेयगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

वजीरगंज गोलागंज निवासी मुस्कान अली ने बताया कि उन्होंने अपने पति को पेट में दर्द होने पर 13 नवंबर 2024 को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था। इस दौरान अच्छे इलाज का झांसा देकर दलालों ने एमजे




अस्पताल खदरा में भर्ती करा दिया। दलालों ने कहा 24 घंटे में एक दम ठीक हो जाएंगे। झांसे में आकर महिला ने पति को एडमिट करवा दिया।

### स्वस्थ्य हालत में अस्पताल गए थे

जब उन्होंने पति को भर्ती कराया तब स्वस्थ्य और बातचीत कर रहे थे। अस्पताल कर्मी पवन ने बिल बनाने के लिए आलम को ऑक्सीजन की हैवीडोज और गलत इंजेक्शन लगा दिया। 15 नवंबर 2024 को दोपहर बाद करीब 2:30 बजे आलम की मौत हो गई। मौत होने के बाद अस्पताल प्रशासन ने वेंटिलेटर पर रख दिया। वेंटिलेटर और बेड चार्ज के नाम पर डेढ़ लाख ऐंठ लिए। देर शाम मृत बताकर शव उन्हें सौंप दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने महिला से गाली-गलौज करके भाग जाने को कहा। साथ ही किसी से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। महिला ने दलालों व अस्पताल की शिकायत पुलिस से की लेकिन कोई कार्रवाई हुई। इसके बाद अस्पताल संचालक डॉक्टर जुनैद, कॉर्डियोलॉजिस्ट मोहम्मद जफर, पवन मेडिकल, डाक्टर जावेद और अप्रशिक्षित स्टाफ के खिलाफ मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी।

### थाने के संरक्षण में चल रहा अस्पताल

पीड़िता का कहना है कि अस्पताल वाले धमकी देते हैं कि जिससे शिकायत करनी हो कर दो अस्पताल पुलिस के संरक्षण में चल रहा है।

# घर में घुस कर विवाहिता से युवक ने किया छेड़छाड़,मुकदमा दर्ज

**वीडियो बना कर किया ब्लैकमेल ऐंठे तीन लाख रुपए**

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर इलाके की एक विवाहिता ने युवक के खिलाफ जबरदस्ती छेड़छाड़ करने के साथ वीडियो के नाम पर धमकाकर ब्लैकमेल करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित विवाहिता का कहना है कि बिजनौर में सीआरपीएफ गेट के सामने रहने वाले ध्रुव यादव ने बीती 12 अक्टूबर 2024 से दिसंबर 2024 के बीच उसके घर में जबरन घुसकर उससे बदतमीजी और जबरदस्ती छेड़छाड़ की। पीड़िता का आरोप है कि कुछ दिनों पहले आरोपी ने धमकी दी कि उसने उसका वीडियो बना रखा है। धमकाता है कि यह वीडियो उसके पति को दिखा देगा। उसकी इस धमकी से डरी पीड़िता अपने पति से छुपकर उसकी बात मानती रही। विवाहिता का कहना है कि उसके डर से वह हर माह आरोपी को 20,000 रुपये देती रही। बाद में परेशान होकर पीड़िता अपना घर छोड़कर किराए पर रहने लगी और वहीं से अपने जूते चप्पल की दुकान पर आती जाती। उसका कहना है कि इसी दुकान से उसने अब तक आरोपी को 3 लाख रुपये दे चुके हैं। जब पीड़िता ने उससे बात करनी बंद कर दी, तो आरोपी ने उसके मकान की दीवार तोड़ दी। फिलहाल बिजनौर पुलिस ने पीड़िता की तहरी पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## संक्षेप

### अपनी ही बाइक पर पेट्रोल डालकर युवक ने लगाई आग

उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के कंचन नगर में एक विचित्र घटना सामने आई है। सोमवार देर रात एक युवक ने कथित तौर पर अपनी ही बाइक में आग लगा दी। कंचन नगर का एक युवक डाकतार कॉलोनी के एक व्यक्ति पर आरोप लगा रहा है ।उसका कहना है कि आरोपी उनके परिवार की महिलाओं को फोन पर अपशब्द कहता था। पीड़ित परिवार पहले भी पुलिस में शिकायत कर चुका है।युवक के अनुसार, रात को आरोपी उनके घर के सामने आकर गाली-गलौज करने लगा। पीड़ित पक्ष ने इस घटना की वीडियो रिकॉर्डिंग की है ।दूसरी तरफ, डाकतार कॉलोनी की एक महिला ने सभी आरोपों को खारिज किया है। उन्होंने बताया कि उनके पति लखनऊ में रहते हैं।महिला का आरोप है कि शिकायतकर्ता युवक ही नशे में उनके घर आया था। उसने उनके परिवार से अभद्रता की।विरोध करने पर युवक ने गुस्से में अपनी बाइक से पेट्रोल निकालकर उसे जला दिया ।बाइक में आग लगने से इलाके में अफरातफरी मच गई। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पाकर गंगाघाट कोतवाली पुलिस तुरंत पहुंची। जली हुई बाइक को कब्जे में लेकर कोतवाली भेज दिया गया है। पुलिस ने दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर लिए हैं। अधिकारियों के अनुसार मामले की जांच जारी है।तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बाइक व स्कूटी की जोरदार भिड़ंत, एक की मौत, साथी घायल

हसनगंज, उन्नाव। मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे युवक की बाइक में तेज रफ़्तार स्कूटी सवार ने टक्कर मार दी जिससे चालक सहित पीछे बैठा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया , परिजन घायलों को निजी अस्पताल लेकर गए जहा एक युवक की हालत गंभीर देख लखनऊ ट्रामा सेंटर भेज दिया, जहां इलाज के दौरान बाइक सवार युवक की मौत हो गई ।वही दूसरे साथी का इलाज चल रहा है ।हसनगंज कोतवाली क्षेत्र भोगला गांव निवासी नितिन 20 वर्ष पुत्र विजय सोमवार देर रात बाइक से अपने साथी सुजीत के साथ गांव के ही निवासी अमित की शादी में शामिल होने के लिए रसूलाबाद गेस्ट जा रहा था ।अभी यह मोहान बांगरमऊ मार्ग स्थिति हसनगंज के बाहर एक ढाबा के पास पहुंचा ही था कि मियागंज की तरफ सामने से तेज रफ़्तार स्कूटी ने बाइक में टक्कर मार दी ।जिससे बाइक सवार नितिन व पीछे बैठा साथी सुजीत गंभीर रूप से घायल हो गया ।जिसे परिजन गंभीर हालत में लखनऊ ट्रामा सेंटर भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान नितिन की मौत हो गई वही सुजीत का इलाज चल रहा है ।युवक की मौत से मां कमला सहित इकलौती बड़ी बहन निधि सहित परिजन रो रो कर बेहाल हो गए ।वही घटना होने के बाद स्कूटी सवार मौके से स्कूटी लेकर भाग गया फरार ।कोतवाली प्रभारी संदीप शुक्ल ने बताया कि घटना में युवक की मौत हुई है शव का लखनऊ ट्रामा सेंटर में पीएम होगा। तहरीर आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बस व कार की जोरदार भिड़ंत, दो मासूम बच्चों समेत पिता की मौत, एक दर्जन से अधिक घायल

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। मंगलवार की सुबह बांगरमऊ क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर एक यात्री बस व कार के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई इस हादसे में कार सवार पिता व दो बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई जबकि कुल 19 घायलों में 17 को बांगरमऊ से रेफर कर दिया गया।

एक यात्री बस बीते 21 फरवरी को श्रद्धालुओं को लेकर दिल्ली से पहले प्रयागराज गई जहां पर स्नान के बाद सभी श्रद्धालु बनारस गए जिसके बाद वह लोग अयोध्या गए जिससे बीते 24 फरवरी की रात करीब एक यात्री बस अयोध्या से दिल्ली के लिए जा रही थी तभी मंलगवार की सुबह करीब 6 बांगरमऊ क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे गांव सिरधर पुर के निकट वह अचानक सामने आई कार से टकरा गई इस हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए तथा बस अनियंत्रित होकर पलट गई।

इस दर्दनाक हादसे में कार सवार राघवेंद्र सिंह 35 वर्ष पुत्र विशेश्वर दयाल निवासी गांव आकिन थाना अरौल जनपद कानपुर देहात जो सचिवालय में दीवान बताए जा रहे है वह पत्नी के नंदनी 32 वर्ष व पुत्र श्रेष्ठ 3 वर्ष , पुत्री डेढ़ वर्ष जिसका नामकरण नहीं हुआ है के साथ लखनऊ ड्यूटी जा रहे थे तभी किसी तरह कार अनियंत्रित होकर विपरीत दिशा में पहुंच गई इसी दौरान उधर से गुजर रही श्रद्धालुओं से भरी कार से टक्कर हो गई जिससे कार सवार राघवेंद उनके पुत्र श्रेष्ठ,पुत्री तीन लोगों को अस्पताल के डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया जबकि घायल पत्नी नंदनी को नाजुक हालत में रेफर कर दिया गया।

कोतवाल अवनीश कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने तीनो के शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिए है

वहीं बस में सवार इवानी 3 वर्ष पुत्री मनीष नीलम 55 वर्ष पत्नी धर्मवीर कृष्णा 48 वर्ष पत्नी अभिनव सोनू 36 वर्ष पुत्र सुनील चारु 34 वर्ष पत्नी मनीष रजनीश 35 वर्ष पुत्र शंभू रेशमा पत्नी रजनीश सर्ग कुमार 7 वर्ष सौव्या 2 वर्ष पुत्रगण रजनीश निवासीगण हीर नगर दिल्ली रचना पत्नी शिवम ठाकुर

दक्ष 9 वर्ष पुत्र शांतिभूषण अर्चना 35 वर्ष पत्नी शांतिभूषण अभिनव 12 वर्ष पुत्र शांति भूषण निवासी अंबाला

अनीता 36 वर्ष पत्नी सरोज निवासी बार बाला पंचकूला निवासी हरियाणा कुलदीप 30 वर्ष पुत्र राम स्वरूप निवासी पानीपत मनीष पुत्र किशन कांत कृष्णा 20 वर्ष मूलचंद्र निवासी बवाना दिल्ली एक अज्ञात इन सभी घायलों में 16 लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांगरमऊ से जिला अस्पताल भेजा गया

# नगर पंचायत में गंदगी का अम्बार जिम्मेदार मौन

अमन लेखनी समाचार



हसनगंज, उन्नाव। नगर पंचायत न्योतनी में गंदगी का अंबार लगा हुआ है नगर के नाले नालिया गंदगी से पटे पड़े है जैसे जैसे मौसम बदल रहा है गर्मी बढ़ रही है वैसे वैसे गंदगी कि वजह से मच्छरों व बीमारियों का भय भी नगर वासियों में बढ़ रहा है जिससे नाराज नगर वासियों ने चेयरमैन व अधिशासी अधिकारी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

नगर वासियों ने बताया कि नगर के चेयरमैन नगर पंचायत न्योतनी को गंदगी में छोड़ कर विदेश चले गए हैं और जब नगर का मुखिया ही नगर को छोड़ कर विदेश चला गया है तो नगर का क्या ही हाल होगा जब चेयरमैन के रहते नगर गंदगी से पटा पड़ा है तो नगर में चेयरमैन के न रहने के बाद क्या ही हाल होगा। नगर वासियों ने बताया अध्यक्ष हर वर्ष दो से तीन बार विदेश चले जाते है और कई कई महीने बाद वापस आते है जिससे नगर कि सफाई के साथ नगर के विकास कार्य भी प्रभावित हो रहे है ।नगर के विकास कार्य पहले ही मुकदमे बाजी व शिकायतों के चलते पूरी तरह प्रभावित है ऐसे में नगर अध्यक्ष का नगर व देश को छोड़ कर विदेश जाना नगर वासियों व नगर के लिए दुर्भाग्य कि बात है।

कांग्रेस के पूर्व जिला महासचिव गुलजार अख्तर ने बताया पूरी नगर पंचायत गंदगी से पटी पड़ी है पर नगर के चेयरमैन नगर छोड़कर विदेश चले गए है जो बहुत ही दुर्भाग्य पूर्ण है नाले नालिया चोक पड़ी है न तो नगर में फागिंग कराई जा रही है न ही कीट नाशक दवा का छिड़काव ही करवाया जा रहा है जिसके कारण नगर के लोग महामारी कि चपेट मे आने की कगार पर खड़े है गुलजार ने आगे बताया कि उनके द्वारा कई बार शिकायत दर्ज कराई गई है पर अब तक नगर में साफ सफाई नहीं कराई गई यदि नगर का यही हाल रहता है तो उनके द्वारा धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

आपको बता दे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा कहा गया था कि जिस नगर पंचायत में साफ सफाई कि व्यवस्था अच्छी होगी उन नगर पंचायतों के लिए अधिक बजट जारी किया जाएगा पर जिस नगर में गन्दगी का अम्बार होगा क्या उस नगर पंचायत के बजट में कटौती होगी एक बड़ा सवाल बना हुआ है ।मामले में जब अधिशासी अधिकारी संतोष चतुर्वेदी से बात करने कि कोशिश कि गई तो उन्होंने कई बार फोन करने के बाद भी फोन रिसीव नहीं किया।

# घर में घुसकर अज्ञात चोरों ने लाखों का माल किया पार

अमन लेखनी समाचार



मौरावां, उन्नाव।थाना क्षेत्र के गांव शहिदन खेड़ा मजरा पिंजरा मे कल रात लगभग 12 बजे अज्ञात चोरो सियाराम यादव के घर की पीछे से बाउंड्री वॉल फांदकर लगें अमरुद का पेड़ की डाल के सहारे छत पर चढ़ कर जीने से घर में उतरकर तीन कमरो में लगे ताले की कुंडी कटर से काट कर अलमारी व बक्से में रखी एक सोने की अंगूठी तीन ग्राम एक मंगलसूत्र पांच ग्राम, तोड़िया 100 ग्राम व अन्य घरेलू सामान उठा ले गए।उसी समय घर के बगल के कमरे में संतोष कुमारी व उनका भतिजा रमाकांत सो रहें थे। संतोष कुमारी की नींद खुल गई। और भतिजे को आवाज लगाई की मोबाइल बंद कर दो आवाज सुन कर चोर दरवाजा खोला कर पीछे के रास्ते से भाग निकले। जब संतोष कुमारी ने अपने दरवाजा खोला तो देखा कि बगल के कमरों में लगे ताले खुलें पड़े हैं।कमरें में आकर देखा तो सारा समान बिखरा पड़ा और अलमारी बक्से खुलें पड़े हैं। उसमें रखीं समान नहीं है। तभी सियाराम यादव ने डायल 100 नंम्बर मिलाया। पुलिस पहुंचकर छानबीन किया उसके बाद सुबह मौरावां थाने पर चोरी का प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर किस पर हल्का प्रभारी इंद्रपाल सिंह ने भरोसा दिलाया कि जल्द से जल्द चोरी का खुलासा किया जाएगा।

# कृषकों को अंग वस्त्र व प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर के गणेशीखेड़ा निवासी फसल चिकित्सक बृजेन्द्र सिंह 'राजू' को राज्य स्तरीय सम्मान मिलने से किसानों व क्षेत्रवासियों में हर्ष की लहर दौड़ गयी।

विगत हो बृजेन्द्र सिंह 'राजू' लगातार किसानों के हित हेतु कार्य करते आ रहे है। उनकी कार्य शैली,किसानों के प्रति समर्पण तथा उनके हितार्थ जगह जगह शिविर लगाकर किसानों को जागरूक करने के लिए ₹राज्य स्तरीय सम्मान₹ से सम्मानित किया गया है।

भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान कैम्पस लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय किसान सम्मान समारोह के शुभ अवसर पर डा० वृजेन्द्र प्रताप सिंह ₹राजू₹ को केला, खाद्य प्रसंस्करण पर उत्कृष्ट कार्य करने तथा कृषकों को प्रेरित करने हेतु अंग वस्त्र व प्रशस्ति पत्र से अलंकृत कर कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख व प्रमुख सचिव कृषि उत्तर प्रदेश शासन रविंद्र कुमार के द्वारा सम्मानित किया गया ।

कार्यक्रम समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में निदेशक भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान आर. विश्वनाथन,कृषि निदेशक उत्तर प्रदेश डॉक्टर जितेंद्र कुमार तोमर, विशेष सचिव कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार निदेशालय विनीत प्रकाश, अपर कृषि निदेशक प्रसाद आर के सिंह तथा सम्मानित कृषकों में जनार्दन प्रसाद,चंद्र प्रकाश, गंभीर सिंह आदि उपस्थित रहे ।उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गयी। क्षेत्रवासियों में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पवन पासवान, राज बक्स सिंह, निशाकान्त दीक्षित,कार्तिकेय दीक्षित, मुन्ना सिंह, प्रकाश सिंह, नवनीत शुक्ला,भोले सिंह, मनीष शुक्ला,मोना सिंह ,फुन्नी त्रिपाठी आदि लोगो ने हर्ष जताया है।

# अनियंत्रित पिकअप लोडर ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर, मौत

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के बिल्हौर मार्ग पर पिकअप लोडर व बाइक में आमने सामने की भिड़ंत हो गई जिससे बाइक चालक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। बांगरमऊ नगर के मोहल्ला तलैया मुन्नू मिया निवासी 25 वर्षीय केशन राजपूत पुत्र द्वारिका बाइक द्वारा बांगरमऊ की तरफ आ रहा था तभी बांगरमऊ बिल्हौर मार्ग पर जमादार पुरवा मोड के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार पिक अप लोडर ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक चालक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि लोडर अनियंत्रित होकर निमार्णाधीन चौड़ीकरण हो रहे रोड के खड्ढे में उतर गया ।हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है ।मृतक चार भाइयों में तीसरे नंबर का था अमरनाथ व कल्लू दो बड़े भाई है जबकि हरिश्चंद छोटा है घटना से पत्नी सरोजनी व तीन बच्चे शनि,गोपाल व शिवंशी सभी का रोकर बुरा हाल है ।मृतक मोहल्ले में ही नानामऊ मार्ग पर मिठाई समोसा आदि की दुकान चलाकर परिवार का पेट पाल रहा था।

**कहा जा रहा बिल्हौर मार्ग पर चौड़ीकरण का कार्य तेजी के साथ प्रगति पर है जिससे रोड के दोनो तरफ फुटपाथ बिल्कुल नहीं बचा घटना के स्थान पर भी फुटपाथ खुदा हुआ पड़ा है अनुमान है यदि फुटपाथ पर जगह होती तो शायद लोडर या बाइक चालक दोनों में से यदि एक फुटपाथ पर उतर जाता तो शायद दुर्घटना बच जाती।**

# जिला संचालन समिति के नामित सदस्यों के साथ की गई त्रैमासिक बैठक

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव।मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीना की अध्यक्षता में पन्नालाल सभागार कलेक्ट्रेट उन्नाव में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति उन्नाव, 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत जिला टास्क फोर्स तथा जनपद में बाल विवाह की रोकथाम हेतु गठित जिला टास्क फोर्स एवं वन स्टाप सेन्टर की जिला संचालन समिति के नामित सदस्यों के साथ त्रैमासिक बैठक आहूत की गयी।

बैठक में मिशन वात्सल्य योजनान्तर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, चाईल्ड लाइन, वन स्टाप सेन्टर, विशेष किशोर पुलिस इकाई एवं एण्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग के कार्यों की समीक्षा की गयी। इस अवसर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, चाईल्ड हेल्पलाइन योजनान्तर्गत वृहद रूप से अभियान चलाकर आम जनमानस को जागरूक किये जाने, नियमित रूप से बाल भिक्षावृत्ति एवं बालश्रम रोके जाने हेतु सम्बन्धित विभागों के मध्य आपसी समन्वय स्थापित कर अभियान चलाये जाने हेतु समस्त थानों को निर्देश दिये गये।

इस मौके पर डीपीओ क्षमानाथ राय, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, सहायक श्रमायुक्त, प्रीती सिंह अध्यक्ष एवं सदस्य बाल कल्याण समिति, सदस्य किशोर न्याय बोर्ड, प्रभारी डी०सी०आर०बी०, प्रभारी एण्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग इकाई के अधिकारी, समस्त बाल विकास परियोजनाधिकारी, संजय कुमार मिश्र बाल संरक्षण अधिकारी, अवधेश कुमार विधि-सह परिवीक्षा अधिकारी एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के समस्त कर्मचारी, सुश्री नीतू प्रभारी सेन्टर मैनेजर एवं जनपद स्तरीय अन्य अधिकारी व कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो की मौत, महिला घायल


अमन लेखनी समाचार




उन्नाव।कोतवाली पुरवा क्षेत्र के बिछिया के पास सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। सोमवार देर रात को यह हादसा उस वक्त हुआ, जब तीनों लोग उन्नाव से निमंत्रण कार्यक्रम से वापस बाइक से अपने गांव दाना खेड़ा लौट रहे थे ।हादसे में 22 वर्षीय आशीष और 10 वर्षीय निहारिका की मौके पर ही मौत हो गई। एक महिला गंभीर रूप से घायल हुई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक चालक ने टक्कर मारने के बाद भागने की कोशिश की। इस दौरान तीनों लोग सड़क पर करीब 100 मीटर तक घसीटते चले गए ।स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। घायल महिला को पहले बिछिया सीएचसी ले जाया गया। वहां से उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।घटना की जानकारी मिलते ही आक्रोशित परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। उन्होंने सड़क पर जाम लगा दिया और ट्रक चालक की गिरफ्तारी की मांग की। परिजनों का कहना था कि तेज रफ्तार और लापरवाह ट्रक चालक की वजह से यह हादसा हुआ ।मृतक अजगैन थाना क्षेत्र के मुंडेर गांव के रहने वाले थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। ट्रक और उसके चालक की तलाश जारी है। पुलिस अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि दोषी चालक को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा और पीड़ित परिवार को न्याय मिलेगा।

# फांसी लगाकर युवती ने अपनी जीवन लीला की समाप्त

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बारासगवर क्षेत्र में एक युवती ने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। मृतका की पहचान 26 वर्षीय अंकिता उर्फ नीति के रूप में हुई है।वह रेलवे की नौकरी की तैयारी कर रही थी।मंगलवार को अंकिता अपने कमरे में अकेली थी।काफी देर तक बाहर नहीं आने पर परिजनों ने दरवाजा खटखटाया। जब कोई जवाब नहीं मिला तो दरवाजा तोड़ा गया। अंदर अंकिता फांसी के फंदे से लटकी मिली।अंकिता तीन बहनों में दूसरे नंबर की थी। वह लंबे समय से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुटी थी।परिजनों के मुताबिक वह पढ़ाई में अच्छी थी। अपने भविष्य को लेकर हमेशा चिंतित रहती थी।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।थाना प्रभारी राजपाल के अनुसार प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का लग रहा है।मृतका के मोबाइल फोन और अन्य सामान की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। अंकिता की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।उसकी मां और बहनें गहरे सदमे में हैं।

# बाहरी और आंतरिक प्रदूषण पर चर्चा, पंजाब से आए विशेष वक्ता फरहदपुर में निरंकारी सत्संग

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। फरहदपुर में एक विशाल निरंकारी सत्संग का आयोजन किया गया। भाई विपिन पाल जी के निवास स्थान के खुले मैदान में हुए इस कार्यक्रम में पठानकोट, पंजाब से मुख्य वक्ता के रूप में भाई गजेन्द्र कुमार द्विवेदी पधारे ।मुख्य वक्ता ने अपने संबोधन में कहा कि जैसे जल और वायु प्रदूषण शरीर को नुकसान पहुंचाते हैं, वैसे ही मन में दूसरों के प्रति संकीर्णता और दुर्भावना भी हानिकारक है।उन्होंने बताया कि ऐसी मानसिकता से सहनशीलता और एकता जैसे मानवीय गुण विकसित नहीं हो सकते ।निरंकारी मिशन का उद्देश्य न केवल जलजनित बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूकता फैलाना है, बल्कि समाज से निंदा, नफरत, जातिवाद और धार्मिक भेदभाव को भी दूर करना है ।कार्यक्रम में उन्नाव जनपद के संयोजक शीतलाशरण मिश्रा, पूर्व विधायक राधेलाल रावत, पूर्व ब्लॉक प्रमुख धीरेन्द्र ब्रह्मचारी समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। डॉ. अमित, डॉ. संजय सिंह, डॉ. छेदीलाल सिंह और रवि शंकर मौर्य ने भी महात्माओं का आशीर्वाद प्राप्त किया ।स्थानीय टीम ने समागम स्थल पर लंगर प्रसाद की व्यवस्था की, जो सुबह 10 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक चलती रही।

## जिला जज ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता वाहन को किया रवाना

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।8 मार्च को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियां शुरू हो गई हैं।जिला न्यायालय परिसर से जागरूकता वाहन रैली को जिला जज वाणी रंजन अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया ।राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला मुख्यालय, तहसील और अन्य न्यायिक इकाइयों में होगा। इसमें राजस्व, बैंकिंग, बिजली, पानी और भूमि विवाद जैसे मामलों का निपटारा किया जाएगा। मोटर वाहन अधिनियम से जुड़े मामले भी सुलझाए जाएंगे ।जागरूकता वाहन विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोक अदालत की उपयोगिता के बारे में लोगों को बताएगा। लाउडस्पीकर और बैनरों के जरिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। उन्हें बताया जाएगा कि वे अपने विवादों को लोक अदालत के माध्यम से आसानी से सुलझा सकते हैं ।लोक अदालत में बैंकों के बकाया ऋण मामलों को आपसी सहमति से निपटाया जाएगा। भूमि संबंधी विवाद और राजस्व मामलों का समाधान किया जाएगा। पीड़ितों को शीघ्र मुआवजा दिलाने के प्रयास होंगे। दांपत्य जीवन से जुड़े विवादों का भी समाधान कराया जाएगा ।जिला न्यायालय के अधिकारियों के अनुसार, पिछली राष्ट्रीय लोक अदालत में हजारों मामलों का समाधान हुआ था। इस बार भी प्रशासन को उम्मीद है कि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठाएंगे। लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य न्यायिक प्रक्रिया को सरल, त्वरित और सुलभबनाना है।

# हर घर सोलर सिस्टम लगाओं, अपना बिजली बिल घटाओं, सरकारी अनुदान पाओं

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। पी.एम. सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अन्तर्गत सोलर रूफटॉप योजना के संबंध में विकास भवन सभागार में जिला स्तरीय समिति एवं जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक सुशील कुमार गौड, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। आयोजित बैठक में अधीक्षण अभियन्ता, अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड-प्रथम (नोडल), अग्रणी जिला प्रबन्धक के प्रतिनिधि एल.डी.एम.ओ, व जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। उक्त के अतिरिक्त जनपद के समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त उप जिलाधिकारी तथा समस्त नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी आदि गूगलमीट के माध्यम से ऑनलाइन बैठक में प्रतिभाग किया गया ।बैठक में प्रभारी परियोजना, यूपीनेडा द्वारा जनपद में पी०एम०सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के विषय में विस्तार से जानकारी प्रदान करते हुए संयंत्रों की स्थापना में शासन द्वारा प्रदान की जा रही अनुदान आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। बैठक में उपस्थित जिला स्तरीय अधिकारियों एवं इम्पैनल्ड फर्मों के प्रतिनिधियों द्वारा भी कार्यक्रम के संबंध में अपने-अपने विचार व्यक्त किये गये। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) द्वारा उपस्थित समस्त अधिकारियों को आवंटित लक्ष्य को समय से पूर्ति हेतु निर्देशित किया गया ।चर्चा के दौरान अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) द्वारा पी०एम०सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के जन मानस के मध्य अधिकाधिक प्रचार-प्रसार के दृष्टिगत शहर में विभिन्न व्यस्ततम स्थलों यथा- बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन, तहसील दिवस, विकास खण्डों की मीटिंग में, विद्युत बिल जमा केन्द्र, बैंकों के पास में कैम्प लगाकर जनमानस के मध्य प्रचार-प्रसार किये जाने की अपेक्षा की गयी, जिससे शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना का अधिक से अधिक लाभ जनमानस को प्राप्त हो सके।

# खुद को घायल कराकर जमीन पर लौटा नाबालिग कर्मचारी

## साथियों के साथ मिलकर लूट का रचा षडयंत्र, तीन गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर, एक कंपनी के नाबालिग कर्मचारी ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर फर्जी लूट का नाटक रचा। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। श्री गणेश इंटरप्राइजेज के नाबालिग कर्मचारी ने बीसलपुर से कंपनी की वसूली की। वापस लौटते समय उसने अपने साथियों के साथ मिलकर फर्जी लूट की योजना को अंजाम दिया। घटना को असली दिखाने के लिए साथियों ने उसके हाथ पर ब्लेड से वार किया।पुलिस को शक होने पर जब सख्ती से पूछताछ की गई, तो पूरा मामला सामने आ गया। पुलिस ने कटरा निवासी जीतेंद्र उर्फ सोनू मौर्य और तिलहर के धर्मदेव को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से एक लाख 47 हजार रुपए नकद, तीन मोबाइल, बीस हजार रुपए का चेक और एक बाइक बरामद की गई है। एसपी सिटी संजय कुमार ने बताया कि सभी आरोपियों को जेल भेजा जा रहा है। नाबालिग कर्मचारी नियमित रूप से कंपनी की वसूली का काम करता था। इसी जानकारी का फायदा उठाकर तीनों ने मिलकर यह योजना बनाई थी। घटना सच साबित करने के लिए कर्मचारी के हाथ पर ब्लेड मारा था। फिर कर्मचारी जमीन पर लोटा और फिर पुलिस को सूचना दी थी।

**यूएस-एड द्वारा भारत को 21 मिलियन डॉलर प्रदान किए जाने के दावे का मुद्दा आजकल चर्चा में है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान के बाद से भारत में राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। सत्ता दल भाजपा और विपक्षी दल कांग्रेस एक-दूसरे पर पलटवार कर रहे हैं। हालांकि, अमेरिकी यूएस-एड अनुदान रिकार्ड के आधिकारिक ओपन डेटा-सोर्स के मुताबिक भारत को प्रदान की गई अनुदान राशि का कोई उल्लेख ही नहीं है। वर्ष 2008 के पश्चात यूएस-एड द्वारा कोई अनुदान राशि भारत को प्रदान ही नहीं की गई। ट्रंप जिस यूएस-एड की बात कर रहे हैं, वह असल में बांग्लादेश को वितरित की गई थी। इस मुद्दे पर भारत द्वारा चुप्पी साधे रखना भी बड़े सवाल खड़े कर रहा है। इससे देश के आंतरिक मामलों में विदेशी हस्तक्षेप को लेकर भी चिंता बढ़ गई है। इन सबके बावजूद, भारत को हर मुद्दे पर अमेरिका के साथ सुपर पावर की तरह पेश आना चाहिए। सबूत भी मांगने चाहिए और दावों का खुलासा करने पर भी जोर देना चाहिए। भारतीय विदेश मंत्रालय के अनुसार संबंधित विभाग और अधिकारी अमेरिकी गतिविधियों और वित्तपोषण के संबंध में अमेरिकी दावों की जांच कर रहे हैं। इन्हीं सब मुद्दों का विश्लेषण करता आजकल का यह अंक...**

# यूएस-एड के दावों की जांच जरूरी




कूटनीति

प्रभात कुमार राय

विदेश मामलों के जानकार


**अमेरिकी ट्रंप प्रशासन के दक्षता मंत्रालय के प्रभारी सेक्रेटरी एलन मस्क ने एक बयान में कहा था कि भारत के आम चुनाव को प्रभावित करने के लिए यूएस-एड द्वारा 21 मिलियन डॉलर अर्थात 142 करोड़ रुपये प्रदान किए गए। जिस दौर की यह बात है, तब 70 रुपये का एक डॉलर होता था। आजकल एक डॉलर 85 रुपये है। यूएस-एड द्वारा प्रदान की गई राशि को अब अमेरिकी प्रशासन प्रतिबंधित कर रहा है। एलन मस्क के इस बयान ने भारतीय राजनीति में तूफान सा बरपा कर दिया। एक मीडिया संस्थान की विस्तृत जांच पड़ताल के बाद यह तथ्य अब बाकायदा उद्घाटित हो गया कि यह धन राशि भारत को नहीं बल्कि बांग्लादेश को प्रदान की गई थी।**

विगत कुछ दिनों से भारत के राजनीतिक पटल पर जबरदस्त सनसनीखेज झूठ चलता रहा। आखिरकार इस झूठ का भारतीय मीडिया द्वारा बाकायदा पर्दाफाश कर दिया गया है। नितांत झूठ का पर्दाफाश हो जाने के पश्चात अब सियासी सन्नाटा है। इससे एक तथ्य पुनः स्पष्ट हो जाता है कि भारतीय राजनीति में झूठ से परिपूर्ण प्रचार प्रसार का कितना अधिक बोलबाला स्थापित हो गया है। अमेरिकन विदेश मंत्रालय की एक एजेंसी है यूएस-एड जिसका पूरा नाम यूनाइटेड स्टेट एजेंसी फॉर इंटरनेशनल एड एंड डेवलपमेंट है। अमेरिकी ट्रंप प्रशासन के दक्षता मंत्रालय के प्रभारी सेक्रेटरी एलन मस्क ने अपने एक बयान में कहा था कि भारत के आम चुनाव को प्रभावित करने के लिए यूएस-एड द्वारा 21 मिलियन डॉलर अर्थात 142 करोड़ रुपये प्रदान किए गए। जिस दौर की यह बात है, तब 70 रुपये का एक डॉलर होता था। आजकल एक डॉलर 85 रुपये है। यूएस-एड द्वारा प्रदान की गई राशि को अब अमेरिकी प्रशासन प्रतिबंधित कर रहा है। एलन मस्क के इस बयान के बाद भारतीय राजनीति में तूफान सा बरपा गया।

## बांग्लादेश को प्रदान की गई थी राशि

एक मीडिया संस्थान द्वारा अंजाम दी गई विस्तृत जांच पड़ताल के बाद यह तथ्य अब बाकायदा उद्घाटित हो गया कि यह धन राशि भारत को नहीं वरन् बांग्लादेश को प्रदान की गई थी। अमेरिका के ट्रंप प्रशासन ने दावा पेश किया था कि वोटर टर्न आउट बढ़ाने के लिए यह धन राशि भारत को प्रदान की गई थी। जुलाई वर्ष 2022 में अमेरिकी यूएस-एड द्वारा 142 करोड़ धन राशि बांग्लादेश के चुनाव में वोटर टर्न आउट बढाने की खातिर अनुदान की गई थी। इस राशि के 13.4 मिलियन डॉलर बांग्लादेश में वर्ष 2024 के आम चुनाव से पहले बाकायदा व्यय किए जा चुके थे। यूएस-एड द्वारा वाशिंगटन की एक संस्था कंसोर्टियम फॉर इलेक्शन एंड पॉलिटिकल प्रोसेस स्ट्रेंथनिंग के माध्यम से 21 मिलियन डॉलर बांग्लादेश की एक स्वयंसेवी संस्था को भेजे गए थे, जबकि ट्रंप प्रशासन के शासकीय दक्षता विभाग के सेक्रेटरी कॉरपोरेट टाइकून एलन मस्क द्वारा बिना किसी पुष्ट आधार के बेबुनियाद बयान दे दिया गया कि 21 मिलियन डॉलर भारत को दिए गए।

## भारत ने नहीं किया बयान का खंडन

भारतीय हुकूमत द्वारा एलन मस्क के बयान का वक्त रहते खंडन नहीं किया गया। जबकि फॉरेन एक्सचेंज रेगुलेशन एक्ट (फेरा) के तहत भारत भेजे गए विदेशी धन का संपूर्ण ब्यौरा भारत सरकार के पास विद्यमान रहता है। यहां तक कि एलन मस्क द्वारा दिए गए बयान को अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने भी ज्यों का त्यों दोहरा दिया कि भारत को 21 मिलियन डॉलर को प्रदान किए गए थे। फिर क्या था, भारतीय राजनीतिक पटल पर अनेक दिनों तक सियासी कोहराम मचा रहा। भाजपा और कांग्रेस पार्टियां बिना किसी ठोस आधार के केवल ट्रंप प्रशासन द्वारा दिए गए नितांत झूठे बयान के आधार पर परस्पर आरोप प्रत्यारोप के झंझावात में फंस गई। अमेरिकी यूए-एड द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रत्येक अनुदान के साथ ही एक विशिष्ट निष्पादन संलग्न होता है, जिसमें कि उस देश का नाम भी उल्लेखित किया जाता है, जहां कि इस अनुदान को व्यय किया जाना होता है। अमेरिकी यूएस-एड अनुदान रिकार्ड के आधिकारिक ओपन डेटा-सोर्स के मुताबिक भारत को प्रदान की गई यूस-एड की अनुदान राशि का कोई उल्लेख ही नहीं है।

## 2008 के बाद भारत को नहीं मिली राशि

वर्ष 2008 के पश्चात यूएस-एड द्वारा कोई अनुदान राशि भारत को प्रदान नहीं की गई है। यूस-एड वस्तुतः विभिन्न देशों की सरकारों को विकास कार्यों को आर्थिक सहायता प्रदान करती रही है और स्वयंसेवी संस्थाओं को भी आर्थिक सहायता प्रदान करती है। यूएस-एड द्वारा प्रदान किए जाने वाले धन राशि की समस्त जानकारी डाटा- सोर्स पर बाकायदा उपलब्ध बनी रहती है। उल्लेखनीय है कि यूएस-एड दीर्घ काल से बांग्लादेश के विकास कार्यक्रमों में सक्रिय तौर पर भागीदार बना रहा है। मोहम्मद यूनुस की कयादत में बांग्लादेश की अंतरिम हुकूमत के साथ हाल ही में यूएस-एड द्वारा 200 मिलियन डॉलर के विकास कार्यक्रमों पर दस्तखत किए गए हैं। लोकतांत्रिक जागरुकता उत्पन्न करने के कुटिल नकाब में अमेरिका द्वारा शेख हसीना हुकूमत के तख्ता पटल की साजिश रची गई थी।

जमात-ए-इस्लामी तंजीम के छात्र संगठन के सर्वोच्च लीडर महफूज आलम को यूनुस हुकूमत में मोहम्मद यूनुस के स्पेशल असिस्टेंट का विशिष्ट स्थान प्रदान किया गया है। सरकारी नौकरियों में अवामी लीग से संबंधित लोगों को आरक्षण के विरुद्ध छात्र आंदोलन आरंभ किया गया था। अवामी लीग को प्रदत्त आरक्षण को खत्म कर देने की मांग को शेख हसीना हुकूमत द्वारा तसलीम कर लिया गया था, किंतु इस सबके बावजूद कट्टरपंथी तंजीम जमात-ए- इस्लामी द्वारा प्रेरित और पोषित छात्र आंदोलन बाकायदा पूरी ताकत के साथ जारी रहा। अंततः छात्र आंदोलन की आड़ में जमात-ए-इस्लामी द्वारा शेख हसीना की हुकूमत तख्तापलट कर दिया गया। यूएस-एड द्वारा कथित तौर पर लोकतांत्रिक जागरुकता उत्पन्न करने के लिए प्रदान की गई, यह विशाल धन राशि आखिरकार कट्टरपंथी जमात-ए-इस्लामी और उसके लीडर महफूज आलम को सत्ता में आसीन कर गई।

## जमात ए इस्लामी को ताकतवर बनाया

नोबेल प्राइज विजेता मोहम्मद यूनुस तो जमात ए इस्लामी के हाथों की कठपुतली बनकर रह गए हैं। महफूज आलम बांग्लादेश की आतंकवादी तंजीम हिजबुल तहरीर का सक्रिय आतंकी रहा है। इस्लामिक कट्टरपंथियों को शक्तिशाली बनाने की जैसी ऐतिहासिक गलती अमेरिका ने पाकिस्तान में अंजाम दी थी और फिर उसका गंभीर परिणाम भी भुगत लिया है। तकरीबन उसी श्रेणी की राजनीतिक गलती अमेरिका ने बांग्लादेश में भी अंजाम दे डाली है। जमात-ए- इस्लामी को ताकतवर बनाकर क्या हासिल कर लेगा अमेरिका नव-साम्राज्यवादी फितरत की अमेरिकी हुकूमत वस्तुतः सीरिया की बशर अल असद हुकूमत का तख्तापलट करने की खातिर अल बगदादी सरीखे जेहादी आतंकवादी की खुले और गुप्त तौर पर सैन्य इमदाद करती रही थी। सीरिया में 85 करोड़ डॉलर का इनाम याफ्ता आतंकवादी सरगना अब अमेरिका चहेता बन बैठा है। दरअसल अमेरिका की कुख्यात खुफिया एजेंसी सीआईए अपनी तख्ता पटल साजिशों को अंजाम देने की खातिर यूस-एड सरीखे विभाग और मुखतलिफ अंतरराष्ट्रीय वित्त पोषित एजेंसियां दुनिया के विभिन्न देशों में सक्रिय स्वयं सेवी संस्थाओं का दुरुपयोग करती ही रहती हैं। शेख हसीना के अब्बा जान बांग्लादेश के निर्माता शेख मुजीब और उनके परिवार की नृशंस हत्या में अमेरिकी सीआईए का हाथ उजागर हुआ था।


## अमेरिका नहीं चाहता था बांग्लादेश का निर्माण

उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान की प्रबल समर्थक रही उस दौर की अमेरिकी सरकार को बांग्लादेश का निर्माण कदाचित स्वीकार्य नहीं था। वस्तुतः भारतीय सेना की सक्रिय दखलंदाजी के फलस्वरूप बांग्लादेश का निर्माण रोकने में अमेरिका नाकाम रहा, किंतु बांग्लादेश के कुछ सैन्य अफसरों के माध्यम से सीआईए शेख मुजीब का कत्ल अंजाम देकर तख्ता पलट कराने में कामयाब रहा। पाकिस्तान की राजसत्ता में अमेरिकी हस्तक्षेप तो सदैव ही सर्वविदित रहा है। चीन के अधिक निकट जाने के कारणवश जुल्फिकार अली भुट्टो की हुकूमत का जनरल जिया-उल-हक द्वारा तख्ता पलट में अमेरिकी सीआईए का हाथ निरूपित किया जाता है, क्योंकि तत्कालीन सोवियत रूसी सेना के विरुद्ध अफगान जिहादियों का सैन्य समर्थन करने के लिए तत्कालीन पाक प्रधानमंत्री भुट्टो कदाचित तैयार नहीं हुए थे। कथित तौर पर आर्थिक और सैन्य सहायता के माध्यम से राजनीतिक और सैन्य दखलंदाजी अंजाम देने का अमेरिकी हुकूमतों का दीर्घकालीन का इतिहास रहा है। अफगानिस्तान में कट्टरपंथी इस्लामिक जिहादी सरगना ओसामा बिन लादेन और उसकी तंजीम अलकायदा की परवरिश और परिपोषण करने के लिए अमेरिका द्वारा अरबों-खरबों खर्च कर दिए गए।

अंततः सोवियत रूस के पराभव के पश्चात अलकायदा और ओसामा बिन लादेन ही अमेरिका के प्रबल दुश्मन बनकर उभरे और उसके जिहादी आतंकवादियों द्वारा सन 2001 के 9-11 को न्यूयॉर्क ट्रेड सेंटर पर नृशंस आक्रमण अंजाम दिया। परिणाम स्वरूप अफगानिस्तान में तकरीबन 20 वर्षों तक अमेरिकन सैन्य दखलंदाजी निरंतर बनी रही, किंतु आखिरकार अमेरिकी सेना को तालिबान के हाथों पराजित होकर और आधुनिकतम हथियारों का बड़ा जखीरा छोड़कर अफगानिस्तान से पलायन कर जाने पर विवश होना पड़ा। लोकतांत्रिक अमेरिका अपने तत्कालीन फायदे की खातिर वैश्विक जिहादियों को तैयार करने वाले सबसे कुख्यात देश पाकिस्तान की विराट पैमाने पर सैन्य और आर्थिक सहायता करता रहा है।

## नव साम्राज्यवादी महत्वाकांक्षा मूल कारण

द्वितीय विश्वयुद्ध के पश्चात एक महाशक्ति के तौर पर विश्व पटल पर उभरे अमेरिका को कोरिया, वियतनाम और अफगानिस्तान के युद्धों में शर्मनाक पराजयों का तल्ख दीदार करना पड़ा था, क्योंकि अमेरिका ने नव साम्राज्यवादी महत्वाकांक्षा के कारण प्रायः अनेक देशों में उन राजनीतिक शक्तियों का समर्थन करता रहा, जो प्रायः गैर लोकतांत्रिक और जनविरोधी रही। चिली में जनतांत्रिक तौर से निर्वाचित राष्ट्रपति अलेंदे का कत्ल करा दिया गया। संपूर्ण दक्षिण अमेरिकी देश वस्तुतः अमेरिका के शत्रु बन गए। अमेरिका द्वारा क्यूबा के अत्यंत लोकप्रिय लीडर फिडल कास्त्रो को कत्ल कराने की बेशुमार कोशिशें अंजाम दी गई। सोवियत संघ के अंध विरोध में अमेरिका ने विश्व पटल पर विनाशकारी इस्लामिक जिहादियों को विकट तौर पर ताकतवर बना दिया। रूस के अंध विरोध में रूस-यूक्रेन युद्ध का आगाज कर दिया। लोकतांत्रिक भारत के अंध विरोध में पाकिस्तान के फौजी तानाशाहों का समर्थन और सहायता अंजाम दी।



# सॉफ्ट स्टेट की छवि से बाहर निकले भारत




दो टूक

सुनील अमर

स्वतंत्र पत्रकार


भारत और अमेरिका के बीच हाल के दिनों में ऐसी घटनायें हुई हैं जिनसे भारत के प्रति अमेरिका की नयी सरकार का रवैया और खासकर भारत की विश्व स्तरीय छवि तथा संप्रभुता पर सवाल उठने लगे हैं। ये सवाल इसलिए और ज्यादा मारक हो जाते हैं कि भारत सरकार अपने आपको विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था बताती है तो प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकन राष्ट्रपति एक दूसरे को 'डियर फ्रेंड' कहकर सम्बोधित करते हैं। ताजा सवाल तथाकथित अमेरिकी सहायता को लेकर है। अमेरिका दुनिया भर में लोकतन्त्र को बढ़ावा देने और ऐसी प्रक्रियाओं की मजबूती के लिए स्वयंसेवी संस्थाओं यानी एनजीओ की मार्फत आर्थिक मदद देता है। अमेरिका में ऐसा करने के लिए वहां की संसद ने सन् 1961 से ही ऐसी व्यवस्था बना रखी है जिसे यूएसएआईडी संक्षेप में यूएसएड कहा जाता है। अमेरिका इनके द्वारा अपने मतलब के देशों में कैसी लोकतांत्रिक व्यवस्था बनाना चाहता है, यह अलग से बहस और खोज का विषय हो सकता है। बीती 19 फरवरी को नवनिर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक भाषण में कहा कि वह भारत में मतदान को बढ़ावा देने के लिए दी जा रही 21 मिलियन डॉलर की अमेरिकी आर्थिक मदद को बन्द कर रहे हैं। ट्रंप ने कहा - 21 मिलियन डॉलर! वाव!! ये लोग (वाइडन प्रशासन) भारत में किसे जिताना चाहते थे? ( उनका इशारा था कि मोदी को हराना चाहते थे)। साथ में उन्होंने व्यंग्यपूर्वक यह भी कहा कि भारत के पास पैसा है क्योंकि वह दुनिया में सबसे ज्यादा टैक्स लगाने वाले देशों में से एक है। बात अमेरिका से निकल कर हिन्दुस्तान तक आयी तो कई तरह के अर्थ समेटे हुए थी।

## भाजपा व कांग्रेस बने हमलावर

देश के दो प्रमुख राजनीतिक दल भाजपा और कांग्रेस ने इसे हथियार की तरह एक-दूसरे पर इस्तेमाल करना शुरू कर दिया। भाजपा इसमें सोरोस को शामिल करते हुए स्व. शीला दीक्षित तक ले गयी तो कांग्रेस भी पुराने रिकार्ड खंगालते हुए इसे शस्मृति ईरानी तक ले गयी। मजे की बात यह रही कि एक दूसरे पर हमला करने को आतुर ये दोनों प्रमुख राजनीतिक दल यह जानना ही नहीं चाहते थे कि सच्चाई क्या है। इन दोनों ने ट्रंप के अधकचरे भाषण को ही सच मान लिया और गुथ्थमगुथ्था होने लगे! ट्रंप भी एक नेता ही हैं और अपने विरोधी दल को लपेटने का सही या गलत कोई मौका वैसे ही नहीं छोड़ते जैसे कि अपने यहां के नेतागण। सच का पता लगाया एक खोजी पत्रकार ने। महज इन्टरनेट के सहारे पता लगाया कि ट्रंप जिस 21 मिलियन डॉलर की राशि को भारत को दिया जाना बता रहे थे वह असल में बांग्लादेश के लिए मंजूर हुई थी और उसमें से अब तक लगभग साढ़े तेरह मिलियन डॉलर बांग्लादेश को दी भी जा चुकी है, जिसे वहां के छात्र आन्दोलन को खड़ा करने में खर्च किया गया।

## भारतीय रवैया निराशाजनक

इसका नतीजा अगस्त 2024 में वहां निर्वाचित सरकार के तख्तापलट के रूप में हुआ। लोकतन्त्र मजबूत करने की अमेरिकी मंशा को आप यहां ठीक से समझ सकते हैं। इस सारे प्रकरण में सबसे



निराशाजनक रवैया भारत सरकार का रहा। बुधवार को सामने आये इस प्रकरण पर शुक्रवार को विदेश मंत्रालय जागा और उसका रवैया भी आधिकारिक कम, राजनीतिक ज्यादा रहा। इसके अगले दिन एक अंग्रेजी अखबार ने 21 मिलियन डॉलर भारत नहीं बांग्लादेश को दिए जाने की खबर प्रमाण सहित छापी लेकिन इन पंक्तियों के लिखे जाने तक भारत सरकार या विदेश मंत्रालय का कोई भी स्पष्टीकरण नहीं आया है।

जिस पैमाने पर भारत सरकार को इस फंडिंग फ्रॉड पर एतराज करना चाहिए था वैसा अभी तक किया नहीं गया। आरोप सरकार बनाने/गिराने का लगा हो तो ऐसे में राजदूत तक तलब कर लिए जाते हैं। दूसरा मामला है अवैध रूप से अमेरिका गये या रह रहे भारतीयों का। दुनिया के हर देश के नागरिक एक-दूसरे देशों में आते-जाते और रहते हैं। अमेरिका जैसे सम्पन्न देशों की तरफ लोग ज्यादा आकर्षित होते हैं।

अमेरिका और उससे सटे कनाडा में तो भारतवंशियों की भरमार है। बताया जा रहा है कि अमेरिका में अवैध रूप से 18000 से अधिक भारतीय रह रहे हैं। ट्रंप ने अपने चुनावी भाषणों में ही कहा था कि सत्ता में आने पर वे देश से अवैध प्रवासियों को निकाल देंगे। लेकिन जिस तरह से वे अपमानपूर्वक भारतीयों को निकाल रहे हैं उस पर सारी दुनिया को हैरत है और चर्चा हो रही है। महिलाओं तक को हथकड़ी-बेड़ी लगाकर, सिखों की पगड़ी उतारकर, सेना के जहाज में लादकर, भूखे-प्यासे इतनी लम्बी यात्रा कराकर ऐसे भारतीयों को भेजा जा रहा है। ऐसी पहली खेप आने के बाद ही प्रधानमन्त्री मोदी अमेरिका गये थे और माना जा रहा था कि वे इस अपमानजनक रवैये पर ट्रंप से बात करेंगे। प्रायः इस तरह की कूटनीतिक बातें पर्दे के पीछे ही होती हैं। लेकिन लगता है या तो भारत ने अपना एतराज जताया नहीं या फिर अमेरिका माना नहीं क्योंकि उसके बाद से भारतीयों को उसी तरह लाद कर दो खेप और आ चुकी हैं। ट्रंप की मंशा तो साफ है कि जो लोग अवैध रूप से अमेरिका में घुसे हैं वो अपराधी हैं और उनके साथ वैसा ही सलूक किया जाएगा। लेकिन अपने को विश्वगुरु कहने वाला भारत, सवा पांच करोड़ की आबादी वाले दक्षिण अमेरिकी देश कोलम्बिया की तरह विरोध तो कर सकता था जिसने ऐसे ही एक अमेरिकी सैन्य विमान को अपने यहां उतरने की अनुमति देने से इनकार कर दिया और कहा कि वह अपने नागरिकों को स्वयं अपने विमान से सम्मानपूर्वक ले आएगा। भारत एक सम्प्रभु राष्ट्र है और सम्प्रभु होने के सारे संसाधन भारत के पास हैं लेकिन संप्रभुता की रक्षा का माद्दा भी तो होना चाहिये। फंडिंग मामले में देश को विरोध का जो स्टैंड लेना चाहिए वो नहीं लिया गया। सरकार अमेरिका से सख्ती से पूछती तो विरोधी दलों का मुंह अपने आप बन्द हो जाता। देश में एफसीआरए कानून है जो विदेशी फंडिंग को नियंत्रित करता है। कैसे सम्भव है कि 21 मिलियन डॉलर की रकम देश में आती है और सरकार को पता ही नहीं है! इसी कानून का प्रयोग करके मोदी सरकार अब तक करीब 21000 संगठनों का विदेशी सहायता लेने का लाइसेंस रद कर चुकी है।

## सच्चाई को जानना जरूरी

चुनाव आयोग ने तो सन् 2023 के कर्नाटक चुनाव के दौरान नेशनल पेमेन्ट कारपोरेशन को आदेश दिया था कि वह ऑनलाइन फंड ट्रांसफर पर निगाह रखे ताकि राजनीतिक दल इस रास्ते से अवैध धन न ले सकें। इतने सारे साधन-संसाधन और फिर भी सच्चाई जाने बगैर ट्रंप के भाषण पर भरोसा करके हवा में मुक्के चलाये जा रहे हैं! और फिर यूएसएड के धन से सिर्फ चुनावी सुधार ही नहीं होते बल्कि मानवीय सहायता, वैश्विक स्वास्थ्य, शिक्षा और जलवायु परिवर्तन जैसे कार्यों पर भी यह धन खर्च किया जाता है। धन कहां खर्च हो रहा है, यह सरकार से बेहतर कौन जान सकता है!

# ट्रंप प्रशासन के साथ सचेत रहे भारत




विश्लेषण

शंभू भद्र

वरिष्ठ आर्थिक पत्रकार


अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जब से दूसरी बार सत्ता संभाली है, वैश्विक स्तर पर हलचल तेज हो गई है। भू-राजनीतिक समीकरण बदल रहे हैं, अमेरिकी सरकार एक लिमिटेड कंपनी की तरह आचरण कर रही है, अमेरिका को ग्रेट बनाने के अभियान में ग्लोबल स्तर पर अमेरिकी फंडिंग रोकी जा रही है। मस्क और ट्रंप भारत को लेकर सनसनीखेज दावे कर रहे हैं, गाजा को खाली कराकर नए सिरे से निर्माण की योजना पेश की जा रही है। यूएस यूक्रेन के बिना रूस से वार्ता कर रहा है, यूक्रेन को उसके हाल पर छोड़ा जा रहा है, युद्ध के दौरान यूक्रेन को की गई अमेरिकी आर्थिक मदद करीब 300 अरब यूएस डॉलर की वसूली की बात कही जा रही है। शक्तिशाली नाटो की हवा निकाली जा रही है। यूरोप को ट्रंप प्रशासन समझ नहीं आ रहा है क्योंकि यूरोप के बजाय अमेरिका रूस के प्रति नरम रुख अपना रहा है। चीन के प्रति भी ट्रंप शांत दिख रहे हैं। फिजूल खर्ची कम करने के लिए पहले अमेरिका जलवायु करार व विश्व स्वास्थ्य संगठन से बाहर आया, अमेरिकी सरकारी विभाग में छंटनी की तैयारी हो रही है और अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय विकास एजेंसी (यूएसएड) की ओर से दूसरे मुल्कों को की जा रही फंडिंग रोकी गई है। ट्रंपवाद के साये में नया अमेरिका है, जिसमें दो बिजनेसमैन (राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और अमेरिकी सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) के प्रमुख एलन मस्क) की जोड़ी बचत व मुनाफे वाली आर्थिकी का मुहावरा गढ़ रही है।

## अमेरिका विश्वसनीय नहीं रहा

वर्ष 1947 में आजादी के बाद से करीब पांच दशक तक अमेरिकी नीति पाकिस्तान परस्त और भारत विरोधी रही है। उदारीकरण के बाद से करीब तीन दशक में अमेरिकी नीति में शिफ्टिंग हुई और वह धीरे धीरे भारत के करीब होता गया। भारत के लिए रूस हमेशा भरोसेमंद रहा है, अमेरिका कभी भी विश्वसनीय नहीं रहा। अपने आपसी संबंधों में अमेरिका ने हमेशा अपने फायदे को आगे रखा है। वर्ष 2008 में असैन्य परमाणु करार के बाद भारत व अमेरिका में भरोसा बढ़ना शुरू हुआ, जो अभी दोस्ती के स्तर तक पहुंचा है। ट्रंपवाद में यह भरोसा दरक सकता है। इस समय अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप भारत को लेकर अधिक मुखर हैं। अवैध प्रवासियों को हथकड़ियों में भारत भेजना, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यात्रा के दौरान राष्ट्रपति ट्रंप की द्विपक्षीय वार्ता से ठीक पहले अमेरिकी सरकार का रेसिप्रोकल टैक्स का ऐलान करना और भारत को अधिक आयात के लिए समझौते का दबाव बनाना दो दशक से मजबूत हुए इंडो-यूएस रिश्ते को दांव पर लगाने जैसा है।

## लोकतांत्रिक प्रक्रिया में दखल

अब ट्रंप का दावा करना कि भारत में 'मतदान प्रतिशत' बढ़ाने के लिए पूर्ववर्ती बाइडन प्रशासन के समय यूएसएड के जरिये 2.1 करोड़ डॉलर की फंडिंग की गई थी, भारतीय लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सीधा दखल है। ट्रंप ने बृहस्पतिवार को वाशिंगटन में 'रिपब्लिकन गवर्नर्स एसोसिएशन' की बैठक को संबोधित करते हुए यह दावा किया। ट्रंप ने मियामी में एफआईआई प्राथमिकता शिखर



सम्मेलन में भारत को मिलने वाले वित्त पोषण पर चिंता जताई थी और दावा किया था कि 'किसी और को निर्वाचित कराने' का प्रयास किया जा रहा था। उन्होंने 'मतदान प्रतिशत' बढ़ाने के लिए भारत को 2.1 करोड़ डॉलर प्रदान करने के उद्देश्य पर सवाल उठाया था। उनकी टिप्पणी एलन मस्क के नेतृत्व वाले सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) द्वारा यह खुलासा किए जाने के बाद आई है कि अमेरिकी संस्था 'यूएसएड' ने भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग को 2.1 करोड़ डॉलर का योगदान दिया है। भारत ने ट्रंप के इस दावे को गंभीरता से लिया है।

भारत ने कहा कि देश में कुछ गतिविधियों के लिए 'यूएसएड' द्वारा वित्त पोषण किए जाने के बारे में खुलासे 'बेहद परेशान करने वाले' हैं और इससे देश के आंतरिक मामलों में विदेशी हस्तक्षेप को लेकर चिंता पैदा हुई है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि संबंधित विभाग और अधिकारी कुछ अमेरिकी गतिविधियों और वित्तपोषण के संबंध में अमेरिकी प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी की जांच कर रहे हैं। वोटर टर्नआउट के लिए 2.1 करोड़ डॉलर की अमेरिकी फंडिंग अगर नरेन्द्र मोदी व भाजपा की राह रोकने के लिए हुई है तो यह और भी चिंता की बात है। चूंकि डोनाल्ड ट्रंप ने अभी तक इसका कोई सबूत नहीं दिया है, उल्टे उन्होंने बांग्लादेश को भी दी जा रही 29 अरब डॉलर की यूएस मदद पर भी सवाल उठाया है। एक मीडिया रिपोर्ट में वोटर टर्नआउट के लिए 2.1 करोड़ डॉलर की अमेरिकी फंडिंग बांग्लादेश में होने की बात सामने आई है। इसलिए इस पूरे मामले की जांच जरूरी है। भारतीय लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला करने वाले लोगों को बेनकाब किया जाना चाहिए। यह मदद किसने ली, किस मकसद से ली, कैसी ली, सभी तथ्यों का पर्दाफाश जरूरी है। फंडिंग विवाद की जड़ तक पहुंचना आवश्यक है। अमेरिका ने 16 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय गैर सरकारी संगठन 'कंसोर्टियम फॉर इलेक्शंस एंड पॉलिटिकल प्रोसेस स्ट्रेंथनिंग' (सीईपीपीएस) को अनुदान के रूप में कई देशों को दी जा रही 48.6 करोड़ (लगभग 4300 करोड़ रुपये) अमेरीकी डॉलर की वित्तीय सहायता पर रोक लगाई है। तो क्या अमेरिका मतदान प्रतिशत बढ़ाने के नाम पर भारत में मोदी को सत्ता से बेदखल करने की साजिश रच रहा था? ट्रंप प्रशासन को भी इस बारे में जांच करनी चाहिए। यूएसएड से मिली मदद का इस्तेमाल जिस संस्था के जरिए हुआ, उससे जॉर्ज सोरोस का भी कनेक्शन है।

## अमेरिकी फंडिंग की जांच कराएं

अमेरिकी उद्योगपति जॉर्ज सोरोस कई बार भारत में नरेन्द्र मोदी की सरकार को हटाने के लिए मुहिम चलाने का ऐलान कर चुके हैं। यूएसएड से जो पैसा लिया गया, उसमें दावा किया गया कि भारत में दलित और पिछड़े वर्ग के मतदाता वोटिंग में कम हिस्सा लेते हैं, इसलिए इन तबकों तक पहुंचने में, उन्हें वोटिंग के लिए प्रोत्साहित करने में इस पैसे का इस्तेमाल होगा। संयोग देखिए कि राहुल गांधी ने भारत में जातिगत जनगणना को लेकर आवाज बुलंद की और अपनी अमेरिकी यात्रा के दौरान भारत में लोकतंत्र खतरे में है की बात कही। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को फायदा भी हुआ। अमेरिकी फंडिंग की इसलिए गहराई से जांच होनी चाहिए। कांग्रेस ने यूएसएड की भारत में फंडिंग पर श्वेतपत्र लाने की मांग सरकार से की है। भारतीय लोकतंत्र में बाधा डालने वाले बहुत विदेशी उपद्रवी हैं। भारत को बांग्लादेश में भी अमेरिकी भूमिका की जांच करनी चाहिए। अमेरिका इसमें मदद करे। हर मुद्दे पर अमेरिका के साथ भारत को ठसक के साथ पेश आना चाहिए, सबूत मांगना चाहिए और दावों का खुलासा करना चाहिए। भारत दस वर्ष में सॉफ्ट स्टेट की छवि से बाहर निकला है, अब अमेरिका के साथ ट्रेड, टैक्स व कूटनीतिक डील में भारत को सॉफ्ट स्टेट जैसा व्यवहार नहीं करना चाहिए। भारत को एक सुपर पावर जैसा व्यवहार करना चाहिए।

## संक्षेप

### रहरा थानाध्यक्ष की गाड़ी पिकअप से टकराई

अमन लेखनी समाचार

अमरोहा, रजबपुर में एक मुल्जिम को अदालत में पेश करने के बाद वापस लौट रहीं रहरा थानाध्यक्ष अलका चौधरी दुर्घटना का शिकार हो गईं। अतरासी-हसनपुर मार्ग पर यह हादसा हुआ। घटना उस समय हुई जब उनकी गाड़ी के आगे चल रहे पिकअप वाहन ने सड़क पर अचानक आए गोवंश को बचाने के लिए इमरजेंसी ब्रेक लगा दिया। पीछे से आ रही थानाध्यक्ष की सरकारी कार के चालक मनोज कुमार ने गाड़ी को नियंत्रित करने का प्रयास किया। लेकिन कार पिकअप से टकरा गई। इस हादसे में थानाध्यक्ष के माथे पर चोट आई। उन्हें तत्काल हसनपुर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना मिलते ही रजबपुर और हसनपुर पुलिस मौके पर पहुंची। क्षतिग्रस्त कार को रजबपुर थाने में खड़ा करा दिया गया है ।सीओ दीप कुमार पंत ने बताया कि थानाध्यक्ष की हालत अब स्थिर है। उनका उपचार जारी है।

### सामूहिक विवाह में बड़ा फर्जीवाड़ा

अमन लेखनी समाचार

अमरोहा,मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के दौरान एक चौंकाने वाला मामला सामने आया। गजरौला शहर के शिव इंटर कॉलेज में आयोजित समारोह में 233 जोड़ों की शादी होनी थी। इनमें से 200 जोड़ों का विवाह पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ संपन्न हुआ।एक युवती का होने वाला दूल्हा जब समारोह में नहीं पहुंचा, तो उसके परिजनों ने तीन बच्चों के एक पिता को शादी के लिए राजी कर लिया। दोनों की शादी की सभी रस्में पूरी कर दी गईं। मौजूद सांसद कंवर सिंह तंवर, विधायक राजीव तरारा और सीडीओ अश्वनी मिश्रा समेत अन्य अतिथियों ने भी नवदंपति को आशीर्वाद दिया। समारोह के बाद जब मामले का खुलासा हुआ, तो प्रशासन में हड़कंप मच गया।सीडीओ के अनुसार दुल्हन बवनपुरा माफी गांव की रहने वाली है, जबकि दूल्हा गांव सलेमपुर गोंसाई का निवासी है।

### पशुओं को चारा खिलाने गए वीएचपी कार्यकर्ताओं को रोका

अमन लेखनी समाचार

हसनपुर, कान्हा गौशाला में आज एक विवाद सामने आया। दोपहर 12 बजे विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल और नगर मंत्री अमित शर्मा गौ सेवा के लिए गुड़ और हरा चारा लेकर पहुंचे। गेटकीपर ने उन्हें अंदर जाने से रोक दिया। उसने कहा कि नगर पालिका प्रशासन के अलावा किसी को गौशाला में प्रवेश की अनुमति नहीं है।कार्यकताओं ने नगर पालिका ईओ को फोन किया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। एसडीएम ने भी नगर पालिका से अनुमति लेने की बात कही।लगातार प्रयासों के बाद भी गेट नहीं खुला।करीब तीन घंटे बाद शाम 3 बजे चेयरमैन और ईओ ने आकर गेट खुलवाया।

# डीएम व एसपी ने बूढेश्वरनाथ शिव मंदिर का किया निरीक्षण

## महाशिवरात्रि पर्व को सकुशल संपन्न कराने हेतु संबंधितों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर, बहराइच। आगामी त्योहारों को शासन की मंशा के अनुरूप संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन के निर्देशन में व्यवस्थायें चाक चौबंद की जा रही है। दो दिनों बाद महाशिवरात्रि पर्व को लेकर आज सोमवार को बहराइच डीएम मोनिका रानी ने पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह, एसडीएम नानपारा अंजनी यादव, सीओ महसी डीके श्रीवास्तव, बीडीओ शिवपुर अनुष्का श्रीवास्तव के साथ जनपद मुख्यालय के दूरस्थक्षेत्र विकासखंड शिवपुर निहित ग्राम पंचायत रामपुर धोबिया हार स्थित बाबा बूढ़ेश्वरनाथ शिव मंदिर का निरीक्षण किया। मंदिर प्रांगण में पहुंचकर मंदिर पुजारियों से मिलकर समस्या जानी एवं बिजली व्यवस्था, साफ सफाई, बेरीकेटिंग एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था हेतु संबंधितों को आवश्यक कड़े दिशा निर्देश दिए। उप जिलाधिकारी नानपारा एवं सीओ महसी सहित स्थानीय पुलिस ने मंदिर पुजारियों संग सुरक्षा व्यवस्था व साफ सफाई प्रकाश, बैरिकेटिंग, वाहन पार्किंग, आकस्मिक चिकित्सा सुविधा एम्बुलेंस आदि को लेकर आवश्यक चर्चाएं किया। वहीं मंदिर प्रांगण में गंदगी के अंबार व अमृतसरोवर की बदहालिता को लेकर खंड विकास अधिकारी सहित ग्राम प्रधान को काफी फटकार लगाई तथा तत्काल बिजली पानी सुरक्षा सफाई की सुचारु व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर थानाध्यक्ष खैरीघाट संजय कुमार सिंह, उप निरीक्षक टी एन मौर्या, उपनि0 राम आधार यादव हेड कांस्टेबल प्रमोद कुमार वर्मा कांस्टेबल रंजीत कुमार वर्मा राजस्व निरीक्षक शिवपुर, लेखपाल शुभम कुमार यादव, ग्राम पंचायत सचिव अकदस अली, ग्राम प्रधानप्रतिनिधि प्रभात कुमार जायसवाल, पूर्णिमा देवी सहित काफी संख्या में सफाई कार्मिक गणमान्य नागरिक मंदिर पुजारीगण मौजूद रहे।

# दस लाख की स्मैक के साथ एक युवक को किया गिरफ्तार

## एसएसबी व पुलिस के संयुक्त टीम को मिली सफलता

अमन लेखनी समाचार



रुपईडीहा, बहराइच। इस समय भारत नेपाल सीमा से स्मैक की तस्करी चरम पर है। पिछले एक सप्ताह के अंदर मित्र राष्ट्र नेपाल के शहर नेपालगंज में नेपाली पुलिस ने दो भारतीय तस्करों के पास से लगभग 1 किलो से अधिक स्मैक पकड़ कर दोनों को अलग अलग स्थानों से गिरफ्तार किया है ।इस घटना से ये प्रतीत होता है कि इस समय भारत नेपाल सीमा पर स्मैक तस्करी चरम पर है ।इसी धर पकड़ के क्रम को आगे बढ़ाते हुए प्रभारी निरीक्षक थाना रूपईडीहा दद्दन सिंह के नेतृत्व में सीमा पर सतर्कता रखने के उद्देश्य से रुपईडीहा पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने सीमा पर गस्त के दौरान भारत से नेपाल जाते हुए एक युवक को स्मैक के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। प्रभारी निरीक्षक थाना रूपईडीहा दद्दन सिंह ने बताया की एस एस बी और पुलिस की संयुक्त गस्त के दौरान भारत की तरफ से नेपाल जाते समय एक युवक को संदिग्ध हालत में देखकर उसे रोका गया और उसकी जामा तलाशी लेने पर उक्त व्यक्ति के पास से 20 ग्राम नाजायज स्मैक बरामद किया गया ।जिसे वह नेपाल ले जाने के फिराक में था। पकड़े गए युवक की पहचान सलीम पुत्र जुम्मन उम्र करीब 35 वर्ष निवासी माल गोदाम रोड रुपईडीहा के रूप में हुई है ।उक्त युवक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद तस्कर को बहराइच न्यायालय भेज दिया गया है ।पकड़े गए स्मैक की कीमत 10 लाख रुपए आंकी गई है। तस्कर को गिरफ्तार करने वाली टीम में रूपईडीहा थाना प्रभारी दद्दन सिंह,उप निरीक्षक विजय कुमार हेड कांस्टेबल स्वतंत्र विक्रम सिंह सहित एसएसबी के लोग मौजूद रहे।

# अधिवक्ता संशोधन बिल के विरोध में अधिवक्ताओं ने तहसील गेट पर किया प्रदर्शन



अमन लेखनी समाचार/फैजान

कैसरगंज, बहराइच। अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2025 को वापस लिए जाने की मांग को लेकर बार एसोसिएशन कैसरगंज के अधिवक्ताओं ने मंगलवार को हाथों में लेकर तहसील गेट पर प्रदर्शन किया। अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2025 को वापस लिये जाने की मांग कर रहे हैं ।बार एसोसिएशन के अध्यक्ष गंगाधर मिश्र ने बताया कि प्रस्तावित संशोधन विधेयक संविधान में दिए गए मौलिक अधिकार स्वतंत्रता के अधिकार को समाप्त कर रहा है ।उक्त प्रस्तावित संशोधन बिल जो अधिवक्ताओं के हितों के बिल्कुल विपरीत है हम सभी अधिवक्ता इसका विरोध करते हैं ।उन्होंने बताया कि मंगलवार को कैसरगंज के सभी अधिवक्ता कलम बंद हड़ताल पर हैं। इस अवसर पर महामंत्री अजय प्रताप सिंह, पूर्व अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह चौहान, बृजेश मिश्रा, सतीश यादव, पंकज श्रीवास्तव ,सहित सौ से अधिक अधिवक्ता मौजूद रहे।

# गंदगी देख भड़की एसडीएम, संबंधितों की जमकर लगाई क्लास

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर, बहराइच। महाशिवरात्रि पर्व को लेकर देशभर में उल्लास का माहौल है। अनंत काल से चले आ रहे इस पौराणिक पर्व पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेने बूढ़ेश्वरनाथ शिव मंदिर पहुंची एसडीएम नानपारा। सीओ संग लिया सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा, बदहाल अमृत सरोवर तथा मंदिर प्रांगण में गंदगी का अंबार देख भड़की एसडीएम, मौके पर ही संबंधितों की जमकर लगाई क्लास, दिए सख्त आवश्यक दिशा निर्देश। बुधवार 2025 को पडने वाले महाशिवरात्रि पर्व को शासन की मंशा के अनुरूप मनाए जाने हेतु जिला प्रशासन पूरी तरीके से मुस्तैद है। जिले के प्रसिद्ध शिव मंदिरों में शिव बारात व श्रद्धालुओं की भीड़ के मद्दे सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेने हेतु स्वयं जिला अधिकारी मोनिका रानी तथा पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह दल बल सहित शिवालयों का निरीक्षण कर समुचित व्यवस्था हेतु निर्देशित रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने बूढ़ेश्वर नाथ शिव मंदिर पहुंच कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्थाओं हेतु संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। वहीं मंदिर पहुंची नानपारा एसडीएम अंजनी यादव व पुलिस क्षेत्राधिकारी महसी डीके श्रीवास्तव ने मंदिर पुजारिओं संग बैठक कर समुचित व्यवस्थाओं की रूपरेखा तैयार की है। जिसमें जलाभिषेक करने वाले श्रद्धालुओं के लिए समुचित क्षेत्रफल, बैरिकेटिंग आवागमन मार्ग, वाहन पार्किंग, एम्बुलेंस, साफ सफाई, बिजली, पानी आदि सम्मलित हैं। मंदिर प्रांगण में गंदगी के अंबार तथा अमृत सरोवर की बदहाल स्थित को देखकर एसडीएम नानपारा ने खंड विकास अधिकारी सहित ग्राम प्रधान प्रतिनिधि प्रभात कुमार की जमकर की क्लास लगाई। निमार्णाधीन अमृत सरोवर के बजट आदि के बारे में वीडियो शिवपुर से पूछताछ करते हुए निश्चित समयावधि से पहले सभी प्रकार की व्यवस्थाओं को चुस्त दुरुस्त करने हेतु निर्देशित किया है। इस अवसर पर खैरीघाट पुलिस, राजस्व व विकासखंड कार्यालय के कार्मिकगण काफी संख्या में श्रद्धालुजन व नागरिकगण मौजूद रहे।

# एसओ के अथक प्रयास से तीन वर्षों से अधर में लटकी कुंडासर चौकी का हुआ निर्माण

● जनसहयोग से लाखों की लागत से बनाई गई भव्य चौकी

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। वर्षो से लगातार चली आ रही फखरपुर के कुंडासर चौकी भवन के निर्माण कार्य को आखिरकार एसओ राजेश शुक्ला द्वारा अमली जामा पहना ही दिया गया। चार वर्षो में आधा दर्जन थानेदार आए और चले गए किसी ने भूमि पूजन तो किसी ने नींव पूजन किया तो किसी ने नींव भराकर छोड़ दी। मगर कभी भी चौकी निर्माण का कार्य परवान नही चढ़ सका। वर्षो से अधर में लटकी चौकी भवन के निर्माण के लिए एसओ राजेश शुक्ला द्वारा ततपरता दिखाई और कुछ निजी कोष तो कुछ समाजसेवियों के जनसहयोग की मद्त से तीन माह में चौकी को बनवाकर अमली जामा पहना दिया गया। जिसका वैदिक पूजन पश्चात उद्धघाटन 26 तारीख महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर कप्तान के द्वारा किया जाएगा।एसओ के अनूठे पहल से गांव समाज मे उनकी खूब चर्चा हो रही है।



एसओ ने बताया फिनिशिंग का काम चल रहा है।एक दो दिन में वह भी पूरा हो जाएगा।स्थानीय लोगो को नजदीक में चौकी बनने से अब दूर थाने जाने से भी निजात मिलेगी।

# नीमा का वार्षिक सम्मेलन शगुन लॉन में संपन्न

## शगुन पैलेस में आयुष डॉक्टरों का वार्षिक सम्मेलन

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन के तत्वाधान में शगुन पैलेस में वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डॉक्टर प्रज्ञा त्रिपाठी एमएलसी बहराइच विशिष्ट अतिथि सीएमओ संजय कुमार बहराइच रहे। सीएमओ संजय कुमार के द्वारा जिले के तमाम आयुष डॉक्टर को उनके अच्छे कार्यशैली को देखते हुए शील्ड देकर सम्मानित किया गया, साथ ही साथ सीएमओ संजय कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि आयुष डॉक्टर हमारे नेचुरल शरीर को नेचुरल पद्धति की जरूरत है। इसलिए कोरोना काल जैसे भयानक दौर में आयुर्वेद के अलावा किसी और दवा का सहारा नहीं रहा। ऐसी स्थिति में सबसे पहले हमारे मानव शरीर के लिए नेचुरल पद्धति की जरूरत सबसे पहले है। मुख्य अतिथि डॉक्टर प्रज्ञा त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहां की आयुष डॉक्टर सबसे पहले मरीज को अच्छी सलाह के तहत अच्छी उपचार के लिए प्रेरित करते हैं। हमारे शरीर के लिए सबसे पहले नेचुरल पद्धति की ही जरूरत होती है। एलोपैथिक दवाओं का इस्तेमाल करके आम आदमी का मानव शरीर हैबिट्यूल हो गया है। हम तमाम लोगों को चाहिए कि जहां तक हो सके एलोपैथिक दवाओं से बचा जाए। नेचुरल पद्धति का इस्तेमाल करके निरोगी जीवन जीने का मजा लेना चाहिए। शगुन पैलेस के वार्षिक सम्मेलन में डी ओ रंजन कुमार, नीमा के अध्यक्ष वजूद खा, डॉक्टर मोहम्मद आफाक, डॉक्टर शैलेंद्र श्रीवास्तव, डॉक्टर इरफान कुरैशी, डॉक्टर दावर अली, डॉक्टर राशिद अली गंदरा, डॉक्टर एजाज अली कादरी, डॉक्टर मिज्जन अली, डॉक्टर आलिया एवं जनपद बहराइच के तमाम सम्मानित डॉक्टरों की टीम भारी संख्या में मौजूद रही।

# अंतरराष्ट्रीय फार्मेसिस्ट संघटन के प्रदेश अध्यक्ष (आईटी) बनाये गए अस्मित रस्तोगी

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच ।जरवल निवासी अस्मित रस्तोगी को अंतरराष्ट्रीय फार्मेसिस्ट संघटन (आईटी) का प्रदेश अध्यक्ष मानोनीति किया गया है। इसके अलावा सुश्री गरिमा त्रिपाठी प्रदेश उपाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश (शिक्षक शाखा) आशीष सोनी प्रदेश उपाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश परमेश वर्मा प्रदेश प्रवक्ता, यूपी एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुज पटेल ने कहा कि अंग्रेजों के समय से चले आ रहे काले कानून शेड्यूल को प्राथमिकता के आधार पर समाप्त कराकर फामेर्सी क्षेत्र को स्वतंत्र कराया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष अस्मित रस्तोगी ने इस अंतर्राष्ट्रीय फार्मासिस्ट संगठन से अधिक से अधिक फार्मासिस्टों को जुड़ने का आह्वान किया। राष्ट्रीय महासचिव सरफराज अहमद ने बताया कि शीघ्र ही भारत सहित अन्य देशों में कार्यकारिणी की घोषणा की जाएगी। संगठन के प्रति अपनी बातों को रखते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नवीन सिंह ने फार्मासिस्टों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ठोस कार्ययोजना पर बल दिया।

# महाकुंभ में श्रद्धालुओं को परेशानी

## बांदा रोडवेज में खड़ी हैं बसें, लेकिन ड्राइवर-कंडक्टर गायब; यात्रियों ने किया हंगामा

अमन लेखनी समाचार



बांदा, महाकुंभ में महाशिवरात्रि स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। लेकिन बांदा में रोडवेज की लापरवाही से यात्री परेशान हैं। बांदा रोडवेज में दर्जनों बसें मौजूद हैं। मगर ड्राइवर और कंडक्टर नदारद हैं। सैकड़ों श्रद्धालु कई घंटों से बसों का इंतजार कर रहे हैं। आक्रोशित श्रद्धालुओं ने रोडवेज परिसर में जमकर नारेबाजी की। यात्रियों का कहना है कि सीएम योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सख्त निर्देश दिए हैं। सरकार हर तरह की सुविधा मुहैया करा रही है। लेकिन रोडवेज के अधिकारी और कर्मचारी सरकार के निदेर्शों की अवहेलना कर रहे हैं। श्रद्धालुओं ने रोडवेज प्रशासन से मांग की है कि तुरंत स्टाफ को बुलाया जाए। साथ ही बसों को प्रयागराज के लिए रवाना किया जाए। इससे पहले भगदड़ की घटनाओं के बाद सीएम योगी ने प्रदेश भर के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए थे।

# दीवार गिरने से तीन बच्चों की हुई थी मौत

## प्रभारी मंत्री ओपी राजभर ने पीड़ित परिजनों से मुलाकात कर आर्थिक मदद का दिया आश्वासन

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, गोसाईगंज अंतर्गत दजीर्पुर गांव में एक अधूरे पक्के मकान की दीवार गिरने से तीन मासूम बच्चों की जान चली गई। घटना के समय बच्चे मकान में खेल रहे थे। एक बच्चे की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। दो चचेरे भाइयों ने लखनऊ में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। बचाव कार्य में जुटे 10 ग्रामीण भी इस हादसे में घायल हुए। प्रभारी मंत्री ओपी राजभर ने रविवार को घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने शोकाकुल परिवारों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। मंत्री ने कहा कि यह क्षति अपूरणीय है। राजभर ने मृतक बच्चों के परिवारों को जल्द ही सरकारी सहायता राशि और घायलों को आर्थिक मदद दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने एसडीएम को सभी जरूरी दस्तावेज तैयार करने के निर्देश दिए। मंत्री करीब 45 मिनट तक गांव में रहे। इससे एक दिन पहले मंत्री के पुत्र अरविंद राजभर ने भी पीड़ित परिवारों से मुलाकात की थी। सदर विधायक राजप्रसाद उपाध्याय भी पीड़ित परिवारों से मिलने पहुंचे। यहां एसडीएम जयसिंहपुर शिव प्रसाद, तहसीलदार मयंक मिश्रा, थानाध्यक्ष गोसाईंगंज अखिलेश सिंह, सुभासपा प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश शर्मा, जिलाध्यक्ष विनीत सिंह, बृजेश पाल, सन्तोष राना सहित पीड़ित परिवार परिजन, ग्रामवासी और अन्य लोग मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में महिला की मौत

## ई-रिक्शा पर लदे दरवाजे से हुआ हादसा, एक महिला घायल

अमन लेखनी समाचार

तिलोई, मोहनगंज थाना क्षेत्र में रविवार को एक सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। तिलोई-सेमरौता मार्ग पर सुभाष पशुपति नाथ विद्यापीठ इंटर कॉलेज के पास यह घटना हुई। सुनील कुमार अपनी पत्नी सुनीता देवी और मोहनदेई के साथ बाइक पर शादी समारोह में जा रहे थे। इसी दौरान सेमरौता की ओर जा रहे ई-रिक्शा पर लदे दरवाजे का बाहर निकला गेट उनकी बाइक से टकरा गया। हादसे में हेलमेट पहने होने के कारण सुनील को मामूली चोटें आईं। लेकिन पीछे बैठी सुनीता देवी और मोहनदेई के सिर पर गंभीर चोटें लगीं। तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिलोई ले जाया गया। वहां से दोनों महिलाओं को गंभीर हालत में रेफरल अस्पताल भेजा गया। इलाज के दौरान 32 वर्षीय सुनीता देवी की मौत हो गई। 62 वर्षीय मोहनदेई को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। थाना प्रभारी राकेश सिंह के अनुसार, ई-रिक्शा चालक मौके से फरार हो गया है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। मृतक सुनीता के 10 वर्षीय बेटे और 14 वर्षीय बेटी के सिर से मां का साया उठ गया है। गांव में शोक की लहर है। पुलिस प्रशासन ने वाहनों पर सामान लादते समय सुरक्षा मानकों का पालन करने की अपील की है।



# धोपाप धाम-गोमती तट पर 500 लोगों ने की सफाई

## निरंकारी सेवादारों ने चलाया अभियान, स्वच्छ जल-स्वच्छ मन परियोजना का तीसरा चरण

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, संत निरंकारी मिशन की लंभुआ और बेथरा यूनिट ने एक बड़ा सफाई अभियान चलाया। यह अभियान प्रोजेक्ट अमृत के तहत स्वच्छ जल-स्वच्छ मन परियोजना के तीसरे चरण का हिस्सा था। धोपाप धाम और गोमती नदी के किनारे यह विशेष अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान में 500 से अधिक निरंकारी मिशन के महिला और पुरुष सेवादारों ने स्वेच्छा से भाग लिया। सेवादारों ने गोमती नदी की सफाई की और आसपास के लोगों को जल संरक्षण का संदेश दिया। यह कार्यक्रम सद्गुरु माता सुदीक्षा सविंदर हरदेव जी महाराज के निर्देश पर बाबा हरदेव सिंह जी महाराज के जन्म दिवस पर आयोजित किया गया। यह अभियान पूरे देश में चलाया गया। लंभुआ और बेथरा के मुखी राम सेवक मौर्य ने कहा कि प्रदूषण अंदर और बाहर दोनों स्तर पर हानिकारक है। उन्होंने बताया कि निरंकारी मिशन कई वर्षों से सामाजिक कार्यों में सक्रिय है। मिशन वृक्षारोपण, रक्तदान शिविर और स्वच्छता अभियान जैसी गतिविधियां नियमित रूप से करता है। बेथरा के मुखी सुनीत कुमार श्रीवास्तव ने अभियान का मुख्य उद्देश्य बताया। उन्होंने कहा कि जल निकायों के संरक्षण के बारे में लोगों को जागरूक करना है। यह आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ भविष्य देने के लिए जरूरी है। इस अवसर पर संचालक श्याम देव व हरिप्रसाद, शिक्षक पंकज सिंह व मुंशीलाल, अरविंद, रामहित, बृजेश, बंदना, शिल्पा समेत सैकड़ो की संख्या में सेवादार संत लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप

### शराबी भाइयों ने किशोर पर किया हमला

अमन लेखनी समाचार

सरधना, नगर के मोहल्ला पीरजादगंज में एक गंभीर घटना सामने आई है। दो शराबी भाइयों ने 13 साल के किशोर पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। घटना रविवार की है। पीड़ित के पिता यूनुस ने बताया कि उनका बेटा हमजा घर से बाहर गया था। इसी दौरान मोहल्ले के ही दो भाइयों ने उसे रास्ते में रोक लिया। आरोपियों ने पहले हमजा से गाली-गलौज की। जब हमजा ने इसका विरोध किया, तो दोनों ने धारदार हथियार से उसके सिर पर वार कर दिया। हमला इतना जोरदार था कि हमजा सड़क पर गिर पड़ा। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। उन्होंने तुरंत घायल हमजा को सीएससी भारती अस्पताल में भर्ती कराया। परिवार ने थाने में दोनों आरोपी भाइयों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आरोपी भाई शराब के आदी हैं और आवारा किस्म के युवक हैं। वे अक्सर अपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहते हैं।

### नगर पालिका ने किया कंपोस्ट बॉक्स का वितरण

अमन लेखनी समाचार

अनूपशहर, नगरपालिका ने स्वच्छ भारत अभियान के तहत एक अनूठी पहल की शुरूआत की है। पालिका ने 100 परिवारों को घरेलू कचरे से खाद बनाने के लिए कंपोस्ट बॉक्स दिए हैं। डीपीएस पीजी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. मुकेश गुप्ता को इस अभियान का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया है। वे नगरपालिका कर्मचारी निशु और राजा के साथ रोजाना कस्बे में जाते हैं। टीम प्रतिदिन करीब 12 लोगों को कंपोस्ट खाद बनाने के लिए प्रेरित करती है। पालिका अध्यक्ष ब्रजेश गोयल और अधिशासी अधिकारी गार्गी त्यागी के नेतृत्व में यह कार्यक्रम चल रहा है। सूर्यांश प्रताप इसका प्रतिदिन निरीक्षण करते हैं। डॉ. गुप्ता के अनुसार, 100 कंपोस्ट बॉक्स से एक महीने में करीब 500 किलो खाद तैयार होगी। कंपोस्ट खाद बनने में एक महीना लगता है। लिक्विड खाद एक सप्ताह में तैयार हो जाती है। यह खाद बागवानी और टेरेस गार्डन के लिए बेहद उपयोगी है।

### एक पशु तस्कर गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

बागपत, बड़ौत कोतवाली पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान एक बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक कैंटर को रोककर तलाशी ली। इस दौरान कैंटर से 6 प्रतिबंधित पशु बरामद हुए, जिनमें से 3 पशुओं की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मामले में शामली निवासी फैजान पुत्र सलीम को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक कैंटर, एक वैगनर कार और मोबाइल फोन बरामद किया गया है। जांच में पता चला कि आरोपी इन प्रतिबंधित पशुओं को शामली से गाजियाबाद ले जा रहा था। बड़ौत कोतवाली प्रभारी मनोज चहल के अनुसार, आरोपी के खिलाफ गौवध अधिनियम और पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# राष्ट्र निर्माण के चाणक्यों को एजुकेटेड गर्ल्स संस्था ने किया सम्मानित



अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर,जनपद के अमौली विकासखंड ब्लॉक संसाधन केंद्र परिसर में एजुकेटेड गर्ल्स संस्था द्वारा विकासखंड के 15 चाणक्य शिक्षकों को चयनित कर सम्मानित किया गया खंड शिक्षा अधिकारी श्रवण कुमार पाल के सर्वेक्षण में संस्था के ब्लाक कार्यक्रम अधिकारी नागेंद्र प्रजापति ब्लॉक समन्वक दिनेश कुमार आदि की टीम द्वारा विकासखंड के उत्कृष्ट विद्यालय प्राथमिक विद्यालय बाबूपुर के प्रधानाध्यापक सर्वेश कुमार अवस्थी प्राथमिक विद्यालय तारापुर की प्रधानाध्यापिका मनीषा शुक्ला प्राथमिक विद्यालय अमौली की प्रधानाध्यापिका कीर्ति पालीवाल समेत क्षेत्र के लगभग 15 प्रधानाध्यापक प्रशस्ति पत्र शील्ड द्वारा पुरस्कृत हुए कार्यक्रम में मौजूद संस्था के पदाधिकारियों ने शिक्षा जगत को निरंतर उच्च शिखर पर पहुंचाने वाले शिक्षकों समेत मार्गदर्शन देने वाले खंड शिक्षा अधिकारी श्रवण कुमार पाल को हार्दिक शुभकामनाएं दी वही सभी शिक्षकों ने संस्था समेत खंड शिक्षा अधिकारी का आभार व्यक्त किया इस मौके पर विकासखंड के लगभग 28 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों शिक्षकों के साथ विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे

# वैदिक मंत्रोच्चारण से प्रज्ज्वलित हुई अग्नि,परिक्रमा प्रारम्भ

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर, बकेवर। थाना क्षेत्र के मुसाफा में स्थित बाबा श्रीबूढ़ेनाथ स्वामी मंदिर में चल रहे 42वें रुद्रयज्ञ एवं रासलीला महोत्सव के तहत मंगलवार को अरणी मंथन की पौराणिक विधि संपन्न हुई। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच आचार्यों ने पारंपरिक विधि से अग्नि प्रकट की, जिसके साथ ही विधिवत हवन का शुभारंभ हुआ। श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से आहुतियां अर्पित कीं, जिससे पूरा वातावरण शिवमय हो गया। मंदिर प्रांगण हर-हर महादेव और ओम नमः शिवाय के जयघोषों से गूंज उठा। अग्नि प्रकट होते ही यज्ञ मंडप की परिक्रमा शुरू हुई। के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान शिव से आशीर्वाद प्राप्त करने हेतु विधिवत पूजा-अर्चना की। महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर भगवान शिव के जलाभिषेक हेतु सैकड़ों कांवड़िये गंगा जल लेने के लिए रवाना हुए। भगवा वस्त्र धारण किए हुए कांवड़ियों का उत्साह देखते ही बनता था। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के गगनभेदी नारों के साथ यात्रा निकली, जिसमें हर उम्र के श्रद्धालु शामिल हुए। जैसे ही कांवड़ यात्रा आगे बढ़ी, ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया। कांवड़ समिति के सदस्यों ने यात्रा के सुचारू संचालन में अहम भूमिका निभाई। बुधवार को सभी श्रद्धालु पवित्र गंगाजल से बाबा श्रीबूढ़ेनाथ स्वामी का जलाभिषेक करेंगे। रात्रि में कृष्ण जन्म लीला का भव्य मंचन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। जब नटवर नागर का जन्म हुआ, तो पूरे पंडाल में जयकारे गूंज उठे। भक्तों ने बधाई गीत गाकर आनंद मनाया। रात्रि को कलाकारों ने कृष्ण लीला के विभिन्न प्रसंगों का मंचन किया, जिसमें बाल लीलाएं, पूतना वध और कालिया नाग का दमन विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। नंदोत्सव के दौरान जब ग्वालबालों ने माखन-मिश्री का प्रसाद वितरित किया, तो पूरा माहौल भक्तिरस से सराबोर हो गया।

# महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर धार्मिक स्थलों का हुआ निरीक्षण




एडीएम तथा अपर पुलिस अधीक्षक ने पूजा अर्चना कर लिया आशीर्वाद

अमन लेखनी समाचार

बिंदकी, फतेहपुर। जनपद की बिंदकी तहसील अंतर्गत महाशिवरात्रि से पूर्व जगह-जगह शिव मंदिरों ऐतिहासिक धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को लेकर शासन प्रशासन ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया जनपद के ऐतिहासिक स्थल गूढेश्वर अखंड धाम अपर जिलाधिकारी डॉक्टर अविनाश त्रिपाठी तथा अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा पहुंचे आश्रम स्थल पहुंचकर दोनों अधिकारियों ने पूजा अर्चना कर बाबा गूढेश्वर से आशीर्वाद प्राप्त करते हुए श्रद्धालुओं से मुलाकात की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आसपास के श्रद्धालुओं से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई वहीं प्रशासन को चप्पे चप्पे पर तैनात कर दिया गया इस मौके पर थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह राजस्व निरीक्षक सतीश कुमार पवन कुमार पाण्डेय समेत मंदिर समिति के पदाधिकारी व क्षेत्रीय श्रद्धालु भक्तगण मौजूद रहे

# 12वीं के दो छात्रों को बंधक बनाकर पीटा



होटल में पिस्टल दिखाकर बेल्टों से दोनों को मारा, 4 आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

गौतम बुद्ध नगर, दो स्कूली छात्रों के साथ हैवानियत की घटना सामने आई है। गाजियाबाद के बहरामपुर गांव के दो छात्रों को गौर सिटी के एक होटल में बंधक बनाया गया। आरोपियों ने उन्हें लाठी-डंडों और बेल्ट से पीटा। दोनों छात्र ग्रेनो वेस्ट के तिगरी स्थित स्कूल में 12वीं कक्षा के छात्र हैं। वे परीक्षा देने आए थे। तिगरी के चार युवक उन्हें कार में बैठाकर होटल ले गए। वहां एक कमरे में बंद कर पिटाई की। आरोपियों ने शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित छात्र किसी तरह घर पहुंचे और परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजनों की शिकायत पर बिसरख कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज किया। पुलिस ने सलेख, दीपक, गौतम और राजकुमार को गिरफ्तार कर लिया है। मारपीट का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। आरोपियों ने पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इससे इलाके में आक्रोश फैल गया है। पुलिस ने वीडियो को अपने कब्जे में ले लिया है। इसके आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

# रिटायर्ड लेफ्टिनेंट कर्नल से 3.40 लाख की टप्पेबाजी

## इलाज के नाम डॉक्टर बनकर घर आए, सम्मोहित किया और ले गए रकम

अमन लेखनी समाचार

नोएडा, टप्पेबाजी का नया मामला सामने आया है। इसमें रिटायर्ड लेफ्टिनेंट कर्नल एसपी मलिक से 3.41 लाख रुपए इलाज के नाम पर ठग लिए। दरअसल रिटायर्ड लेफ्टिनेंट कर्नल की उम्र 80 साल से ज्यादा है। उनके हाथ में दर्द रहता है। कई डॉक्टरों को दिखाया लेकिन आराम नहीं मिला। वे सेक्टर-29 अरुण विहार में रहते है। पीड़ित ने थाना सेक्टर-20 पुलिस से रिपोर्ट की है। बेटी सीमा मलिक ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनके पिता सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल एसपी मलिक शाम को बह्मपुत्र मार्केट में घूमने गए थे। वहां पर मनीष अग्रवाल नाम का व्यक्ति मिला। एसपी मलिक के बुजुर्ग होने के चलते कमर व हाथ में



दिक्कत होने पर नाड़ी देखने वाला बताकर मदद करने लगा। मनीष ने बातों-बातों में बताया कि उसके पिता के भी इसी तरह की दिक्कत थी। जानकार डॉक्टर ने मनीष के पिता को चंद दिनों में ठीक कर दिया था। मनीष ने एसपी मलिक को अपना मोबाइल नंबर दिया और उनका नंबर ले लिया। अगले दिन हाथ व कमर में दर्द होने पर डॉक्टर के सुझाव पर विचार करते हुए मनीष से संपर्क किया और डॉक्टर से बात कराई। एसपी मलिक ने घर आकर उपचार करने का आग्रह किया तो एक हजार रुपए कंसलटेशन फीस चार्ज करना बताया और डॉक्टर समेत दो लोग एसपी मलिक के घर पहुंचे।

# कुंभ स्नान को लेकर राकेश टिकैत का बड़ा बयान

बोले-स्नान न करने वालों को सरकार नहीं मानेगी हिंदू

अमन लेखनी समाचार

बागपत, भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के प्रवक्ता राकेश टिकैत ने योगी सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार वोट बैंक के लिए विवाद खड़ा कर रही है। टिकैत ने कुंभ स्नान को लेकर एक बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि जो कुंभ में स्नान नहीं करेगा, उसे सरकार हिंदू नहीं मानेगी। हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उन्होंने खुद कुंभ स्नान किया है। लेकिन उन्हें सरकार से किसी सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं है। लाउडस्पीकर विवाद पर भी टिकैत ने सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि सरकार को विवादित मुद्दों की बजाय अपने कामों पर ध्यान देना चाहिए। किसान नेता ने सरकार से किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग की। टिकैत गाजियाबाद के मंडोला में होने वाली किसान पंचायत में



जा रहे थे। इस दौरान राकेश टिकैत ने सरकार से किसानों की सभी समस्याओं के समाधान की मांग की। कहा कि सरकार किसानों की प्रत्येक मांग को पूरा करें। सरकार किसानों की अनदेखी ना करें।

# हाईवे पर वाहनों से ईंधन चोरी का खुलासा

❍ 30-40 लाख रुपए का डीजल-पेट्रोल चुराकर हरियाणा में बेचते थे, 4 आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

गौतम बुद्ध नगर, पुलिस ने हाईवे और ढाबों पर खड़े वाहनों से ईंधन चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। थाना इकोटेक प्रथम पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 1250 लीटर चोरी किया गया तेल बरामद किया है। साथ ही चोरी किए गए पेट्रोल की बिक्री से मिले 8000 रुपये नकद भी जब्त किए हैं। घटना में प्रयुक्त एक छोटा हाथी और एक अल्टो कार भी बरामद की गई है। लोकल इंटेलिजेंस से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने घरबरा गेट के पास से तरुण, संतोष वीके, सोनू और खुशीराम को गिरफ्तार किया। एडिशनल डीसीपी अशोक




कुमार के अनुसार, ये शातिर अपराधी एक्सप्रेसवे और ढाबों के पास खड़ी गाड़ियों से डीजल-पेट्रोल चुराते थे। आरोपी एक बार में करीब एक लाख रुपये का ईंधन चोरी करते थे। महीने में लगभग 30-40 लाख रुपये का डीजल-पेट्रोल चुराकर हरियाणा में बेच देते थे। पुलिस लंबे समय से इस गिरोह की तलाश कर रही थी।


आए दिन हाईवे पर ईंधन चोरी की शिकायतें मिल रही थीं। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जांच में पता चला कि यह गिरोह काफी समय से सक्रिय था और व्यवस्थित तरीके से ईंधन चोरी का धंधा चला रहा था।

# गंग नहर के पास कार दुर्घटनाग्रस्त

## सरधना में दो युवकों की मौत, दो गंभीर घायल; पुलिस ने काटकर निकाला शव

अमन लेखनी समाचार

सरधना, थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। घटना चौधरी चरण सिंह मार्ग पर गांव कपसाड के पास गंग नहर के निकट हुई। कार में सवार चार युवकों में से दो की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। क्षतिग्रस्त कार में फंसे घायलों को निकालने के लिए पुलिस को वाहन को काटना पड़ा। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया है। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है। मृतकों की पहचान सरायनगर कोतवाली निवासी नकुल कश्यप और मनप्रीत उर्फ सोनू के रूप में हुई। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह मार्ग दुर्घटना की दृष्टि से संवेदनशील है। इस हादसे में



नकुल और मनप्रीत की मौत हो चुकी है। नकुल के पिता राकेश कश्यप ने बताया कि नकुल सूर्या बल्ब की कंपनी में काम करता था। नकुल परिवार का इकलौता बेटा था। उसकी दो बहनें हैं, इसमें एक बहन की शादी हो चुकी है। इसी तरह मनप्रीत भी परिवार का इकलौता बेटा था। मनप्रीत के पिता डाबर कंपनी में काम करते हैं, जबकि मनप्रीत मेडिकल स्टोर पर काम करता था। नकुल, मनप्रीत, दीपांशु और रोहित चारों दोस्त शनिवार को घर से घूमने निकले थे। सभी गाजियाबाद के रहने वाले हैं। मनप्रीत की मम्मी कमलजीत कौर ने बताया कि चारों लोग घर से झूठ बोलकर निकले कि हम दिल्ली जा रहे हैं। जबकि ये दिल्ली की जगह खतौली साइड कहीं चले गए। अगर बच्चे हमसे कहीं और जाने का कहते तो हम कभी नहीं भेजते। कहा कि दीपांशु और मनप्रीत नई बस्ती गाजियाबाद एक ही मेडिकल स्टोर पर काम करते थे

# खुले में शराब पीने वालों के खिलाफ अभियान

## पुलिस पहुंची, कोई रेलिंग कूदकर भागा तो किसी ने हाथ जोड़कर मांगी माफी

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोन में विशेष अभियान चलाया गया। इस तीन घंटे के अभियान में 635 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ लोग सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर राहगीरों को परेशान कर रहे हैं। इसके बाद शहर, देहात और ट्रांस हिंडन जोन में यह अभियान चलाया गया। पकड़े गए सभी लोगों का मेडिकल कराने के बाद पुलिस एक्ट की धारा 34 के तहत चालान किया गया। डीसीपी सिटी राजेश कुमार के अनुसार, नगर जोन में कुल 287 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इनमें कोतवाली घंटाघर से 34, विजयनगर से 46, सिहानी गेट से 36, नंदग्राम से



57, कवि नगर से 53 और मधुबन बापूधाम से 61 लोग शामिल हैं। डीसीपी रूरल सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि देहात जोन में 212 लोगों पर कार्रवाई हुई। इनमें लोनी से 15, ट्रॉनिका सिटी से 16, अंकुर विहार से 11, लोनी बॉर्डर से 46, मसूरी से 20, मुरादनगर से 38, मोदीनगर से 10, निवाड़ी से 4, भोजपुर से 10, वेव सिटी से 11 और क्रॉसिंग रिपब्लिक से 31 लोग शामिल हैं।

# गन्ना क्रय केंद्र से चोरी का खुलासा

## बागपत में 3 आरोपी गिरफ्तार, 30 क्विंटल गन्ना और ट्रैक्टर-ट्राली बरामद



अमन लेखनी समाचार

बागपत, बिनौली कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने गन्ना चोरी के मामले का खुलासा किया है। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी का 30 क्विंटल गन्ना और एक ट्रैक्टर-ट्राली बरामद की है। दोझा गांव स्थित गन्ना क्रय केंद्र से गन्ना चोरी हुआ था। इस मामले में तोल लिपिक महेश शर्मा ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान दोझा गांव के तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान साहिल पुत्र गुल मोहम्मद, राहिल पुत्र नसीम और मोहसिन पुत्र मोमिन के रूप में हुई है। आरोपियों ने रात के समय गन्ना क्रय केंद्र से चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। बिनौली थाना प्रभारी शिवदत्त ने बताया कि तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनके पास से चोरी का माल और वारदात में इस्तेमाल किया गया वाहन बरामद कर लिया गया है।

# बाइकों की भिड़ंत में दो की मौत

## मसूरी क्षेत्र में आमने-सामने से टकराई बाइक, दोनों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, मसूरी थाना क्षेत्र में आमने-सामने की बाइक की टक्कर में दो की मौत हो गई। दोनों ने बाइक चलाते समय हेलमेट नहीं लगा रखा था।

जिसमें गांव के पूर्व उप प्रधान के सिर में गंभीर चोट लगी, और वह कई मिनट तक सड़क पर ही तड़पते रहे। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची मसूरी थाना पुलिस ने दोनों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। मसूरी थाना क्षेत्र के कल्लुगढ़ी ईदगाह के पास सड़क हादसा हुआ है। दो बाइक सवारों की आपस मे भीषण टक्कर से दोनो की मौत हुई है। सड़क हादसे में सुलेमान खां (56 साल) पूर्व उप प्रधान निवासी कुशालिया तथा अरमान हसन (30 साल) पुत्र नूरहसन की मौत हो गई। दोनों शवों को पुलिस ने पोस्मार्टम के लिए भिजवाया है। मसूरी में मुख्य रोड पर आमने-सामने की



टक्कर में दोनों के सिर में चोट लगी है। मौत के बाद परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। मसूरी थाना पुलिस का कहना है कि दोनों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं। अभी तक तहरीर नहीं आई है। जांच में आया है कि आमने-सामने की बाइकों की टक्कर हुई है।

बाइक को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# पूर्ति निरीक्षक ने पकड़ी राशन की कालाबाजारी, मुकदमा दर्ज

**राशन विक्रेता को 44 कुंतल की जगह 11 कुंतल थमा रहे थे गेहूं**

**अमन लेखनी समाचार**

भरुआ, सुमेरपुर। राशन विक्रेताओं को राशन सामग्री कम देने पर पूर्ति निरीक्षक ने डोर टु डोर सामग्री पहुंचाने वाली फर्म के मालिक, ट्रक चालक व मुनीम पर राशन की कालाबाजारी करने का मुकदमा दर्ज कराया है।

पूर्ति निरीक्षक गिरजाशंकर की ओर से दर्ज कराए गए मुकदमे में आरोप है कि ट्रक संख्या यूपी 25 एटी 5306 सिंगल स्टेज परिवहन व्यवस्था में लगा है। इनकी फर्म आध्या प्रसाद जायसवाल गोरखपुर है। गत 24 फरवरी को कस्बे के दो राशन विक्रेताओं को राशन देने के लिए ट्रक में गेहूं लोड करके भेजा गया था। ट्रक निर्धारित रूट के बजाय दूसरे रूट से राशन विक्रेता के यहां पहुंचा और राशन विक्रेता आशा देवी को 44 कुंतल के बजाय सिर्फ 11 कुंतल गेहूं उतार रहा था। इसकी शिकायत राशन विक्रेता ने पूर्ति निरीक्षक से की। शिकायत के बाद मौके पर पहुंचे पूर्ति निरीक्षक को ट्रक से करीब 32 कुंतल गेहूं गायब मिला। गेहूं गायब होने का चालक समुचित जवाब नहीं दे सका। कालाबाजारी पकड़े जाने के बाद पूर्ति निरीक्षक ने फर्म के मालिक आध्या प्रसाद जायसवाल, ट्रक चालक हुकुम, फर्म के मुनीम लोकेंद्र के खिलाफ राशन की कालाबाजारी का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने पूर्ति निरीक्षक की तहरीर पर तीनों के खिलाफ 3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। मुकदमा दर्ज होते ही चालक, मुनीम भूमिगत हो गए हैं।

# पृथक बुंदेलखंड राज्य के समर्थन में आयोजित हुआ भव्य कवि सम्मेलन

## विचार गोष्ठी के बाद किया गया सम्मान समारोह कार्यक्रम

**अमन लेखनी समाचार**

हमीरपुर। पृथक बुंदेलखंड राज्य की अलख जगाने के लिए कुरारा क्षेत्र के झलोखर में विचार गोष्ठी व भव्य कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में वक्ताओं ने बुंदेलखंड राज्य बनाने के अपने-अपने प्रयासों व अलग राज्य बनने के बाद विकास पर चर्चा की। कार्यक्रम में आये भाजयुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष राजकुमार शुक्ला व विशिष्ट अतिथि व्यापार मंडल सुमेरपुर के अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू ने झलोखर निवासी दीपक कुमार को उनके मातृभूमि के प्रति स्नेह समर्पण के लिए गौरव सम्मान से नवाजकर उनकी माता जी को सम्मान पत्र, स्मृति चिन्ह व शाल भेंटकर अभिनंदन किया।

मुख्य अतिथि राजकुमार शुक्ला ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के जरिये सभी को जोड़ने के लिए किया जाने वाला यह प्रयास सराहनीय है। बुंदेलखंड की बेहतरी के लिए बुंदेलखंड राज्य ही प्रमुख विकल्प है। उन्होंने बुंदेलखंड के विभिन्न जनपदों से आए कवियों को अंग वस्त्र, स्मृति चिह्न व प्रशंसा पत्र भेंट कर सम्मानित किया। इसके साथ ही हाईस्कूल इंटरमीडिएट की 2024 की परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले युवाओं, सामाजिक क्षेत्र में पशु सेवा में अग्रणी भूमिका निभाने वाले युवा अभिषेक त्रिपाठी, विजय कुमार, राजेश माथुर, मिथलेश कुमार को भी स्मृति चिह्न व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। विचार गोष्ठी में अपना बुंदेलखंड पर भाषण प्रस्तुत करने पर श्रेष्ठ शिवहरे, अन्वेषा गुप्ता, कृष्णा कुमार, सार्थक निगम, हर्ष प्रजापति को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि महेश गुप्ता दीपू ने कहा कि बुंदेलखंड राज्य बनने के बाद ही बुंदेलखंड का सही मायने में विकास संभव होगा। हमारे अपनो को रोजी रोटी की तलाश में पलायन नहीं करना पड़ेगा। उद्योग धंधों का विस्तारीकरण होगा क्योंकि बुंदेलखंड में सब कुछ उपलब्ध है। डा. दिनेश चन्द्र आर्य, मिथलेश मिश्रा, रेवतीरमण पाठक, रणविजय चक्रवर्ती, कमलकिशोर, नीतिराज सिंह, योगेश कुमार, शोभित तिवारी, कमलेश सिंह गौर, डा. शिवप्रकाश सिंह, डा. देवीदीन अविनाशी, पंकज अनुराग, मनोज कुमार मृदुल, संतोष कुमार माधव, संदीप दक्ष, अनिल निश्छल, दीनदयाल सोनी आदि कवियों ने बुंदेली काव्य पाठ से उपस्थित जनों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मौजूद डा. आशुतोष त्रिपाठी, कालका सविता, सचिन साहू, अजय कुमार, मातादीन, संतोष कुमार शनि आदि ने बुंदेलखंड राज्य बनने पर क्षेत्र के विकास पर चर्चा की। संयोजक सत्येन्द्र अग्रवाल ने आए हुये आगंतुकों का आभार व्यक्त कर जय जय बुंदेलखंड उदघोष के साथ कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

# बुधवार से उमड़ेगा मनासर बाबा में श्रद्धा का सैलाब, तैयारियां पूरी

**खंड विकास अधिकारी ने मौजूद रहकर कराई व्यवस्थायें**

**अमन लेखनी समाचार**

भरुआ, सुमेरपुर। देवगांव सौंखर सिमनौडी कारीमाटी के मध्य बीहड़ों में विराजमान मनासर बाबा में बुधवार से दो दिन श्रद्धा का सैलाब उमडेगा। मंगलवार को खंड विकास अधिकारी ने घंटों मौजूद रहकर साफ-सफाई का जायजा लिया और मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि पानी बिजली साफ सफाई के पुख्ता इंतजाम बनाए रखें।

बीहड़ों में विराजमान मनासर बाबा शिव मंदिर की ख्याति दूर दूर तक है। यहां आने से लोगों की मुरादें पूर्ण होती है। इसीलिए इन्हें मनासर बाबा के रूप में जाना जाता है। यहां पर प्रतिवर्ष शिवरात्रि में दो दिवसीय मेले एवं भंडारे का आयोजन होता है। मनासर बाबा सेवा समिति शिवरात्रि को खीर वितरण कराकर अगले दिन विशाल भंडारा करती है। इस अवसर पर श्रीमद् भागवत कथा भी होती है। जिसका समापन शिवरात्रि को होता है। मंगलवार को खंड विकास अधिकारी विपिन कुमार ने कई घंटे का समय मंदिर में दिया और साफ सफाई का निरीक्षण किया। इस मौके पर प्रधान कप्तान सिंह यादव, एडीओ पंचायत सुरेश कुमार, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी ओपी प्रजापति, कोटेदार मुन्नालाल प्रजापति हल्का लेखपाल मौजूद रहे। मनासर बाबा शिव मंदिर के महंत स्वामी द्वारिकादास महाराज ने बताया कि यह बहुत प्राचीन स्थान है। यहां पर प्रत्येक व्यक्ति की मनोकामना पूर्ण होती है। बुधवार को सौंखर गांव से भव्य शिवबारात निकलकर मंदिर आएगी। उन्होंने बताया कि मंदिर में बिजली का प्रबंध नहीं है। इससे तमाम परेशानियां होती है। इसके लिए उन्होंने प्रशासन को पत्राचार किया है। उम्मीद है कि जल्द ही समस्या का समाधान प्रशासन कराएगा।

# चुनकी डेरा में मनाया गया वार्षिकोत्सव

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। ग्राम पंचायत सुरौली बुजुर्ग के मजरा चुनकी डेरा के प्राथमिक विद्यालय में आयोजित शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिक उत्सव का शुभारंभ पचखुरा बुजुर्ग के कन्या प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रदीप मिश्रा ने दीप प्रज्वलित करके किया। सरस्वती वंदना, स्वागत गीत के उपरांत छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए गीत, नाटक होली गीत आदि प्रस्तुत करके जमकर वाहवाही लूटी। इस अवसर पर आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में बालक वर्ग की दौड़ में दिलीप एवं बालिका वर्ग में काजल को चैंपियन घोषित किया गया। इस मौके पर वर्ष में सर्वाधिक उपस्थित वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक नीतिराज यादव ने विद्यालय की रसोइयों को सम्मानित करते हुए सभी के प्रति आभार जताया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक निधि शर्मा, सुधीर कुमार, शैलेंद्र कुमार, पीर मोहम्मद, प्रेम प्रकाश, अमित सिंह, रामचंद्र, रोहित कुमार आदि मौजूद रहे।

# अधिवक्ता संशोधन बिल का लागू होने से पहले शुरू हुआ विरोध

**अधिवक्ताओं ने सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए सब रजिस्ट्रार कार्यालय का किया घेराव**

**अमन लेखनी समाचार**

मौदहा। केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए अधिवक्ता संशोधन बिल का लागू होने से पहले ही विरोध शुरू हो गया। अधिवक्ताओं ने सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए सब रजिस्ट्रार कार्यालय का घेराव किया है। मौदहा कस्बे की तहसील में बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर बार एसोसिएशन मौदहा के अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता संशोधन बिल का लागू होने से पहले ही जमकर विरोध किया और सरकार विरोधी नारेबाजी कर सब रजिस्ट्रार कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान रजिस्ट्रार कार्यालय के कर्मचारियों ने गेट बंद कर लिया। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष ब्रजकिशोर त्रिवेदी ने कहा कि यदि सरकार इस बिल को वापस नहीं लेती है तो अधिवक्ता उग्र प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान संगठन के महामंत्री एडवोकेट वीरेंद्र प्रजापति, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गौरव गुप्ता, एडवोकेट विनय तिवारी, प्रभात यादव, रमेश यादव, फिरोज अहमद, अनिल पाल सहित अनेक वकील मौजूद रहे।

# घर के कमरे में महिला ने लगाई फांसी

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। क्षेत्र के छिरका गांव में एक महिला ने घर मे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला की फांसी लगाकर हुई मौत की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मृतक महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटनास्थल पर पंहुची सीओ व नायब तहसीलदार ने मामले की जांच शुरू की है। मौदहा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिरका निवासी अभिलाषा 27 वर्ष पत्नी अजय कुमार ने सोमवार की देर रात घर के अंदर अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर जान दे दी। सुबह घटना का पता चलने पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने क्षेत्राधिकारी विनीता पहल तथा नायब तहसीलदार की मौजूदगी में मृतक महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# चकाडोरी आश्रम पर 12 मई से होगा श्रीराम महायज्ञ का आयोजन

**आश्रम पर ध्वजा स्थापना, यज्ञ घोषणा एवं भंडारे का हुआ आयोजन**

**अमन लेखनी समाचार/ हेमन्त यादव**



ककरवई, झांसी। ककरवई के समीप चकाडोरी आश्रम पर आज मंगलवार को धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन के साथ-साथ आगामी यज्ञ का धर्म ध्वजा गाड़ा गया। चकाडोरी धाम पर अखंड रामायण पाठ, सुंदरकांड पाठ, राम नाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। विधि विधान से मंत्र उच्चारण के साथ हवन पूजन किया गया। साथ ही आगामी 12 मई से 20 तक होने वाले श्रीराम महायज्ञ का धर्म ध्वजा पताका का पूजन किया गया तथा धर्म ध्वजा पताका को गाढ़ा गया। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। पूजन आचार्य रविंद्र मिश्रा, एवं मुकेश गौतम द्वारा कराया गया। इस अवसर पर हरि प्रकाश गुप्ता हाटी वालों ने कहा कि यज्ञ में उनके द्वारा एक कन्या का विवाह संपन्न कराया जाएगा। सभी धार्मिक कार्यक्रम आश्रम के महंत राकेश दास जी महाराज की देखरेख में संपन्न हुए। इस मौके पर पंडित महेश विदुआ, पूर्व विधायक बृजेंद्र कुमार व्यास डमडम महाराज, सुरेश कुमार मिश्रा, सेवानिवृत शिक्षक शिवनारायण शर्मा, एडवोकेट ओमप्रकाश मिश्रा, श्री प्रकाश द्विवेदी, सुशील कुमार गुप्ता (क्रेशर वाले), नागर प्रधान अनुज कुमार द्विवेदी, अरविंद हाटी वाले, सरजूशरण पाठक प्रधान धमनौड, साहब सिंह प्रधान कचीर, सीता शरण तिवारी, रोहित द्विवेदी, गोविंद प्रताप सिंह प्रधान बरारू, विधायक पुत्र राहुल राजपूत, राम प्रकाश समेले, सत्य प्रकाश तिवारी, प्रसिद्ध नारायण यादव, अवधेश फौजी, घनाराम मिश्रा, विष्णु महाराज, दीपू महाराज, मनोहर यादव, गिरिजा नंदन दीक्षित, अनिल तिवारी, नितिन मिश्रा, विनोद पाठक, प्रकाश गुप्ता, ब्रजकिशोर अवस्थी, कमलेश गिरी, विशाल द्विवेदी, दिनेश तिवारी, दुर्गेश गौतम, विश्वनाथ लल्ला, प्रीतम यादव, आशीष यादव, कालीशरण गौतम, चंद्र प्रकाश द्विवेदी, शशिकांत तिवारी, अखलेश तिवारी, सार्थक नायक, हेमंत यादव, धर्मजीत यादव सहित बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

# गरौठा की यशिका ने 9 वें राष्ट्रीय बौद्ध महासम्मेलन में मचाई धूम



**अमन लेखनी समाचार**

गरौठा, झाँसी। मुक्ताकाशी मंच झाँसी पर हुआ 9 वां राष्ट्रीय बौद्ध महासम्मेलन में देश विदेश के चर्चित अतिथियों के बीच यशिका की शानदार प्रस्तुति ने धूम मचा दी प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया सभी ने यशिका की प्रस्तुति गीत ह्लसौ बार सलामी देंगें भीम महान के लिएह्व पर किए गए नृत्य को खूब सराहा और महासम्मेलन में मौजूद दस हजार से ज्यादा की भीड़ ने खूब तालियाँ बजाई। मूल रूप से गरौठा निवासी एवं कम्पोजिट विद्यालय राजापुर ब्लॉक गुरसरांय में कार्यरत शिक्षक मोहनलाल सुमन की छोटी बेटी यशिका इससे पूर्व भी गुजरात दिल्ली लखनऊ के साथ कई मंचों पर अपनी प्रस्तुति दे चुकी है मुक्ताकाशी मंच पर हुए महासम्मेलन में मुख्य अतिथि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के पौत्र डॉ भीमराव यशवंत राव अम्बेडकर मुंबई, उद्योगपति भगवान गवई दुबई, दिल्ली के पूर्व मंत्री राजेंद्र पाल गौतम, देश के प्रसिद्ध भंते सुमित रत्न थेरा, लोकप्रिय राजनेता पूर्व मंत्री मा स्वामी प्रसाद मौर्य, पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार मा प्रदीप जैन आदित्य, पूर्व विधायक मा सतीश जतारिया, सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट महमूद प्राचा चंद्रभान आदिम पुष्पेंद्र गौतम आदि उपस्थित रहे।

## खास समाचार

# शाहगंज पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त को गिरफ्तार कर कब्जे से 01 किलो 450 ग्राम अवैध गांजा किया गया बरामद

**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व क्षेत्राधिकारी घोरावल के निकट पर्यवेक्षण/नेतृत्व में थाना पिपरी पुलिस द्वारा आज दिनांक 25.02.2025 को समय करीब 07.15 बजे मसोई नहर पुलिया थाना शाहगंज के पास से 01 नफर अभियुक्त राजेश पटेल उर्फ तूफानी पुत्र कन्हैया सिंह निवासी उमरी कला थाना शाहगंज जनपद सोनभद्र उम्र करीब 34 वर्ष को गिरफ्तार कर कब्जे से 01 किलो 450 ग्राम अवैध नाजायज गांजा बरामद कर थाना शाहगंज पर मु0अ0सं0-22/2025 धारा-8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त राजेश पटेल उर्फ तूफानी उपरोक्त को मा0 न्यायालय भेजा गया।

# दिव्यांग बच्चों की सर्वांगीण प्रगति व विकास के लिए अभिभावक के साथ कार्यक्रम का आयोजन

**अमन लेखनी समाचार**

गाजीपुर जिले के सादात बीआरसी पर सोमवार को दिव्यांग बच्चों के शैक्षिक प्रगति, सामाजिक एवं नैतिक विकास के लिए अविभावक परामर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अभिभावकों ने सक्रिय रूप से प्रतिभाग करते हुए आवश्यक सलाह दिया। इस दौरान विशेष शिक्षक के रूप में शालिनी कुशवाहा, गुंजन यादव, अखिलेश यादव व ओमप्रकाश ने दिव्यांगता के कारण, पहचान और निदान पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। दिव्यांग बच्चों की शिक्षा तथा दिव्यांगता संबंधी कानून के बारे में बताते हुए इनके शैक्षिक उन्नयन प्रत्येक तीन माह पर अविभावक परामर्श गोष्ठी आयोजित करने की जानकारी दी गई। इस दौरान काफी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

# साइबर क्राइम पुलिस थाना ने वापस कराये 07 लाख 17 हजार रुपये

**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र। अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा साइबर अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान तथा कालू सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्या0) सोनभद्र के दिशा-निर्देशन में थाना प्रभारी साइबर क्राइम पुलिस थाना जनपद सोनभद्र के कुशल नेतृत्व में थाना साइबर टीम के द्वारा आवेदिका प्रियंका सिंह पुत्री अमरनाथ सिंह निवासिनी टोला चेतवा ग्राम जरहा थाना बीजपुर के साथ किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा फ्राड कर के धनराशि को ट्रांसफर करा लिया गया था। जिसके क्रम में त्वरित कार्यवाही करते हुये बैंक से पत्राचार करके फ्राड हुई धनराशि को होल्ड कराकर निर्धारित प्रारुप में नोटिस देकर 07 लाख 17 हजार रुपये को आवेदिका के मूल खाते में सफलतापूर्वक वापस कराया गया। जिस पर आवेदिका द्वारा पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, अपर पुलिस अधीक्षक के साथ-साथ साइबर क्राइम पुलिस थाना के अधिकारी/कर्मचारीगण की भूरी-भूरी प्रशंसा की गयी।

# आदित्य बिड़ला इण्टरमीडिएट कालेज रेणुकूट में अनुजों ने दी अग्रजों को विदाई

**अमन लेखनी समाचार**



रेणुकूट। हिण्डाल्को द्वारा संचालित आदित्य बिड़ला इण्टरमीडिएट कॉलेज, रेणुकूट में कक्षा 11 के विद्यार्थियों द्वारा कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसका शुभारम्भ विद्यालय के प्रधानाचार्य दयानन्द शुक्ला ने वरिष्ठ शिक्षक अरुण कुमार पाण्डेय व हृदयानन्द ओझा के साथ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया। विद्यार्थियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर प्रधानाचार्य का स्वागत किया। कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने कक्षा 12 के विद्यार्थियों को तिलक लगाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में विद्यार्थियों द्वारा राम भजन, विभिन्न गीत, समूह नृत्य, सम्भाषण, कविता, विदाई गीत आदि का रंगारंग प्रस्तुतिकरण किया गया। जहाँ अग्रजों ने अपने अनुजों के साथ अपने अनुभवों को साझा किया और सदैव अग्रसर रहने की सलाह दी, वहीं अनुजों ने भी अपने अग्रजों की सलाह के अनुपालन का आश्वासन दिया। विद्यालय के शिक्षक डॉ. प्रियरंजन सिंह, जलज मालवीय, शिव नारायण सिंह, अमित दुबे व शिक्षिका प्रियांशु सिंह के साथ-साथ कक्षा 12 की छात्रा राशि रावत एवं कक्षा 11 की छात्रा मनीषा गौतम ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य दयानन्द शुक्ल ने बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिषत परीक्षाफल के लिए शुभकामनाएं व अपना आशीर्वाद देते हुए कहा कि कठिन परिश्रम करने वाले निष्चित रुप से सफल होते हैं अतः परिश्रम करें और आगे बढ़ें साथ ही अपने गुरूजनों के मार्गदर्शन को आत्मसात करते हुए अपने विद्यालय का नाम रोशन करें। छात्रा प्रीति यादव व छात्र आदित्य मिश्रा द्वारा संयुक्त रूप से संचालित इस कार्यक्रम में शिक्षक डॉ. बबलू कुमार भट्ट ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस आयोजन में समन्वयक सुधीर कुमार नायक, ब्रम्हानन्द राम त्रिपाठी, ब्रजेष कुमार शुक्ला, शिक्षक राकेश कुमार सिंह, सत्येन्द्र सिंह, संजय कुमार द्विवेदी, शशिकान्त, राजकुमार यादव, अषोक कुमार द्विवेदी, प्रदीप कुमार ओझा, सत्येन्द्र जैन, विकास कुमार चक्रवर्ती, शषांक वर्मा, वशिष्ठ राकेश कुमार, संगीत शिक्षिका ज्योति मिश्रा व पुष्पिता पाठक आदि के साथ विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों का सहयोग सराहनीय रहा।

# बाइक सवार युवक ट्रक की चपेट में आने से मौत

**अमन लेखनी समाचार**

गाजीपुर जिले के खानपुर थाना क्षेत्र के अनौनी मेहनाजपुर मार्ग पर मंगलवार दोपहर एक दुर्घटना में 32 वर्षीय युवक की मौत हो गई। जौनपुर के चंदवक थाना क्षेत्र के बलरामपुर गांव निवासी रविन्द्र यादव आजमगढ़ के मेहनाजपुर जा रहे थे। निठुरी मोड़ के पास एक बुजुर्ग को बचाने के प्रयास में उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। इसी दौरान पीछे से आ रही एक लोडेड ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। रविन्द्र की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन को कुछ दूर खड़ा कर फरार हो गया। खानपुर थाने की पुलिस ने शव और ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने मौके पर जमा भीड़ को हटाया और यातायात बहाल किया। मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। पुलिस परिवार के लोग उपस्थित में पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई शुरू कर दिया।

# मिशनशक्ति अभियान के तहत महिला सशक्तिकरण हेतु महिलाओं/ बालिकाओं को पुलिस द्वारा किया जागरुक

**समस्त महिला बीटों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों द्वारा ग्राम चौपाल का आयोजन कर महिलाओं की समस्याओं का निस्तारण किया जा रहा है।**

**महिलाओं को विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों, शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, महिला हेल्प डेस्क व डीजिटल अरेस्ट व कानूनी प्रावधानों की जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया है।**

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/ बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के तहत पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रान्तर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों/आरक्षियों द्वारा गांव, कस्बा, बस स्टैण्ड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/ बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद सोनभद्र में विभिन्न थानों पर नियुक्त महिला कांस्टेबल द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में, घरेलू हिंसा के बारे में, साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया जा रहा है।

# पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों की सुनी समस्याएं



**प्राप्त जन शिकायतों के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश।**

**इसी क्रम में जनपद के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों व थाना प्रभारियों द्वारा कार्यालय/थानों पर सुनी जा रही जन शिकायतें।**

**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र। प्रतिदिन की भांति की जा रही जनसुनवाई के क्रम में आज दिनांक-25.02.2025 को अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया गया। महोदय द्वारा सभी थाना प्रभारियों को सचेत किया गया कि जनसुनवाई/महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित/शिकायतकर्ता को अनावश्यक रूप से अपने थाने से पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो। साथ ही निर्देशित किया गया कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें। इसी क्रम में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारीगण व थाना प्रभारियों द्वारा कार्यालय/थाना पर जनसुनवाई करते हुए प्राप्त जन शिकायतों का त्वरित


**अमन लेखनी**

**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**



नन्हे बच्चों के हाथों में मोबाइल होने से वे बहुत कुछ ऐसा देख-सुन रहे हैं, जिससे उनके मन की सुकोमलता-मासूमियत खत्म हो रही है, बचपना छीज रहा है, वे समय से पहले परिपक्व हो रहे हैं। इस तरह बच्चों का स्वाभाविक नैसर्गिक विकास प्रभावित हो रहा है। ऐसे में बच्चों की परवरिश कैसे हो, अभिभावकों को यह समझना बहुत जरूरी है।

# गुम होती बचपन की मासूमियत

कवर स्टोरी

अंशु सिंह

जीवन के सबसे अनमोल पल होते हैं बचपन के। यह जिंदगी का सबसे खूबसूरत और मासूम समय होता है। तभी तो वयस्क होने पर भी हम अपने अंदर के बच्चे को जीवित रखना चाहते हैं, ताकि उसी आनंद का अनुभव कर सकें। लेकिन आज बच्चों का बचपना, उनकी मासूमियत कहीं गुम-सी हो गई है। उनकी सोच और बोल में सयानापन साफ झलकता है।

### बदल गया लालन-पालन का तरीका

हर पीढ़ी एक-दूसरे से भिन्न और आगे होती है। एक समय था, जब बड़े-बुजुर्ग छोटे बच्चों को खाना खिलाने के लिए उनके सामने थाली में चावल फैला दिया करते थे। बच्चा अपने तरीके से उसे खाने की कोशिश करता था। थाली के बाहर चावल बिखरे होते थे। वह उन्हें भी चुन-चुन कर खाने का प्रयास करता था। लेकिन आज ऐसा नहीं है। स्मार्टफोन के जमाने में दो से तीन वर्ष के बच्चों के हाथों में भी मोबाइल होता है, जिसे देखते हुए वे



खाना खाते हैं। इतना ही नहीं, खुद माताएं भी स्मार्टफोन में कार्टून या राइम्स लगाकर बच्चों को खाना खिलाती दिखाई दे जाती हैं। फिर चाहे वह घर हो या कोई रेस्तरां। नन्हे-नन्हे नाजुक हाथों में वजनदार मोबाइल फोन अब एक आम बात हो गई है। नतीजा यह हुआ है कि बहुत कम उम्र से बच्चों को मोबाइल फोन देखने की लत लग जाती है। इससे आगे चलकर उनका पूरा व्यक्तित्व प्रभावित होने लगता है।

### स्मार्टफोन ने बदला बच्चों का व्यवहार

छह वर्षीय अनिकेत की मां रोशनी को यह समझने में वक्त लगा कि मोबाइल पर वीडियो गेम्स, रील्स आदि की लत के कारण कैसे बेटे का व्यवहार भी क्षण-क्षण बदलता रहता था। जब वह किसी मोबाइल गेम में डूबा रहता था, तो किसी की नहीं सुनता था। पैरेंट्स की हिदायतों को अनसुना करना आम बात हो चुकी थी। परंतु जब वह किसी सामान्य गतिविधि में लिप्त रहता, खेल या ड्राइंग कर रहा होता, तो उसकी बातों और व्यवहार में मासूमियत होती थी। यानी कहीं न कहीं इंटरनेट और सोशल मीडिया से मिलने वाली गैर-जरूरी सूचनाएं, उसके मन-मस्तिष्क पर गहरा असर डाल रही थीं। उसकी बोली में कड़वाहट, गुस्सा और आक्रोश भर रहा था। सहनशक्ति क्या होती है, वह तो उसे मालूम ही नहीं था। रोशनी ने तय किया कि वह बेटे के सामने मोबाइल फोन नहीं देखेगी या कम से कम देखेगी, ताकि उसे कोई गलत संदेश न जाए।

### पैरेंट्स को देखकर बनती है आदत

हम सभी जानते हैं कि छोटे बच्चे का मन कच्ची मिट्टी-सा होता है। वे अपने बड़ों और पैरेंट्स को जो भी करते देखते हैं, वैसा ही खुद करने की कोशिश करते हैं। इन दिनों वयस्क किस तरह से मोबाइल फोन की गिरफ्त में हैं, यह सच किसी से छिपा नहीं है। किशोर उम्र बेटे के पिता और फिल्ममेकर अभिजीत सिन्हा कहते हैं, '2010 के आस-पास से बाजार में सस्ते स्मार्टफोन और सेललुर डाटा की उपलब्धता बढ़ती गई। घर-घर में स्मार्टफोन पहुंच गया, बड़ों के साथ बच्चों की दुनिया बदल गई। उनके आपसी रिश्ते बदल गए। संवाद कम हो गया। बच्चे जल्दी



बोर होने लगे और मोबाइल उनका साथी बन गया। ऐसा नहीं है कि उससे पहले बच्चों के पास मनोरंजन के कोई साधन नहीं थे। 80 के दशक में टीवी पर बच्चों को लेकर अनेक शो आते थे, जिनका वे बेसब्री से इंतजार भी करते थे। उन शोज का कंटेंट संस्कार देने वाले और ज्ञानवर्धक होता था। कार्यक्रम बच्चों की उम्र को ध्यान में रख कर तैयार किए जाते थे। उनमें हिंसा, वयस्क थीम की कोई जगह नहीं होती थी। आज इंटरनेट के जमाने में बच्चों के पास हर प्रकार की सामग्री पहुंच जा रही, जो उन पर गलत प्रभाव भी डालती है। वे संवेदनहीन हो रहे हैं।'

### शिक्षा जगत में बढ़ती प्रतिस्पर्धा छीन रहा बचपन

निजी स्कूल में अंग्रेजी की शिक्षिका अनाइवा की माने, तो छोटे बच्चों की मासूमियत गुम होने का एक और प्रमुख कारण है, शिक्षा जगत में बढ़ती प्रतिस्पर्धा। अंकों का दबाव। पहली-दूसरी कक्षा से ही एक प्रतिस्पर्धा सी शुरू हो जाती है। दूसरे बच्चों से तुलना की जाने लगती है। पैरेंट्स ही अपने बच्चों से सवाल करने लगते हैं कि क्लास के अमुक स्टूडेंट ने इतने अच्छे अंक लाए, तो आप क्यों नहीं ला सकते या सकतीं? बच्चों में परीक्षा का डर कुछ ऐसे भर दिया जाता है कि वह खेलना-कूदना या दोस्तों से मिलना-जुलना सब छोड़ देता है। इससे कम आयु में ही व्यक्तित्व में गंभीरता और सयानापन झलकने लगता है। एग्जाम की थोड़ी भी तैयारी कम हुई या टेस्ट में नंबर कम आएं, तो बच्चे इतने अधिक भावुक हो जाते हैं मानो आगे जीवन में करने को कुछ बचा ही न हो। यह सब अभिभावकों और पीयर ग्रुप के दबाव के कारण ही होता है। इससे उनका कोमल मन आहत होता है और वे कुछ कह भी नहीं पाते। मशहूर शायर निदा फाजली कहा करते थे, 'बच्चों के छोटे हाथों को चांद सितारे छूने दो, चार किताबें पढ़कर ये भी हम जैसे हो जाएंगे।'

### बच्चे को दें मन की करने की आजादी



डॉ.आरती आनंद
क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट



21वीं सदी में सब कुछ इतनी जल्दी-जल्दी हो रहा है कि बच्चे खुद ही खुद के अभिभावक बन गए हैं। जो जानकारी अभिभावकों से जाननी चाहिए, वे जानकारी एलेक्सा और सोशल मीडिया से आसानी से मिल जाती है। ऐसे में अभिभावकों की जिम्मेदारी है कि वे बच्चे को बच्चे ही रहने दें। असमय अनावश्यक अपेक्षाएं न पालें। उन्हें खेलने और अपने मन का करने की आजादी दें। अपनी महत्वाकांक्षाओं को कुछ समय किनारे रख, बच्चों के साथ प्यार से बातें करें, समय व्यतीत करें। आज ये सब नहीं हो पा रहा है। एकल परिवारों के पैरेंट्स के पास समय की कमी होती है। यही बच्चों के लिए बड़ी चुनौती बन जाती है और वे छोटी उम्र में बड़े हो जाते हैं।

---

# बढ़ते तलाक के इस दौर में दांपत्य को कैसे बचाए रखें

मैरिड लाइफ

नम्रता नदीम

'अपने दांपत्य को बचाए रखने के लिए मैं क्या कर सकती हूं?' शालिनी ने मैरिज काउंसलर से जानना चाहा। वह पैंतीस साल की है, दो बच्चों की मां है, एक बड़ी और नामी कंपनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत है। इस लिहाज से आत्मनिर्भर है। लेकिन अपने वैवाहिक भविष्य को लेकर चिंतित है। बदलते समाज की तस्वीर में जो एक बहुत चिंताजनक स्थिति है, वह यह है कि तलाक की दर में उन समुदायों में भी निरंतर वृद्धि हो रही है, जिनमें विवाह समझौता (कांट्रैक्ट) नहीं बल्कि ऐसा संस्कार है, जो जन्मों तक कायम रहती है यानी धार्मिक दृष्टि से अटूट है। भले ही विधि ने कुछ शर्तों के साथ तलाक की अनुमति दे रखी है। हालांकि शालिनी की उसी व्यक्ति से शादी हुई है, जिससे वह प्यार करती थी, लेकिन संबंध कब नई करवट ले ले, आज के दौर में कुछ नहीं कहा जा सकता है। इसलिए शालिनी की चिंता को समझा जा सकता है। अच्छी बात यह है कि शालिनी अपनी शादी को बचाए रखना चाहती है, इसके लिए प्रयासरत है।



### जरूरी है समस्या पर करें बात

गौरतलब है कि आत्मीय संबंधों में चिंताओं या समस्याओं पर वार्ता करना आज भी अच्छा नहीं समझा जाता है, लोग संकोच करते हैं या कहें उन्हें इस बात का डर रहता है कि कहीं विवाद और न बढ़ जाए। नतीजतन, जो लोग थोड़ी-सी बातचीत से अपने संबंध सुधार सकते हैं, वे जबरन खामोशी के कारण दुखी, परेशान और तनावग्रस्त रहते हैं। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि जब दो व्यक्तियों में आपस में प्यार होता है तो वह बराबरी के पायदान पर होते हैं। ऐसे में दोनों पार्टनर तय कर सकते हैं कि वह किस तरह से एक-दूसरे को देखें-समझें और व्यवहार करें। दोनों ही अपने संबंध को मिलकर सींचते हैं। यह बहुत जरूरी होता है। अनेक संबंध इसलिए खटाई में पड़ जाते हैं कि एक व्यक्ति को उस तरह से समझा या व्यवहार नहीं किया जाता, जिस तरह से वह चाहता है। ऊपर हम जिस शालिनी की बात कर रहे हैं, उसने यह सब कुछ देखा है। कॉलेज के दिनों में उसका एक दोस्त था, जो उसकी परवाह नहीं करता था। लेकिन शालिनी इस संबंध में इतने लंबे समय तक फंसी रही कि अन्य प्यार भरे विकल्पों को उसने तलाश ही नहीं किया।

### संबंध बचाए रखने के तीन आसान रास्ते

विवाह या दांपत्य संबंध को बचाए रखने के लिए तीन बहुत ही आसान रास्ते हैं। अकसर नुकसान लापरवाही से होता है बजाय जान-बूझकर की गई क्रूरता से। इसलिए तीन बातों का ध्यान रखें।

**जीवनसाथी को उच्च वरीयता प्रदान करें:** पहली बात, अपने जीवनसाथी को उच्च वरीयता प्रदान करें। याद करें, आप जब अपनी शादी के शुरुआती दिनों में अपने पति के फोन में 'फेवर्ड' सूची सबसे पहले देखा करती थीं, आपको एक सुख की अनुभूति होती थी कि ऐसी लिस्ट में आपका नाम सबसे पहला होता था। फोन लिस्ट लगभग बेवकूफी का पैमाना प्रतीत हो सकती है, लेकिन अगर आप दोनों अलग-अलग तरह से एक-दूसरे की वरीयता सूची को टॉप पर नहीं रखेंगे, तो इससे एक प्रकार का असंतुलन दिखेगा जो मधुर संबंध के लिए सही नहीं है।

**ध्यान देकर सुनें:** दूसरा रास्ता है ध्यान दें। जब एक ही पार्टनर ध्यान दे रहा हो तो क्या अनकही बातों को सुना जा सकता है, नहीं। इसलिए सुनें। तारीफ करने के लिए समय निकालें। इससे दोनों पार्टनर खुश रहते हैं।

**एक-दूसरे को स्पेस दें:** तीसरा और अंतिम रास्ता है कि एक-दूसरे को स्पेस दें। यह हो सकता है कि पार्टनर अब उतना अधिक चिंतित न होता हो, जितना आपकी शुरुआती मुलाकातों में हुआ करता था। इस नई स्थिति में आपकी प्रतिक्रिया बेचैनी या गुस्से वाली नहीं होनी चाहिए बल्कि हालात में, बातचीत में और समझौतों में भावुकता होनी चाहिए। इसका अर्थ होता है कि आप अपने पार्टनर को अच्छी तरह से समझती हैं। यानी, दांपत्य को प्रगाढ़ बनाने के लिए आप दोनों का साझा प्रयास जरूरी है।

---

# घर पर ही करें पेडीक्योर पैर दिखेंगे सॉफ्ट-अट्रैक्टिव

स्किन केयर

नीलोफर

अपने चेहरे को सुंदर बनाए रखने के लिए तो हम कई तरह की चीजों का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन कई बार अपनी कोहनियों, घुटनों, पैरों की सुंदरता को नजरअंदाज कर देते हैं। जबकि हमारे ओवरऑल लुक में सिर से पैर तक सभी का महत्व होता है। अगर पैरों की देख-भाल के प्रति जरा भी लापरवाही बरतेंगी तो ये भद्दे, रूखे और अनाकर्षक लगते हैं।

**करें प्रॉपर केयर:** शरीर के हर अंग की सफाई के साथ-साथ पैरों की त्वचा की देखभाल भी बहुत जरूरी है। पैरों की फटी एड़ियां, गंदे नाखून, जगह-जगह से कटे हुए नाखून पैरों के प्रति हमारी लापरवाही को प्रदर्शित करती है, जिसका हमारे व्यक्तित्व पर बुरा असर होता है। हाथों और पैरों की सुंदरता के लिए सैलून जाकर ज्यादा पैसे खर्च करने की बजाय आप घर पर ही मेनीक्योर और पेडीक्योर कर सकती हैं।



**रिमूव करें नेल पॉलिश:** पेडीक्योर करने के लिए सबसे पहले नाखूनों को अच्छी तरह काट लें और इन पर लगी हुई नेल पॉलिश को, नेलपॉलिश रिमूवर से साफ कर लें। इसके बाद इस पर फुट क्रीम लगाएं।

**मसाज:** पैरों की साफ-सफाई के बाद उसकी त्वचा को चमकीला बनाने के लिए मॉयश्चराइजर लेकर पैरों पर हल्की मसाज करें। इसके लिए आप इलेक्ट्रिक फुट मसाजर का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। पैरों की मसाज के बाद इसकी चिकनाहट को किसी कॉटन से साफ कर लें।

**डेड स्किन हटाएं:** नेल पॉलिश रिमूव करने के बाद पैरों को पानी में भिगोएं। गुनगुने पानी में थोड़ा सा नमक डालकर उसमें थोड़ा शैंपू मिलाएं और कम से कम 10 मिनट पैरों को उसमें भिगोएं। ऐसा करने से नाखूनों के आस-पास की त्वचा नरम हो जाती है। अब पैरों को बाहर निकालकर पोंछ लें और इन्हें अच्छी तरह रगड़कर साफ करें। इससे डेड स्किन निकल जाती है।

**नेल्स ट्रिमिंग:** अपने नेल्स को अगर आप लंबे रखना चाहती हैं तो उनकी अच्छे से ट्रिमिंग करें। फुट फाइलर की मदद से नाखूनों के किनारों को साफ करें और प्यूमिक स्टोन से अपनी एड़ियों को रगड़कर साफ करें, जिससे डेड स्किन की सफाई हो सके।

**नेल पॉलिश लगाएं:** पेडीक्योर करने के बाद नाखूनों पर नेल पॉलिश लगाने से पहले एक बेस कोट लगाएं। इसके सूखने के बाद अपनी मनपसंद कलर की नेल पॉलिश लगाएं। जब पहला कोट सूख जाए, तब दूसरा कोट लगाएं। जब दूसरा कोट सूख जाए, उसके बाद नेल पॉलिश को कवरेज देने के लिए एक हल्का कोट लगाएं और इसे भी अच्छी तरह सूखने दें।

---

महिलाओं में पीसीओडी समस्या हार्मोनल डिसऑर्डर की वजह से होती है। ऐसा किन वजहों से होता है, पीसीओडी के मुख्य लक्षण क्या हैं, इससे बचाव और उपचार के तरीके के बारे में यहां डिटेल में बता रहे हैं।

# अनहेल्दी लाइफस्टाइल से बढ़ती है पीसीओडी की प्रॉब्लम

मेडिकल एडवाइस

डॉ. श्वेता मेंदिरत्ता
एचओडी-ऑब्स्टेट्रिक्स, गायनेकोलॉजी
मैरिंगो एशिया अस्पताल, एनसीआर

पीसीओडी की प्रॉब्लम को पॉलीसिस्टिक ओवरी डिसऑर्डर कहते हैं। यह एक हार्मोनल डिसऑर्डर है। यह प्रॉब्लम 15 से 45 साल की उम्र तक की महिलाओं में किसी भी उम्र में हो सकती है। लेकिन जब प्यूबर्टी के बाद मेनार्की स्टेज यानी जब उन्हें पीरियड्स शुरू होते हैं, उस समय ज्यादा देखने को मिलता है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार भारत में तकरीबन 20-25 प्रतिशत महिलाओं को पीसीओडी की प्रॉब्लम है।

**कैसे होती है यह प्रॉब्लम:** जब महिलाओं के शरीर में हार्मोन असंतुलित हो जाते हैं तो पीसीओडी की प्रॉब्लम देखने को मिलती है। कहने का मतलब है कि उनके शरीर में फीमेल हार्मोंस एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरोन के बजाय मेल हार्मोंस टेस्टोस्टेरोन और एंड्रोजन का लेवल बढ़ जाता है। इससे उनकी ओवरी से हर महीने रिलीज होने वाले अंडे की प्रक्रिया गड़बड़ा जाती है। पूरी तरह मैच्योर न होने के कारण अंडे का ओवोल्यूशन नहीं हो पाता। इससे महिला का पीरियड साइकल अनियमित हो जाता है। अपरिपक्व अंडे ओवरी में छोटे-छोटे सिस्ट के रूप में बदल जाते हैं, जिसकी वजह से महिला को कई तरह की प्रॉब्लम्स फेस करनी पड़ती हैं।



**पीसीओडी के प्रमुख लक्षण:** पीसीओडी को आप कुछ लक्षणों से पहचान सकती हैं, जैसे- पीरियड्स समय पर न आना, चेहरे पर अनचाहे बाल आना, सिर के बाल झड़ना, पिंपल्स होना, वजन बढ़ना और मूड स्विंग होना। आगे चलकर महिला में एनोव्यूलेशन की प्रॉब्लम हो सकती है, जिससे गर्भधारण में समस्या या इंफर्टिलिटी का खतरा भी हो सकता है। यहां बताए गए लक्षण दिखने पर आपको जल्द से जल्द स्त्री रोग विशेषज्ञ से संपर्क करना चाहिए।

**पीसीओडी होने के कारण:**

- अनियमित दिनचर्या, समय पर खाना न खाना, देर से सोना।
- रेग्युलर एक्सरसाइज न करना।
- जंक फूड या प्रोसेस्ड फूड, ऑयली डाइट का ज्यादा सेवन।
- रूटीन लाइफ में स्ट्रेस में रहना।

**ऐसे होता है डायग्नोज:** आमतौर पर महिला के फिजिकल चेकअप से ही डॉक्टर पीसीओडी को डायग्नोज कर लेते हैं। ओवरी सिस्ट की जांच के लिए अल्ट्रासाउंड और हार्मोन लेवल का पता लगाने के लिए ब्लड टेस्ट किए जाते हैं।



**ट्रीटमेंट का तरीका:** पीसीओडी की समस्या को बढ़ने से रोकने के लिए मुख्य रूप से प्रिवेंटिव केयर स्ट्रेटजी यानी लाइफस्टाइल में बदलाव पर जोर दिया जाता है। महिला को सख्ती से हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाने, संतुलित-पोषक आहार का सेवन करने और वजन कंट्रोल करने की हिदायत दी जाती है। मरीज की स्थिति के हिसाब से नॉन-हार्मोनल दवाइयां दी जाती हैं, सुधार न आने पर हार्मोनल दवाइयों का कोर्स भी दिया जाता है।

**बचाव है संभव:** इन बातों पर करें अमल-

- पौष्टिक तत्वों से भरपूर संतुलित और सुपाचय आहार लें, जिसमें कार्बोहाइड्रेट और वसा के अलावा पर्याप्त मात्रा में फाइबर, विटामिंस और प्रोटीन हो।
- रिफाइंड खाद्य पदार्थ, कोल्ड ड्रिंक, पैक्ड जूस जैसी हाई शुगर ड्रिंक्स, ऑयली, प्रोसेस्ड और जंक फूड को खाने से बचें।
- फल, सब्जियां, दालें, अंकुरित अनाज, डेयरी प्रोडक्ट्स, मल्टीग्रेन और सूखे मेवों को आहार में शामिल करें।

प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा

---

आजकल लोग घूमने के लिए एकसाथ ग्रुप टूर पर भी निकलते हैं। इस तरह की जर्नी के पीछे यही उद्देश्य होता है, रुटीन बिजी लाइफ से अलग थोड़ा एंज्वॉयमेंट हो जाए, एक ताजगी महसूस हो। आपका ग्रुप टूर सुहाना रहे, यादगार बने, इसके लिए जरूरी है आप कुछ बातों का विशेष ध्यान रखें।

# ग्रुप टूर के दौरान याद रखें कुछ एटिकेट्स

सजेशन

पूर्ति खरे



यात्राएं हमें नए अनुभव, ज्ञान और आनंद प्रदान कराती हैं। चूंकि यात्राएं हमें तरोताजा कर देती हैं, रोजमर्रा के कामों से बोर हो रही जिंदगी में उत्साह-उमंग पैदा करती हैं, इसलिए समय-समय पर हमें यात्राएं करते रहना चाहिए, चाहे परिवार के साथ या परिचितों के साथ ग्रुप में। लेकिन किसी भी तरह की यात्रा के दौरान खासतौर से ग्रुप टूर में हमें कुछ एटिकेट्स यानी शिष्टाचार का पालन जरूर करना चाहिए। यदि हम सफर के दौरान नीचे बताए गए कुछ बातों का ध्यान रखेंगे तो हम अपना ही नहीं, अपने साथी यात्रियों का सफर भी सुहाना बना देंगे। यदि आप भी अपने रिश्तेदारों, पड़ोसियों या दोस्तों के साथ टूर की तैयारी कर रही हैं तो इस दौरान कुछ बातों का विशेष ध्यान रखें-

**घर जैसा व्यवहार न करें:** जब हम ग्रुप में लंबी जर्नी कर रहे होते हैं, तो जगह-जगह होटल, धर्मशाला या लॉज में रुकते हैं। याद रखें, साथ रुकने वाले लोग आपके घर के सदस्य नहीं हैं, इसलिए इनके साथ एकदम घर जैसा व्यवहार करने से बचना चाहिए। हमें दूसरों के साथ प्रेम और सम्मान से पेश आना चाहिए। सामान्य शिष्टाचार का पालन करना चाहिए। दूसरों के साथ कमरा साझा करने से पहले उनकी अनुमति जरूर ले लेनी चाहिए।



**साफ-सफाई का ख्याल रखें:** ग्रुप टूर के दौरान हमें अपने आस-पास की साफ-सफाई का पूरा ध्यान रखना चाहिए। हमें कूड़ा-कचरा सही जगह पर फेंकना चाहिए, दूसरों के साथ कोई खाने की चीज साझा करने से पहले अपने हाथ जरूर धो लेने चाहिए।

**दूसरों का सम्मान करें:** कभी-कभी ग्रुप टूर के दौरान हमारे साथ दूसरी संस्कृति, परंपरा और भाषा के लोग होते हैं। हमें सबसे प्रेम से पेश आना चाहिए, उनका सम्मान करना चाहिए। हमें दूसरों के साथ बातचीत करते हुए उनकी जरूरतों को पूरा करने का भी हर संभव प्रयास करना चाहिए।

**खान-पान का ध्यान रखें:** यात्रा के दौरान हमें अपने खान-पान का ध्यान रखना चाहिए। हमें स्वच्छ-स्वस्थ भोजन करना चाहिए। दूसरों के साथ भोजन साझा करने से पहले यह जान लेना चाहिए कि वे ऐसा चाहते भी हैं या नहीं? हमें साथ में खाना खाते समय शिष्टता का पूरा ध्यान रखना चाहिए। अकेले में खामोशी से नहीं, एक-दूसरे से बातचीत करते हुए लंच या डिनर करना चाहिए।

**अपने सामान का खुद रखें ध्यान:** ग्रुप टूर के समय साथ में बहुत से लोग होते हैं, ऐसे में हमें अपने सामान का ध्यान रखना चाहिए, उसे सुरक्षित रखना चाहिए। साथ ही हमें दूसरे जगह पर निकलने से पहले अपने सामान को सही तरीके से पैक करना चाहिए। यात्रा के दौरान साथी यात्रियों का भी ध्यान रखना चाहिए।

**किसी भी सहयात्री को न हो परेशानी:** ग्रुप टूर करते समय इस बात का विशेष ध्यान रखें कि आपके कारण किसी को कोई तकलीफ-परेशानी नहीं हो। आप शिष्टाचार का पालन करके, सबके साथ अपना स्नेह-प्रेम भरा व्यवहार करके अपनी जर्नी को सुखद और यादगार बना सकती हैं। यात्रा के दौरान हमें अपने अनुभवों को साझा करना चाहिए, दूसरों के साथ अच्छे रिश्ते बनाने का प्रयास करना चाहिए। इससे आपकी यात्रा मीठी यादों से भर उठेगी।